Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

Established 1865
# पायनियर
रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
www.dailypioneer.com

RNI NO. CHHHIN/2016/70655
वर्ष-09, अंक-194
रायपुर, गुरुवार 06 मार्च 2025
पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 3.00

# मंत्री रामविचार नेताम ने रचा षड्यंत्र : पैकरा

## 10 वर्षों तक नेताम की पत्नी और 5 वर्षों तक उनकी पुत्री अध्यक्ष रहीं, लेकिन जिले में कुछ भी काम नहीं हुआ

पायनियर संवाददाता < बलरामपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ में हाल ही में संपन्न हुए नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव के बाद भाजपा में आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। पार्टी के सीनियर नेता और कार्यकर्ताओं द्वारा सरकार में बैठे अपने ही नेताओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कार्यकर्ताओं ने अपनी दल के सरकार और मंत्रियों पर सत्ता के दुरूपयोग का आरोप लगाना शुरू कर दिया है। ताजा मामला बलरामपुर से निकलकर सामने आया है। जहां पर पूर्व विधायक संसदीय सचिव सिद्धनाथ पैकरा ने कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम पर गंभीर आरोप लगाए है। पैकरा ने मीडिया के सामने सार्वजनिक मंच पर मंत्री नेताम पर कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और षड़यंत्र का आरोप लगाया है। दरअसल पूर्व संसदीय सचिव रहे सिद्धनाथ पैकरा को जिला पंचायत बलरामपुर के अध्यक्ष पद चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। जिसके बाद उन्होंने मंत्री नेताम को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि हमारे हार के पीछे राम विचार नेताम के द्वारा पूरा षड्यंत्र रचा गया है। उन्होंने कहा कि जिले के लोग चाहते थे कि अनुभवी नेता को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी जाए, लेकिन ऐसा नहीं हो सका यह बड़े दुर्भाग्य की बात है। सिद्धनाथ पैकरा ने मीडिया के समक्ष अपनी और पार्टी कार्यकर्ताओं की पीड़ा जाहिर करते हुए कहा कि राम विचार नेताम की पत्नी 10 वर्षों तक जिला पंचायत अध्यक्ष रही उसके बाद उनकी पुत्री 5 वर्षों तक अध्यक्ष रही, लेकिन जिले में कुछ भी काम नहीं हुआ। यह बड़े अफसोस की बात है। पैकरा ने कहा मैं सदस्य के रूप में हूं मैं अपना कार्य करते रहूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि रामविचार नेताम जब सत्ता से बाहर रहते हैं तो एकजुटता का परिचय देते हैं। लेकिन सत्ता में आने के बाद अपने ही लोगों को किनारे करने में लग जाते हैं। पैकरा के इस बयान के बाद भाजपा के अंदर ही अंदर चल रहे विरोध के स्वर बाहर आना शुरू हो गए है। दरअसल भाजपा के सीनियर नेता सिद्धनाथ पैकरा और कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम के बीच चल रहे राजनीतिक अदावत का वीडियो इन दिनों चर्चा का विषय बना है। साथ ही स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में भी दो फाड़ हो गया है। जिसका खामियाजा आने वाले दिनों में पार्टी को उठाना पड़ सकता है।

### हिरामुनी निकुंज अध्यक्ष एवं धीरज सिंहदेव उपाध्यक्ष निर्वाचित

**बलरामपुर।** अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ नयनतारा सिंह तोमर एवं अपर कलेक्टर आर.एस.लाल की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। हिरामुनी निकुंज अध्यक्ष एवं धीरज सिंहदेव निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। इस दौरान अपर कलेक्टर आर.एस.लाल के द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। गौरतलब है कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव संपन्न होने के बाद जिला पंचायत के अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के सीनियर नेता पूर्व संसदीय सचिव रहे सिद्धनाथ पैकरा एवं हीरामुनी निकुंज दोनों भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अपना-अपना भाग्य आजमा रहे थे। जिसमें सिद्धनाथ पैकरा को 05 मत मिले, तो वही हीरामुनी निकुंज को कुल 09 मत प्राप्त हुए। इस तरह कुल 04 मतों से हीरामुनी निकुंज विजयी हुई। वहीं उपाध्यक्ष पद पर धीरज सिंह देव निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव संपन्न होने के बाद रामानुजगंज विधानसभा के विधायक एवं कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के राम विचार नेताम ने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई देते हुए जिले में बेहतर काम करने की बात कही। तो वही दूसरे खेमे के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने कैबिनेट रामविचार नेताम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।



## क्विक न्यूज़

### अविनाश मिश्रा बने धमतरी कलेक्टर रायपुर निगम कमिश्नर होंगे विश्वदीप



**रायपुर।** राज्य सरकार ने प्रशासनिक फेरबदल करते हुए रायपुर कमिश्नर अविनाश मिश्रा को धमतरी का कलेक्टर बनाया है। वहीं विश्वदीप को उनकी जगह पर रायपुर नगर निगम कमिश्नर बनाया गया है। इसके साथ ही कुमार बिश्वरंजन को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, रायपुर के पद पर पदस्थ किया गया है। अभिजीत सिंह, भा.प्र.से. (2012) को दुर्ग जिला का कलेक्टर बनाया गया है। रेना जमील, भा.प्र.से. (2019), उप सचिव, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ सचिव, लोक सेवा आयोग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### चंद्रबाबू नायडु की सीतारमण से भेंट



**नयी दिल्ली।** आंध प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडु ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भेंट की। वित्त मंत्री के कार्यालय ने एक्स पर यह जानकारी दी। इस दौरान नायडु के साथ सीतारमण के राज्य के विकास और जारी परियोजनाओं पर चर्चा करने की संभावना है।

### अमेरिकी टैरिफ में राहत दिये जाने के संकेत से बाजार गुलजार

**मुंबई।** अमेरिकी टैरिफ में राहत दिये जाने के संकेत के बीच चीन की जवाब कार्रवाई में प्रोत्साहिन पैकेज की घोषणा से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली से शेयर बाजार गुलजार रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 740.30 अंक अर्थात 1.01 प्रतिशत की छलांग लगाकर 73 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 73,730.23 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 254.65 अंक यानी 1.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 22,337.30 अंक पर बंद हुआ। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई।

# सोने की तस्करी करते पकड़ी गई डीजीपी की बेटी, 14 किलो सोना जब्त

एजेंसी < बेंगलुरु
www.dailypioneer.com



दक्षिण भारतीय फिल्म अभिनेत्री रान्या राव को सोने की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जानकारी अनुसार अभिनेत्री पुलिस महानिदेशक रामचंद्र राव की बेटी हैं। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अडडे (केआईए) पर सोने की तस्करी के आरोप में उन्हें गिरफ्तार किया। अभिनेत्री के ऊपर 14.8 किलोग्राम सोना रखने का आरोप था। उन्हें मंगलवार शाम जज के सामने पेश किया गया, जिसके बाद अभिनेत्री को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। यह आदेश वित्तीय अपराधों के लिए एक स्पेशल कोर्ट के जज ने जारी किया। न्यायिक हिरासत में लिए जाने से पहले अभिनेत्री का बॉरिंग अस्पताल में मेडिकल परीक्षण हुआ। अधिकारियों के अनुसार, रान्या ने दावा किया कि वह बिजनेस के लिए दुबई जा रही थीं। डीआरआई ने पाया कि वह पिछले 15 दिनों में चार बार दुबई की यात्रा कर चुकी है, जिसके बाद एजेंसी ने उनकी गतिविधियों पर नजर रखना शुरू कर दिया। इस खुफिया जानकारी के आधार पर डीआरआई अधिकारी 3 मार्च को रान्या के आने से दो घंटे पहले एयरपोर्ट पर पहुंच गए। वह दुबई से एमिरेट्स की फ्लाइट से आई थीं और सोमवार शाम करीब 7 बजे उन्हें बेंगलुरु एयरपोर्ट पर हिरासत में ले लिया गया। अभिनेत्री रान्या राव मशहूर एक्टर सुदीप के साथ फिल्म 'मानिक्या' (2014) में काम कर चुकी हैं। रान्या को लेकर सामने आई इस खबर से फिल्म इंडस्ट्री में भी खलबली मच गई है। साउथ फिल्म इंडस्ट्री में भी इस मामले की चर्चा जोरों पर है। बहरहाल मामले की जांच की जा रही है।

# छत्तीसगढ़ दौरे पर पीएम मोदी, बिलासपुर में करेंगे भूमिपूजन-लोकार्पण

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को छत्तीसगढ़ दौरे पर आ सकते हैं। इस दौरान वे बिलासपुर में विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम राज्य के विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं के शुभारंभ और नींव रखने से संबंधित है। इस दौरान पीएम मोदी कई विकास योजनाओं का शुभारंभ कर सकते हैं। प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर राज्य सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बुधवार को इस संबंध में एक उच्चस्तरीय बैठक की, जिसमें उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, मंत्री ओपी चौधरी, श्याम बिहारी जायसवाल, केदार कश्यप, धरमलाल कौशिक, सुशांत शुक्ला, धर्मजीत सिंह सहित बिलासपुर रेंज के आईजी संजीव शुक्ला और एसपी रजनीश सिंह मौजूद थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बैठक में प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर सभी आवश्यक तैयारियों को लेकर चर्चा की।

# ट्रम्प ने उच्च टैरिफ को लेकर भारत पर निशाना साधा, दो अप्रैल से पारस्परिक टैरिफ लगाने की घोषणा

वार्ता < वाशिंगटन
www.dailypioneer.com



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारतीय टैरिफ व्यवस्था पर निशाना साधते हुए कहा है कि भारत अमेरिकी ऑटो टैरिफ पर 100 प्रतिशत से अधिक शुल्क लगाता है। ट्रम्प ने इसे अनुचित करार दिया और कहा कि दो अप्रैल से पारस्परिक टैरिफ लागू होंगे। गौरतब है कि ट्रंप ने पिछले महीने व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात के दौरान और राष्ट्रपति पद के शपथ ग्रहण के बाद उनके फोन कॉल के दौरान उच्च भारतीय टैरिफ का मुद्दा उठाया था। ट्रम्प ने कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत,चीन और यूरोपीय संघ के साथ उन देशों में शामिल है, जो अमेरिकी उत्पादों पर 'काफी अधिक टैरिफ' लगाते हैं। उन्होंने कहा, 'यदि आप अपना उत्पाद अमेरिका में नहीं बनाते हैं, तो आपको टैरिफका भुगतान करना होगा, और कुछ मामलों में बहुत अधिक टैरिफका भुगतान करना पड़ेगा। उन्होंने कहा,'कई देशों ने दशकों से हमारे खिलाफ टैरिफ का इस्तेमाल किया है, और अब उन देशों के खिलाफ इसका (टैरिफ) का उपयोग शुरू करने की हमारी बारी है। हमारी तुलना में यूरोपीय संघ, चीन, ब्राजील, भारत, मैक्सिको और कनाडा और कई अन्य देश हमसे बहुत अधिक टैरिफ वसूलते हैं। ' उन्होंने कहा,'यह बहुत अनुचित है। भारत अमेरिका से 100 प्रतिशत से अधिक ऑटो टैरिफवसूलता है।

# 56 करोड़ की जमीन 9 करोड़ में दी, भाजपा सदस्य के सवाल पर घिरे राजस्व मंत्री




पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

बुधवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान भाजपा सदस्य धरमलाल कौशिक ने अमलीडीह में सरकारी जमीन आवंटन का मुद्दा उठाया। मामले पर जवाब देते हुए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जमीन आवंटन से इंकार किया। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा- जमीन अब भी शासन के नाम पर दर्ज है। राजस्व मंत्री से मिले जवाब पर भाजपा सदस्य धरमलाल कौशिक ने कहा लिखित और मौखिक जवाब में विरोधाभाष है। कौशिक ने 56 करोड़ की जमीन 9 करोड़ में देने पर आपत्ति जताई। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जवाब देते हुए कहा नियमों के तहत जमीन का आवंटन हुआ है। मंत्री के जवाब पर कौशिक ने कहा कि मंत्री सदन में गलत जानकारी दे रहे हैं। कौशिक ने इस मामले पर दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। कौशिक के सवाल पर राजस्व मंत्री ने कहा कि किसी भी बिल्डर को जमीन आवंटित नहीं की गई है। भाजपा सदस्य धरमलाल कौशिक के सवाल पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा घिरते नजर आए।

### अधिकारी ने अपनी पत्नी और परिजनों के नाम पर केज कल्चर की सब्सिडी ली स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने जल्द से जल्द जांच कराने की घोषणा





**रायपुर।** बालोद के पूर्व सहायक संचालक (मत्स्य पालन) आरके बंजारे ने अपनी पत्नी और परिजनों के नाम पर केज कल्चर की आबंटन में गड़बड़ी करने के मामले में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने स्पीकर डॉ रमन सिंह के निर्देश पर विधानसभा में जल्द से जल्द जांच कराने की घोषणा की। प्रश्नकाल में कांग्रेस सदस्य संगीता सिन्हा ने बालोद जिले में बिना सत्यापन के मुआवजा भुगतान का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि जिले के एक अधिकारी ने अपनी पत्नी और परिजनों के नाम पर केज कल्चर की सब्सिडी ली है। इसकी दस्तावेज के साथ शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई। इसमें, 6 करोड़ का गबन किया गया था। और लिखित उत्तर में अधिकारी गुमराह कर रहे हैं। संगीता ने अफसर पर एफआईआर, और राशि की वसूली को लेकर मंत्री से जवाब मांगा। मुख्यमंत्री की जगह जवाब दे रहे स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने पहले ऐसी किसी शिकायत से इंकार किया फिर बाद में कहा कि शिकायत सही है तत्कालीन सहायक संचालक ने, 19.20 लाख की सब्सिडी का भुगतान परिजनों के नाम पर ले लिया था और वो रिटायर हो चुके हैं। उन्हें 3 मार्च को आरोप पत्र दिया गया है जवाब मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। संगीता ने कहा कि घोटाला साबित हो गया है, तुरंत एफआईआर कराएंगे? भाजपा सदस्य अजय चंद्राकर, धर्मजीत सिंह ने कहा कि आरोप पत्र के लिए रिटायर होने का इंतजार किया गया था या रिटायर होने पर आरोप पत्र देकर कार्रवाई ढिली करने की योजना है? मंत्री जायसवाल ने कहा कि यह शिकायत कुंवर सिंह निषाद ने 1-6-24 को की थी। इस पर जांच 4-6-24 को बिठाई गई। उप संचालक रायपुर ने जांच कर प्रतिवेदन दिया और उस आधार पर आरोप पत्र दिया गया है। यह गड़बड़ी 6 करोड़ नहीं 19.20 लाख रूपए की है। कुंवर सिंह निषाद ने कहा कि ऐसे ही एक प्रकरण में राजनांदगांव के सहायक संचालक पर कार्रवाई कर दी गई और यहां भेदभाव? इन सहायक संचालक आर के बंजारे ने 192 केज कल्चर के सब्सिडी में गड़बड़ी की है। उसने अपनी पत्नी विद्या बंजारे, पुत्र मनीष बंजारे परम जीत सिंह, उर्वशी और आधा दर्जन अन्य के नाम से 3.65 करोड़ रूपए ले लिए और वह खुद फिशरीज पांडे चला रहा है। 3 वर्ष से लीज राशि नहीं पटाया। संगीता सिन्हा ने कहा कि एफआईआर कर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस पर स्पीकर डॉ रमन सिंह ने मंत्री से कहा कि मामले में काफी तथ्य आ गए हैं। निष्पक्ष और पूरी जांच कर जाएं। जिस पर मंत्री ने कहा कि जल्द से जल्द जांच करेंगे।

# केदारनाथ और हेमकुंड साहिब तक रोपवे के निर्माण को मंजूरी

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



सरकार ने पर्वतमाला परियोजना के अंतर्गत उत्तराखंड में स्थिति तीर्थ स्थल बाबा केदारनाथ तथा सिखों के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल हेमकुंड साहिब के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को रोपवे की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कुल 6811 करोड रुपए की लागत की दो परियोजनाओं के निर्माण को आज मंजूरी प्रदान की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की हुई बैठक में इन दोनों परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी। रेल, सूचना प्रसारण, इलैक्टॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि इन परियोजनाओं पर डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और स्थानांतरण-डीबीएफओटी मोड पर काम कराया जाएगा जिन्हें चार से छह वर्ष के भीतर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों रोपवे परियोजनाओं को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधीन कंपनी राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन लिमिटेड द्वारा बनाया जाएगा वैष्णव बताया कि उत्तराखंड में सोनप्रयाग से केदारनाथ 12.9 किलोमीटर लम्बी रोपवे परियोजना के निर्माण पर 4081.28 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। रोपवे को सार्वजनिक-निजी भागीदारी में विकसित करने की योजना है और यह परियोजना सबसे उन्नत ट्राई-केबल डिटेचेबल गोंडोला-3एस तकनीक पर आधारित होगा जिसकी डिजाइन क्षमता 1800 यात्री प्रति घंटे प्रति दिशा होगी,जो प्रति दिन 18 हजार यात्रियों को लाने ले जाने में सक्षम होगी। एक गोंडोला मिनी बस के समान होगा जिसमें एक बार में 36 यात्री सवारी कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि रोपवे निर्माण से केदारनाथ की यात्रा गौरीकुंड से 16 किलोमीटर की चढ़ाई में लगने वाला 8 से 9 घंटे की अवधि घटकर महज 36 मिनट रह जाएगी।

## 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण के अनुरूप है

# तेजस में जीवन रक्षक प्रणाली का अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सफल परीक्षण

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की एक प्रयोगशाला ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस के लिए देश में ही विकसित ऑन-बोर्ड ऑक्सीजन जनरेटिंग सिस्टम (ओबीओजीएस) आधारित जीवन रक्षक प्रणाली का अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सफल परीक्षण किया है। यह एक अत्याधुनिक प्रणाली है जिसे उड़ान के दौरान पायलटों के लिए सांस लेने योग्य ऑक्सीजन उत्पन्न करने और नियंत्रित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इससे पारंपरिक तरल ऑक्सीजन सिलेंडर-आधारित प्रणालियों पर निर्भरता समाप्त हो जायेगी। इस प्रणाली का हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी के एलसीए-प्रोटोटाइप व्हीकल-3 विमान पर कठोर परीक्षण किया गया। इसमें समुद्र तल से 50,000 फुट की ऊँचाई और हाई-जी युद्धाभ्यास सहित विभिन्न उड़ान स्थितियों में कड़े एयरोमेडिकल मानकों को पूरा किया गया। ये परीक्षण डीआरडीओ की बेंगलुरु स्थित प्रयोगशाला, डिफेंस बायो-इंजीनियरिंग एंड इलेक्ट्रो मेडिकल लेबोरेटरी ने मंगलवार को किये। ये परीक्षण विमान के ऊंचाई पर एरोबैटिक युद्धाभ्यास, टैक्सीइंग, टेक ऑफ, क्रूज, जी टर्न और लैंडिंग के दौरान किये गये। सेंटर फॉर मिलिट्री एयरवर्थनेस एंड सर्टिफिकेशन से उड़ान की मंजूरी के बाद, सिस्टम ने सभी निर्दिष्ट मापदंडों को सफलतापूर्वक पूरा किया। यह वास्तविक समय में ऑक्सीजन उत्पादन सुनिश्चित करेगा, जिससे पायलट की सहनशक्ति और परिचालन प्रभावशीलता बढ़ेगी। उचित संशोधनों के साथ, इस प्रणाली को मिग-29 के और अन्य विमानों में उपयोग के लिए भी अनुकूलित किया जा सकता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर डीआरडीओ, वायु सेना, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और उद्योग भागीदारों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह विकास अत्याधुनिक रक्षा प्रौद्योगिकियों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है और 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण के अनुरूप है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ समीर वी कामत ने भी सफल परीक्षण में योगदान के लिए डीआरडीओ टीम, वायु सेना और उद्योग भागीदारों की सराहना की।

# सीसीआई ने ओरिएंट सीमेंट की 72.8 फीसदी हिस्सेदारी समेत सात अधिग्रहण प्रस्तावों को दी मंजूरी

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com




भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड के ओरिएंट सीमेंट लिमिटेड की 72.8 प्रतिशत हिस्सेदारी सहित कुल सात अधिग्रहण प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड, ऑर्डिनरी पोर्टलैंड सीमेंट , पॉज़ोलोना पोर्टलैंड सीमेंट और पॉज़ोलोना कम्पोजिट सीमेंट (पीसीसी) सहित ग्रे सीमेंट के निर्माण और बिक्री में संलग्न है। कंपनी पूरे भारत में 22 एकीकृत सीमेंट संयंत्र, 10 बल्क सीमेंट टर्मिनल और 21 ग्राइंडिंग यूनिट्स संचालित करती है। ओरिएंट सीमेंट लिमिटेड के पास तेलंगाना, कर्नाटक और महाराष्ट्र में तीन विनिर्माण सुविधाएं हैं और इसका वितरण भारत के 10 राज्यों में फैला हुआ है। इस अधिग्रहण में दो चरण शामिल हैं। पहले चरण में अंबुजा सीमेंट्स द्वारा ओरिएंट सीमेंट की 46.80 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया जाएगा, जिसमें प्रमोटर और कुछ सार्वजनिक शेयरधारकों की हिस्सेदारी शामिल है। दूसरे चरण में, पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के नियमों के तहत 26 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी के लिए ओपन ऑफर लाया जाएगा। ओपन ऑफर की पूरी स्वीकृति के बाद अंबुजा सीमेंट्स की कुल हिस्सेदारी 72.8 प्रतिशत हो जाएगी। सीसीआई ने अडानी इंफ्रा लिमिटेड के पीएसपी प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के इक्विटी शेयरों के अधिग्रहण को भी मंजूरी दी है। इस सौदे के तहत, अडानी इंफ्रा पहले प्रहलाद भाई एस. पटेल से प्रारंभिक अधिग्रहण करेगी और उसके बाद शेयरधारकों के लिए ओपन ऑफर लाएगी।

# इग्नू के 38वें दीक्षांत समारोह में तीन लाख से अधिक डिग्री और डिप्लोमा दिये गये

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने 38वां दीक्षांत समारोह में विभिन्न पाठ्यक्रमों के छात्रों को तीन लाख से अधिक डिग्री, डिप्लोमा और प्रमाण पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने छात्रों और इग्नू बिरादरी को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा, 1985 में स्थापना के बाद से, इग्नू ने शिक्षा को किफायती, लचीला और समावेशी बनाकर इसमें क्रांति ला दी है। 35 लाख से अधिक शिक्षार्थियों और 58 देशों में एक मजबूत वैश्विक उपस्थिति के साथ, इग्नू दुनिया का सबसे बड़ा विश्वविद्यालय है, जो यह सुनिश्चित करता है कि शिक्षा हाशिए के समुदायों सहित सभी तक पहुंचे। इसकी उत्कृष्टता एनआईआरएफ 2024 में ओपन यूनिवर्सिटीज में इसकी शीर्ष रैंकिंग में परिलक्षित होती है। प्रधान ने नयी शिक्षा नीति 2020 को लागू करने में इग्नू की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय इन सुधारों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, जिसमें कामकाजी पेशेवरों, अंतरराष्ट्रीय छात्रों, जेल के कैदियों और रक्षा कर्मियों के लिए अनुकूलित विविध कार्यक्रम हैं। भारत के जनसांख्यिकीय पहलू पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कौशल विकास की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने दूरस्थ रूप से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल लर्निंग जैसी तकनीकी प्रगति को अपनाने के लिए विश्वविद्यालय की सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण पहल सहित क्षमता निर्माण कार्यक्रम सभी स्तरों पर शिक्षा को मजबूत कर रहे हैं।

# बोफोर्स घोटाला : सीबीआई ने अमेरिका को भेजा पत्र, एक निजी जासूस को खोजने और पूछताछ करने को कहा

पायनियर संवाददाता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

बोफोर्स घोटाला मामले से जुड़ी जांच में बड़ा अपडेट सामने आया है। भारत की केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआई ने अमेरिका को लेटर ऑफ़ रोगेटोरी भेजा है। सीबीआई ने अमेरिका से जी जासूस माइकल हर्शमैन को ढूंढने और उनसे पूछताछ की प्रक्रिया शुरू करने की अपील की है। आइए जानते हैं कि ये मामला क्यों सामने आया है और ये निजी जासूस कौन है जिससे पूछताछ करने की बात कही जा रही है।




### क्या था माइकल हर्शमैन का दावा ?

दरअसल, सीबीआई ने अमेरिका को लेटर ऑफ़ रोगेटोरी भेजकर निजी जासूस माइकल हर्शमैन को ढूंढने और उससे पूछताछ की प्रक्रिया शुरू करने की अपील की है। माइकल हर्शमैन ने एक न्यूज चैनल पर दावा किया था कि वे 64 बोफोर्स तोप घोटाले की जांच में मदद कर सकता हैं। बता दें कि भारत में बोफोर्स घोटाला 1980 के दशक के सामने आया था। इस दौरान तत्कालीन राजीव गांधी सरकार पर घोटाले के आरोप लगे थे।

### इंटरव्यू को जांच का आधार बनाया गया

दिल्ली की अदालत के आदेश पर अक्टूबर 2024 में अमेरिका को पत्र रोगेटरी भेजने की प्रक्रिया शुरू हुई थी। इसमें अमेरिकी नागरिक के टीवी इंटरव्यू को जांच का आधार बनाया गया है। आपको बता दें कि प्रशासनिक स्वीकृतियों के कारण इसे पूरा होने में 90 दिन लग सकते हैं।

### अमेरिका में जांच जरूरी मानी गई

भारत के एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में बोफोर्स घोटाले पर अनियमितताओं का दावा किया गया था। इन दावों की सत्यता की जांच के लिए अमेरिका में जांच जरूरी मानी गई है। दिल्ली की अदालत ने सीबीआई के आवेदन को स्वीकार किया है। इसके बाद अमेरिका की न्यायिक प्राधिकरण को रोगेटोरी पत्र भेजा गया है। अमेरिका से दस्तावेज, गवाहों के बयान और अन्य जरूरी सबूत जुटाने का अनुरोध किया जाएगा।

# 9 महीने बाद धरती पर लौटेंगी भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स

एजेंसी ◄ केप कैनावेरल
www.dailypioneer.com

भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री करीब 9 महीने से फंसे रहने के बाद अब धरती पर लौटने वाली हैं। अंतरिक्ष में वह महज कुछ हफ्तों के लिए गई थीं, लेकिन कैप्सूल में टेक्निकल खराबी आ जाने से उनको अब तक धरती पर वापस नहीं लाया जा सका। जबकि उनके साथ के कुछ यात्री बाद में कुछ महीनों बाद सकुशल वापस लौट आए थे। मगर सुनीता विलियम्स अब तक वापस नहीं आ सकी हैं। नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के दो अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर और सुनीता (सुनी) विलियम्स अंतरिक्ष में नौ महीने बिताने के बाद आखिरकार धरती पर लौटने वाले हैं। बुच विल्मोर और भारतीय मूल की विलियम्स को अगले सप्ताह



तक उनकी जगह अन्य अंतरिक्ष यात्री के आने तथा उसके अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचने तक इंतजार करना होगा। उसके बाद ही वे इस महीने के अंत में अंतरिक्ष स्टेशन से बाहर निकल सकेंगे। वे अपने 'स्पेसएक्स राइड होम' में दो अंतरिक्ष यात्रियों के साथ शामिल होंगे। मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन के दौरान विल्मोर ने कहा कि राजनीति जीवन का हिस्सा है, लेकिन इसने उनकी और विलियम्स की वापसी में कोई भूमिका नहीं निभाई।

### एलन मस्क ने किया है ये ऐलान

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और 'स्पेसएक्स' के मालिक एलन मस्क ने जनवरी के अंत में कहा था कि वे अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी में तेजी लाना चाहते हैं। विलंब के लिए उन्होंने पिछले प्रशासन को दोषी ठहराया। विलियम्स ने एक प्रश्न के उत्तर में मस्क के हाल के उस आह्वान पर आपत्ति जताई जिसमें उन्होंने 2031 में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन को कक्षा से बाहर निकालने के नासा के प्रस्तावित 'डिऑर्बिट' अभियान की प्रतीक्षा करने के बजाय, दो वर्षों में ही अंतरिक्ष स्टेशन को बंद करने की बात कही थी।

# भिक्षावृत्ति में लिप्त लोगों के गुणवत्तापूर्ण पुनर्वास हो सुनिश्चित : सोनी

एजेंसी ◄ जयपुर
www.dailypioneer.com



राजस्थान की राजधानी जयपुर की गौरवशाली परंपरा एवं छवि धूमिल ना हो इसके लिए भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों का गुणवत्तापूर्ण पुनर्वास सुनिश्चित किया जाएगा। जिला कलक्टर डा जितेन्द्र कुमार सोनी ने जिले को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों को आपसी सहयोग एवं समन्वय से हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिये हैं। डा सोनी कलेक्ट्रेट में भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों के पुनर्वास को लेकर बैठक ले रहे थे। उन्होंने भिक्षावृत्ति में लिप्त लोगों का प्रभावी पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया ताकि ऐसे व्यक्ति भिक्षावृत्ति को छोड़कर अपने कौशल और मेहनत के दम पर सम्मानजनक जीवन शुरू करें। उन्होंने पुलिस एवं यातायात पुलिस के अधिकारियों को भिक्षावृत्ति में लिप्त व्यक्तियों की सूचना देकर रेस्क्यू में सहयोग प्रदान करने साथ ही आपराधिक गतिविधियों में लिप्त ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध निरोधात्मक एवं कठोर कानूनी कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया वहीं नगर निगम के अधिकारियों को चिन्हित पुनर्वास गृहों की साफ-सफाई, शौचालयों की मरम्मत, पुनर्वास गृहों में भिक्षावृति में लिप्त लोगों के लिए आधारभूत सेवाओं की व्यवस्था करने, चिन्हित पुनर्वास गृहों को अन्नपूर्णा रसोई योजना से लिंक करते हुए योजना के माध्यम से पर्याप्त मात्रा में भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के साथ-साथ उन्हें कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को भिक्षावृति में लिप्त व्यक्तियों के स्वास्थ्य की जांच कर उपचार करने, चिह्नित पुनर्वास गृहों में चिकित्सा एवं जांच सुविधा उपलब्ध करने प्रत्येक पुनर्वास गृह को निकटतम राजकीय चिकित्सालय से जोड़ते हुए ऐसे व्यक्तियों की जांच एवं उपचार व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

# डल्लेवाल अनशन के 100 दिन पूरे, किसानों का एक दिवसीय अनशन

**हिसार।** हरियाणा के हिसार जिला में किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के 100 दिन के आमरण अनशन के समर्थन में किसानों ने एक दिवसीय सांकेतिक अनशन किया। यह अनशन जिला सचिवालय और नारनौंद के उप मंडलाधीश कार्यालय के सामने आयोजित किया गया। यह आंदोलन संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के नेतृत्व में चल रहा है। किसान आंदोलन की दूसरी लहर 13 फरवरी 2024 से खनौरी बॉर्डर पर शुरू हुई है। डल्लेवाल 26 नवंबर से आमरण अनशन पर बैठे हैं। प्रदर्शनकारी किसानों ने सरकार से न्यूनतम समर्थन मूल्य( एमएसपी) गारंटी कानून को जल्द लागू करने की मांग की है। किसानों का कहना है कि सरकार एक तरफ डल्लेवाल की सेहत की चिंता जता रही है। वहीं दूसरी तरफ बातचीत के लिए सरकार लंबी तारीखें दे रही है। किसान नेताओं ने कहा कि सरकार अपने लिखित वादों से मुकर रही है। उन्होंने मांग कि अगर सरकार वाकई डल्लेवाल की सेहत को लेकर चिंतित है, तो उन्हें तुरंत किसानों की मांगें पूरी करनी चाहिए।

# एलडीएफ यूडीएफ आतंकवादी संगठनों के प्रति रखते हैं सहानुभूति : जावड़ेकर

एजेंसी ◄ तिरुवनंतपुरम
www.dailypioneer.com

केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी नीत वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और कांग्रेस नीत विपक्षी यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) पर आतंकवादी संगठनों से सहानुभूति रखने का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी ने दोनों गठबंधनों से सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के साथ अपने संबंधों को स्पष्ट करने की मांग की। भाजपा के प्रदेश प्रभारी प्रकाश जावड़ेकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, एलडीएफऔर यूडीएफको एसडीपीआई के साथ अपने संबंधों को स्पष्ट करना चाहिए। दोनों मोर्चा हमेशा आतंकवादी संगठनों के प्रति सहानुभूति रखते थे। उन्होंने ये बातें जावड़ेकर ने सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमके फैजी की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए कही। एसडीपीआई कथित तौर पर प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन पीएफआई का एक राजनीतिक मोर्चा है। उन्होंने कहा, अदालत के समक्ष जांच के खुलासे से पता चलता है कि एसडीपीआई और कुछ नहीं बल्कि पीएफआई है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार ने पीएफआई पर प्रतिबंध लगा दिया है और एसडीपीआई का पर्दाफाश किया है, जिसके अध्यक्ष को गिरफ्तार किया गया है। गौरतलब है कि फैजी को तीन मार्च को नयी दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किया गया था।

# जयशंकर ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर विदेश सचिव लैमी से की मुलाकात



**लंदन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 10, डाउनिंग स्ट्रीट में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से मुलाकात की और द्विपक्षीय एवं आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा की है। डॉ. जयशंकर ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ भी बातचीत की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा कि प्रधानमंत्री ने यूक्रेन संघर्ष पर ब्रिटेन का दृष्टिकोण साझा किया। उन्होंने कहा, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से 10, डाउनिंग स्ट्रीट पर मुलाकात करके खुशी हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से हार्दिक अभिनंदन किया। हमारे द्विपक्षीय, आर्थिक सहयोग को आगे बढ़ाने और लोगों से लोगों के आदान-प्रदान को बढ़ाने पर चर्चा की गई।

# बारामूला में पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला, कोई हताहत नहीं

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में संदिग्ध आतंकवादियों ने मंगलवार रात एक पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला किया। हमले में किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है। पुलिस ने बताया कि चार मार्च को रात करीब 9.20 बजे बारामूला के ओल्ड टाउन पुलिस चौकी के पीछे से धमाके जैसी आवाज सुनाई दी, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गयी। घटना के तुरंत बाद पुलिस दलों ने सहयोगी एजेंसियों के साथ समन्वय करके इलाके की घेराबंदी कर दी। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान पुलिस चौकी की पिछली दीवार के बाहर से ग्रेनेड पिन बरामद किया गया, जिससे पुलिस को संदेह हुआ कि यह ग्रेनेड हमले का प्रयास था। ग्रेनेड ओल्ड टाउन पुलिस चौकी के अंदर गिरा और उसमें जोरदार विस्फोट हुआ। विस्फोट में जान-माल के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है। पुलिस ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गयी है और इलाके में तथा उसके आसपास तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है।

# युवाओं को रोजगार से जोड़कर राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : हेमन्त सोरेन

एजेंसी ◄ रांची
www.dailypioneer.com



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के हाथों 49 नव चयनित प्रशिक्षण पदाधिकारियों को जब नियुक्ति पत्र मिला तो उनके चेहरे की मुस्कान देखते ही बन रही थी। खुशियों से भरा यह अवसर था- झारखंड मंत्रालय में श्रम, प्रशिक्षण, नियोजन एवं कौशल विकास विभाग द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि नियुक्तियों का यह कारवां बढ़ता रहेगा। युवाओं को रोजगार से जोड़कर राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने नव चयनित प्रशिक्षण अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार की एक अभिन्न अंग के रूप में जिम्मेदारियों से भरे नए सफर की आप शुरुआत कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि आप प्रशिक्षण देकर युवाओं के हुनर को इस तरह से निखारेंगे कि उन्हें रोजगार के लिए मुश्किलों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्हें रोजगार के भरपूर अवसर प्राप्त होंगे। वे अपने हुनर तथा क्षमता की बदौलत देश -विदेश में मान सम्मान और गर्व के साथ कार्य कर अपने परिवार और राज्य का नाम आगे बढ़ाएंगे। सोरेन ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान कई बार पॉलीटेक्निक संस्थानों के विद्यार्थियों ने मुलाकात कर पठन- पाठन एवं प्रशिक्षण को लेकर हो रही समस्याओं से अवगत कराया था। इसी बात को संज्ञान में लेकर आईटीआई संस्थानों को मजबूत और संसाधनयुक्त बनाने का कार्य चल रहा है। इसी कड़ी में आईटीआई संस्थानों में पढ़ाई और प्रशिक्षण की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में प्रशिक्षण पदाधिकारियों की नियुक्ति हुई है । यह हमारे द्वारा किए जा रहे प्रयासों का एक हिस्सा है और आने वाले दिनों में इसमें कई और कड़ियां जुड़ेंगी। हमारी कोशिश है कि झारखंड जैसे पिछड़े राज्य में रोजगार को लेकर नौजवानों की चिंताएं दूर हों।

# हरियाणा सरकार ने रबी फसलों के प्रति एकड़ औसत उत्पादन की सीमा में की बढ़ोतरी

एजेंसी ◄ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



हरियाणा सरकार ने 2024-25 की रबी फसलों के प्रति एकड़ औसत उत्पादन की सीमा में बढ़ोतरी की है। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि इस निर्णय से किसानों को फायदा होगा, जो प्रति एकड़ संभावित उत्पादन से अधिक पैदावार होने के कारण अपनी फसल को न्यूनतम समर्थन मूल्य(एमएसपी) पर बेच नहीं पाते थे। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने किसानों की समस्या को देखते हुए प्रति एकड़ संभावित उत्पादन की सीमा का अध्ययन करने हेतु कमेटी का गठन किया था और कमेटी द्वारा दिए गए सुझावों को मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मंजूरी देते हुए प्रति एकड़ औसत उत्पादन की सीमा को तय किया गया है। यह निर्णय रबी खरीद सीजन 2025-26 में प्रभावी होगा। उन्होंने बताया कि जौं की फसल उत्पादन सीमा 15 क्विंटल से 16 क्विंटल प्रति एकड़ किया गया है। चने का औसत उत्पादन सीमा पांच क्विंटल से बढ़ाकर छह क्विंटल प्रति एकड़ तथा सूरजमुखी का उत्पादन सीमा आठ क्विंटल से बढ़ाकर नौ क्विंटल प्रति एकड़ किया गया है। गर्मी में पैदा होने वाली मूंग की फसल का औसत उत्पादन सीमा बढ़ाते हुए तीन क्विंटल से चार क्विंटल प्रति एकड़ किया गया है। इसी प्रकार, कमेटी ने मसूर की दाल के औसत उत्पादन को भी तय किया है। कमेटी के अनुसार मसूर का औसत उत्पादन अनुमान प्रति एकड़ चार क्विंटल तय किया गया है। हालांकि, गेहूं का उत्पादन सीमा प्रति एकड़ 25 क्विंटल ही रखा गया है। प्रवक्ता ने बताया कि कमेटी ने औसत उत्पादन में बढ़ोतरी को देखते हुए यह निर्णय लिया है।

# मान ने 763 रिक्त पदों पर अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र किए वितरित

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने चंडीगढ़ में विभिन्न विभागों में 763 रिक्त पदों पर अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। मान ने सभी नवनियुक्त युवाओं और उनके परिवारों को सरकारी परिवार का हिस्सा बनने पर बधाई दी। उन्होंनें कहा कि आशा है कि आप सभी अपनी नई जिम्मेदारी को पूरे जोश, लगन और मेहनत से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में अन्य विभागों में रिक्तियों और नई रिक्तियों को भरा जाएगा। अच्छी नीति और नीयत के साथ मिशन रोजगार इसी तरह जारी रहेगा।



# हैदराबाद हवाईअड्डे पर ढाका जाने वाली कतर फ्लाइट की आपातकालीन लैंडिंग

**हैदराबाद।** दोहा से ढाका जा रहे कतर एयरवेज के विमान को बुधवार तड़के हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी, क्योंकि विमान में एक महिला यात्री को स्वास्थ्य संबंधी समस्या हो गयी थी। हवाईअड्डा अधिकारियों के अनुसार, दोहा से बंगलादेश के ढाका जाने वाली उड़ान संख्या क्यूआर 642 में सवार एक महिला यात्री ने बेचैनी की शिकायत की, जिसके बाद पायलट ने आपातकालीन लैंडिंग की मांग की। संबंधित विभागों से मंजूरी मिलने के बाद एटीसी ने चालक दल को अनुमति प्रदान की जिसके बाद विमान सुबह 3.25 बजे शमशाबाद हवाई अड्डे पर उतरा। विमान उतरने पर महिला को हवाई अड्डे के चिकित्सा केंद्र ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। बाद में 3.42 बजे विमान ढाका के लिए रवाना हुआ। यात्री की मौत का कारण फिलहाल पता नहीं चल पाया है।

# विधानसभा स्पीकर की मनमानी के कारण भाजपा ने किया सदन से वॉकआउट बाबूलाल मरांडी

**रांची।** झारखंड प्रदेश भाजपा के विधायकों ने बजट पर चल रहे वाद विवाद के बीच सदन से वॉकआउट किया। सदन के बाहर मीडिया से बात करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष सदन को मनमाने ढंग से चलाना चाहते हैं। सत्ता पक्ष को बोलने में तरजीह दी जाती है, आसन के द्वारा ज्यादा समय दिए जाते हैं । कहा कि वहीं जब विपक्ष के सदस्य जब बोलने केलिए खड़ा होते हैं तो बार बार टोका टोकी की जाती है। कहा कि आज भी कुछ ऐसा ही हुआ। भाजपा विधायक नीरा यादव जब सदन में बोल रही थी तो सत्ता पक्ष के विधायकों ने टोका। मरांडी ने कहा कि दुर्भाग्य जनक यह है कि आसन से उनको संरक्षण प्राप्त हुआ। नीरा यादव ने स्पीकर महोदय से टोका टोकी में बर्बाद समय के बदले समय की मांग की तो अध्यक्ष ने अस्वीकृत कर दिया। यह पूरी तरह से मनमानी है।

# पूर्वी चंपारण : 24 लाख की नेपाली मुद्रा के साथ भरतीय युवक गिरफ्तार

**मोतिहारी।** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले में 24 लाख की नेपाली मुद्रा के साथ सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। एसएसबी की 71वीं वाहिनी के जवानों ने झरोखर थाना क्षेत्र के जमुनिया स्थित भारत-नेपाल सीमा से मंगलवार देर शाम जांच के क्रम में मोटरसाइकिल सवार अविनाश कुमार के मोटर साईकिल में एक थैला लटका पाया गया, जिसकी तलाशी लेने पर 24,71,400 नेपाली मुद्रा एवं 38,700 रुपये भारतीय मुद्रा बरामद की। उसके बाद रुपये एवं मोटर साईकिल को जब्त कर एसएसबी ने अविनाश को नेपाली रुपये की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। अविनाश से आवश्यक पूछताछ के बाद एसएसबी ने झरोखर थाना को सौंप दिया गया। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि उक्त बरामद रुपये की सूचना लिखित रूप से आयकर विभाग के सहायक निदेशक, मुजफ्फरपुर को देते हुए आवश्यक कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेजी गई है।

# किसानों के लिए कर्फ्यू जैसा माहौल : डॉ दलजीत सिंह चीमा

एजेंसी ◄ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com



शिरोमणि अकाली दल के नेता और पूर्व मंत्री डॉ दलजीत सिंह चीमा ने कहा कि यह बेहद निंदनीय है कि किसानों के लिए कर्फ्यू जैसी स्थिति पैदा कर दी गई है और उन्हें अपना विरोध दर्ज कराने के लिए राजधानी में जाने की अनुमति नही दी जा रही है। चीमा ने कहा कि वहीं दूसरी ओर सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल का दिल्ली से होशियारपुर तक विपश्यना सत्र के लिए 100 से अधिक वाहनों के साथ शानदार स्वागत किया जा रहा है। मुख्यमंत्री से इस स्थिति के बारे में स्पष्टीकरण मांगते हुए डा. चीमा ने कहा,''मुख्यमंत्री को बताना चाहिए कि केजरीवाल का राज्यों के प्रमुखों की तरह स्वागत क्यों किया जा रहा है, जबकि उसके पास कोई संवैधानिक अधिकार नही है और न ही उनका पंजाब से कोई संबंध है।'' उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री को पंजाबियों को बताना चाहिए कि उन्होंने किसानों को बातचीत के लिए क्यों आमंत्रित किया था। जब उन्हे किसानों से किए गए वादों के बारे में याद दिलाया गया तो गुस्से में बैठक से बाहर जाकर उन सबका अपमान क्यों किया। वरिष्ठ अकाली नेता ने कहा कि राज्य के किसानों के अधिकारों का हनन हो रहा है, जबकि राजस्थान जैसे पड़ोसी राज्यों ने आगामी गेंहू की फसल पर 150 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने की घोषणा की है। उन्होने कहा,''पंजाब के किसानों को मूंग और मक्का पर वादा किए गए न्यूनतम समर्थन मूल्य नही दिया गया और बार-बार फसल के नुकसान के लिए मुआवजा भी नही दिया गया।'' उन्होने भ्रष्टाचार और नशे के खिलाफकथित अभियान शुरू करने की कोशिश करके किसानों की मांगों से ध्यान हटाने के प्रयास के लिए मुख्यमंत्री की निंदा की। उन्होने कहा,''सच्चाई यह है कि आप सरकार ने भ्रष्टाचार को संरक्षक दिया है तथा ड्रग्ज के व्यापार में राजनीतिक मिलीभगत के कारण नशे की लत और ओवरडोज से संबंधित मौतों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है।'' अकाली दल में सदस्यों की भर्ती पर चीमा ने स्पष्ट किया कि अकाल तख्त द्वारा नियुक्त सुपरवाइजरी कमेटी को अकाली दल द्वारा पूरा सहयोग दिया गया है, लेकिन कमेटी के कुछ सदस्य का अपना ही एजेंडा था और वे पार्टी को नुकसान पहंचाने का काम कर रहे हैं। उन्होने कहा कि पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बलविंदर सिंह भूंदड़ ने सुपरवाइजरी कमेटी के सदस्यों को पार्टी कार्यालय में आमंत्रित किया था, लेकिन उन्होने निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया। कुछ सदस्यों ने कमेटी के संयोजक हरजिंदर सिंह धामी पर लगातार अनुचित दबाव बनाना जारी रखा, जिसके कारण धामी और वरिष्ठ नेता कृपाल सिंह वडूंगर ने कमेटी के सदस्य पद से इस्तीफा दे दिया।

# झारखंड में आईडी ब्लास्ट में तीन सीआरपीएफ जवान घायल



**रांची।** झारखंड में पश्चिमी सिंहभूम जिले के मनोहरपुर-बाबूडेगा के बीच में आईडी ब्लास्ट में तीन सीआरपीएफ जवान घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए हेलिकॉप्टर से रांची लाया गया है। रांची के राज हॉस्पिटल में घायल जवानों का इलाज चल रहा है। राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता भी आज राज हॉस्पिटल पहुंचकर घायलों का हाल-चाल जाना। उन्होंने कहा कि राज्य में नक्सली अपनी अंतिम सांसें गिन रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो घायल जवानों को दुसरी जगह ले जाया जाएगा।

# महिलाओं की राजनीति में भागीदारी की राह में पितृसत्ता बाधा : प्रो. चौधरी

एजेंसी ◄ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

जम्मू विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त प्रोफेसर रेखा चौधरी ने कहा है कि पितृसत्ता महिलाओं की राजनीति में भागीदारी की राह में सबसे बड़ी बाधा बनती है। चौधरी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (आठ मार्च) के अवसर पर पंजाब विश्वविद्यालय के डॉ. अंबेडकर सेंटर की तरफसे 'डिकेड्स आफ्टर इंडिपेंडेंस : वेयर आर वुमन इन इंडियन पॉलिटिक्स' (आजादी के दशकों बाद : भारतीय राजनीति में महिलायें कहाँ हैं) विषय पर आयोजित व्याख्यान दे रही थीं। प्रो. चौधरी ने भारतीय राजनीति में महिलाओं के प्रतिनिधित्व पर जम्मू कश्मीर पर विशेष फोकस रखते हुए दिए व्याख्यान दिया। उनका व्याख्यान दो हिस्सों में बंटा था। पहला हिस्सा भारतीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी की प्रकृति के बारे था और इस पर कैसे केंद्रित था कि कैसे अस्तित्व/पहचान, संसाधनों की कमी और पितृसत्ता का महिलाओं पर नियंत्रण बाधा बनता है। दूसरा हिस्सा जम्मू कश्मीर में महिलाओं की राजनीति में भागीदारी पर था। उन्होंने कहा कि महिलाओं की राजनीतिक मुखरता कश्मीर में जम्मू के मुकाबले ज्यादा है जबकि जम्मू में महिलाओं की राजनीतिक सक्रियता अमरनाथ आंदोलन के दौरान दिखने लगी थी। उन्होंने कहा कि राजनीति में अक्सर महिलायें राजनीतिक रूप से प्रभावी परिवारों से आती हैं या फिर वह महिलायें जिन्हें उग्रवाद और अलगाववादी आंदोलनों के कारण सीधे भुगतना पड़ा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अब भी स्वतंत्र नागरिक के रूप में नहीं बल्कि अपने परिवारों के विस्तार के रूप में ही देखा जाता है जो पितृसत्तात्मक ढांचों को ही मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि इससे विभिन्न क्षेत्रों में पितृसत्ता का पुनर्निर्माण व संस्थानीकरण होता है। उन्होंने राजनीति में महिलाओं के समक्ष पेश आने वाली चुनौतियों का विश्लेषण भी किया और राजनीति में महिलाओं के ज्यादा प्रतिनिधित्व पर भी जोर दिया।

# केंद्रीय राज्य मंत्री व्ही. सोमन्ना ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षा की

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



केंद्रीय राज्य मंत्री, रेल और जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार, एवं आकांक्षी जिला प्रभारी व्ही. सोमन्ना ने कोंडागांव जिला कार्यालय के सभाकक्ष में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की और आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत जिले की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित इंडिकेटर पर शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के लिए निर्देशित किया। केंद्रीय राज्य मंत्री ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास, कौशल विकास सहित विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत की संकल्पना की है, जिसे पूरा करने के लिए सभी को एकजुट होकर काम करना होगा। साथ ही कोंडागांव को आकांक्षी जिला कार्यक्रम से ऊपर उठाने के लिए सभी निर्धारित इंडिकेटर पर पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने जिले में किसान क्रेडिट कार्ड और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत शत प्रतिशत किसानों को लाभान्वित करने पर जिला प्रशासन को शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना को लागू करते हुए सभी जरूरतमंदों को लाभान्वित करने की दिशा में कदम उठाने की बात की। साथ ही, लो वोल्टेज की समस्या का समाधान करने के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। केंद्रीय राज्य मंत्री ने प्रधानमंत्री दिव्यांगजनों के आत्मसम्मान और स्वाभिमान को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और संवेदनशीलता दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के सभी दिव्यांगजनों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाएं। उन्होंने जल जीवन मिशन की प्रगति पर भी चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस मिशन के क्रियान्वयन में कोई लापरवाही न हो। प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, जनधन योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए जिले के जरूरतमंदों को लाभान्वित करने की दिशा में अधिकारियों को निर्देशित किया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाने की बात की, ताकि गरीब परिवारों को दवाइयों के खर्च में राहत मिल सके। इस अवसर पर बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप, कांकेर सांसद श्री भोजराज नाग और बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष लता उसेंडी ने भी जिले की विभिन्न मुद्दों पर केंद्रीय राज्य मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।


# नक्सल प्रभावित क्षेत्र गुण्डेम के लोगों को मिला मोबाइल टावर की सौगात

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



जिला बीजापुर के सुदूर ग्राम गुण्डेम, छुटवाई के ग्रामीणों को संचार सुविधा का लाभ मिलेगा। छ.ग. शासन के नियद नेल्ला नार योजना एवं केंद्र की यू एस ओ एफ योजना के तहत दिनांक 04 मार्च को ग्राम गुण्डेम में मोबाइल टावर की सुविधा शुरू की गई है। मोबाइल टावर की स्थापना से ग्रामीणों को मोबाइल नेटवर्क का लाभ मिलना संभव हो गया है, साथ ही मजबूत नेटवर्क एवं इंटरनेट की सुविधा से ग्रामीण अंचल के पढ़ने वाले छात्रों तथा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं को इससे लाभ मिलेगा। 16 दिसंबर को केन्द्रीय गृहमंत्री माननीय अमित शाह के जिला बीजापुर गुण्डेम प्रवास के दौरान ग्रामीणों, जवानों एवं कर्मचारियों के द्वारा क्षेत्र में संचार व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु ग्राम गुण्डेम में मोबाईल टावर स्थापित किये जाने की मांग की गई थी। क्षेत्र में सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था, परिवहन की सुविधा के साथ पुलिस एवं प्रशासन द्वारा उठाए गए इस महत्वपूर्ण कदम से क्षेत्र में अब संचार की सुविधा बहाल हो चुकी है। स्थानीय निवासियों को अब अपने परिवार के सदस्यों और अन्य व्यक्तियों से संपर्क स्थापित करने में आसानी होंगी।

# जुम्बा फिटनेस सेसन की सहभागिता हुई अभूझमाड़ में



पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

अबूझमाड़ शांति मैराथन मध्य भारत का सबसे बड़ा मैराथन 2 फरवरी 2025 रविवार को संपन्न हुआ जिसे नारायणपुर जिला प्रशासन एवं नारायण पुलिस के द्वारा संपन्न कराया गया इसमें 11000 प्रतियोगियों ने भाग लिया यह मैराथन दौड़ 5 किलोमीटर 10 किलोमीटर एवं 21 किलोमीटर वर्ग में संपन्न हुई मैराथन दौड़ संपन्न होने से पहले सर्टिफाइड जुंबा इंस्ट्रक्टर बस्तर जिला से प्रिया शर्मा एवं कांकेर जिला से नम्रता सिंह राजपूत के द्वारा सारे प्रतिभागियों को जुंबा फिटनेससेशन करवाया इस कार्यक्रम में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप बस्तर के सांसद महेश कश्यप पुलिस के महानिरीक्षक श्री पी सुंदर राज अनुज शर्मा छत्तीसगढ़ी फिल्म कलाकार एवं गायक जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के समस्त अधिकारी इस कार्यक्रम में शामिल रहे इस तरह का कार्यक्रम अपने क्षेत्र में होते देख लोगो ने मनोरंजन किया।

# सिद्धार्थ श्रीवास्तव को किया गया जिला बदर

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुणाल दुदावत द्वारा कोंडागांव के सरगीपालपारा निवासी सिद्धार्थ श्रीवास्तव पिता मनीष श्रीवास्तव को एक वर्ष के लिए जिला बदर का आदेश जारी किया गया है। उनके विरूद्ध विभिन्न आपराधिक प्रकरणों में छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 4, 5 (क) (ख) के तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रकरण पंजीबद्ध कर जिला बदर की कार्यवाही करने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। परिणामस्वरूप कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3, 5 और 6 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सिद्धार्थ को कोंडागांव जिले की राजस्व सीमाओं तथा सीमावर्ती जिला कांकेर, नारायणपुर, बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा एवं धमतरी जिले की राजस्व सीमाओं से एक वर्ष की कालावधि 2 मार्च 2026 तक के लिए जिला बदर किया है।

# समावेशी शिक्षा के तहत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com




कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में समावेशी शिक्षा के तहत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए आयोजित राज्य स्तरीय क्रीड़ा, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता 2024-25 में जिले के प्रतिभागी भी शामिल होंगे। प्रतियोगिता का आयोजन 6 से 7 मार्च तक स्व. बी.आर. यादव खेल परिसर, बहतराई, सीपत रोड, बिलासपुर में किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रतियोगिता प्रारंभिक एवं माध्यमिक स्तर पर आयोजित होगी, जिसमें बालक-बालिकाओं के लिए अलग-अलग वर्ग निर्धारित किए गए हैं। जिले से कुल 30 प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में शामिल हो रहे हैं। प्रतिभागियों की सुरक्षा, सहयोग एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था के लिए सहायक कार्यक्रम समन्वयक सुकटा राम मरावी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके मार्गदर्शन में बीआरपी, स्पेशल एजुकेटर, अटेंडर और आया प्रतिभागियों की देखरेख एवं सहयोग के लिए नियुक्त किए गए हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक ने अग्रिम शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# 10 दिवसीय फागुन मड़ई मेला कलश स्थापना के साथ प्रारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

श्री दंतेश्वरी माई जी दंतेवाड़ा की प्रसिद्ध फागुन मड़ई (मेला) कलश स्थापना के साथ आज 05 मार्च 2025 से प्रारंभ हो गया है। दंतेश्वरी मंदिर के जिया ने प्रातः 11 बजे परम्परानुसार मेंडका डोबरा मैदान में स्थित गुड़ी में माई जी छत्तर की प्राण प्रतिष्ठा कर कलश की स्थापना की। इसके साथ ही जिया ने बताया कि शाम 4 बजे श्री नारायण मंदिर के लिए माई जी मंदिर से डोली निकलेगी साथ ही ताड़पलंगा धोनी की रस्म रात्रि 9 बजे विधि विधान से संपन्न की जावेगी। 05 मार्च से प्रथम दिवस कलश स्थापना के साथ दस दिवसीय मेला का शुभारंभ हो गया है। आमंत्रित देवी-देवताओं को भी सम्मान के साथ आसन ग्रहण कराया जायेगा। फागुन मेला 05 मार्च से 15 मार्च तक लगातार विभिन्न कार्यक्रम पूजा-पाठ के साथ सम्पन्न होगा। परम्परागत वाद्य यंत्रों की गूंज मंत्रोपचार के साथ ही सेवक पुजारी तथा मांझी चालकी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश के लिए परीक्षा 23 अप्रैल को

**दंतेवाड़ा।** जिले में संचालित शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025 में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन किया जायेगा इस संबंध में पूर्व में आवेदन फार्म वितरण करने हेतु प्रारंभिक तिथि 10 मार्च 2025 से प्रारंभ होकर आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 21 अप्रैल 2025 तक निर्धारित की गई है। और प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 23 अप्रैल 2025 समय प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित की जाएगी।

# विधायक नीलकंठ टेकाम ने संयुक्त वन प्रबंधन समिति को दिलाई अग्नि सुरक्षा शपथ

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



ग्राम कोहकामेटा में संयुक्त वन प्रबंधन की बैठक आयोजित की गई, जिसमें विशेष रूप से क्षेत्रीय विधायक नीलकंठ टेकाम उपस्थित रहे। बैठक में प्रमुख रूप से अग्नि सुरक्षा के विषय में चर्चा की गई। विधायक टेकाम ने स्थानीय बोली में वनों से मिलने वाले लाभ और आग लगने की घटना के दुष्परिणाम जैसे पुनरुत्पादन, सूक्ष्म वन्य जीव नष्ट होना, भूमि की उर्वरा शक्ति क्षीण होना, वन्यजीव रहवास नष्ट होने की जानकारी गई। साथ ही उपस्थित सदस्यों से वनों की आग से रक्षा की शपथ दिलाई गई और महुआ पेड़ के नीचे आग नहीं लगाने की समझाईश दी गई। वनमण्डलाधिकारी एन. गुरुनाथ ने आग लगने की घटनाओं को तत्परता से रोकने की अपील की तथा इमली संग्रहण गुणवत्तापूर्वक किये जाने की समझाइश दी। इस अवसर पर कूप कटाई लाभांश राशि से संयुक्त वन प्रबंध समिति कोहकामेटा के 262 परिवार को सोलर लैम्प विधायक टेकाम के कर कमलों से वितरित किया गया। साथ ही माता शीतला मंदिर में फेंसिंग कार्य का भूमिपूजन भी किया गया। बैठक में कोहकामेटा और सिदावण्ड के सरपंच, संयुक्त वन प्रबंधन अध्यक्ष, उप वन मंडल अधिकारी केशकाल, फरसगांव तथा भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी गौतम उपस्थित रहे।

## बारसूर क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों का सीईओ ने किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा द्वारा बारसूर क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उन्होंने सर्वप्रथम प्रसिद्ध नागफनी मंदिर परिसर में चल रहे निर्माण कार्यो को एक सप्ताह में प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। ज्ञात हो कि बारसूर में ही टूरिस्ट कॉटेज एवं जिपलाइन वर्क ( बुढ़ा तालाब) निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा यही पर टूरिस्ट कॉटेज में पॉटरी वर्क, बम्बू आर्ट, वुडेन आर्ट जैसे विभिन्न कार्य निर्माणाधीन कार्य किए जा रहे है। इसे देखते हुए सीईओ द्वारा ट्राइबल थीम बेस्ड कॉटज के रूप में डेवलपमेंट करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम हीरानार में प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के आवासों, कारली में आश्रय स्थल पद यात्री श्रद्धालु हेतु एवं बड़ेकारली में शक्ति केंद्र का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद का हुआ निर्वाचन

**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा जिले के सभाकक्ष में जिला पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन शांति पूर्ण संपन्न हुआ। जिसके तहत पीठासीन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर राजेश पात्रे तथा सहायक पीठासीन अधिकारी एवं पंचायत उप संचालक मिथिलेश किसान के द्वारा बताया गया की अध्यक्ष पद हेतु 2 अभ्यर्थियों ने नामांकन प्रस्तुत किया था। जिसमें दोनों सदस्य को 5-5 मत मिले थे। दोनों अभ्यर्थियों के मत समान होने के फलस्वरूप ''लॉट निकलकार'' अध्यक्ष का निर्वाचन किया गया।

## अनूठा संगम

# कोंडागांव वार्षिक मेले का शुभारंभ, आस्था और लोक संस्कृति का अनूठा संगम

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



पूरे आस्था, श्रद्धा और उल्लास के साथ कोंडागांव वार्षिक मेले का शुभारंभ हो गया। छह दिवसीय यह पारम्परिक मेला 9 मार्च तक चलेगा, जिसमें जिले सहित बस्तर और नारायणपुर के ग्रामीणों की भारी उपस्थिति रही। मेले में ग्राम देवी-देवताओं के समागम के साथ पारंपरिक रीति-रिवाजों का निर्वहन किया गया। श्रद्धालुओं ने भीगे चावल और पुष्प वर्षा के साथ देवी-देवताओं की आत्मीय अगवानी की।

**धार्मिक परंपराओं और लोक संस्कृति का अद्भुत संगम :** कोंडागांव मेला सिर्फ मनोरंजन का अवसर नहीं, बल्कि धार्मिक आस्था और लोक परंपराओं के अनुपम समागम का प्रतीक है। देवी-देवताओं के आगमन पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। मेला स्थल पर सर्वप्रथम ग्राम पलारी की माता डोली एवं लाट, देव विग्रह ने भव्य परिक्रमा की, जिसके बाद अन्य ग्रामों के देवी-देवताओं ने अनुसरण किया। श्रद्धालु पारंपरिक छत्र, डंगई लाट एवं देव विग्रहों के साथ चलते हुए भक्ति भाव से ओतप्रोत नजर आए। पूरे मेला स्थल को ढोल-नगाड़ों, मोहरी और अन्य पारंपरिक वाद्ययंत्रों की ध्वनि ने भक्तिमय बना दिया। इस वर्ष भी पलारी, भीरागांव, बनजुगानी, भेलवांपदर, फरसगांव, कोपाबेड़ा, डोंगरीपारा सहित कई ग्रामों के देवी-देवता, माटी पुजारी, गायता, सिरहा-गुनिया शामिल हुए। मां दंतेश्वरी सहित सियान देव, चौरासी देव, बूढ़ाराव, जरही मावली, गपा-गोसीन, देश मात्रा देवी, सेंदरी माता, दुलारदई, हिंगलाजीन माता, बाघा बसीन जैसे कई देवी-देवताओं की पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना संपन्न हुई।

### जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने किया मेले का शुभारंभ

मेले के शुभारंभ अवसर पर बस्तर सांसद महेश कश्यप, कोंडागांव विधायक लता उसेंडी, सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने भी माता गुड़ी स्थल में देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर लोक परंपराओं का निर्वहन किया। ग्रामीणों ने पुराने विश्राम गृह से जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों का पारंपरिक गाजे-बाजे के साथ स्वागत कर मेला स्थल तक लाया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, पार्षद गण, एसडीएम अजय उराव, जिला प्रशासन के अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत किसानों को दिया गया प्रशिक्षण



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

उद्यानिकी विभाग के शासकीय उद्यान रोपणी कोपाबेड़ा में समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत अम्बुजा फाउण्डेशन और एच.डी.एफ.सी. बैंक परिवर्तन के माध्यम से संचालित एचआरडीपी परियोजना के अंतर्गत कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें कोंडागांव के सुदुर क्षेत्र के 30 आदिवासी कृषकों ने भाग लिया जिसमें प्रायोगिक तौर पर जानकारी उपलब्ध करने हेतु रोपणी का भ्रमण कराया गया, जिसमें रोपणी प्रभारी श्री लोकेश्वर प्रसाद के माध्यम से कृषि वानिकी के विषय पर खेती की तैयारी, पौध रोपण की दूरी व बागवानी फसलों के रखरखाव के साथ-साथ शासकीय योजनाओं से भी कृषकों अवगत कराया गया। जिसमें कृषि में आधुनिक खेती से जुड कर, कृषि वानिकी को भी बढावा मिल सकें व कृषक साथी प्रति इकाई क्षेत्रफल में अधिक से अधिक लाभ अर्जित कर सकें। प्रशिक्षण में ग्राम बम्हनी और तोतर के 30 कृषक तथा अंबुजा फाउंडेशन के नेहा कुशवाहा एवं अन्य पदाधिकारीगण सम्मिलित हुए।

# भाटापारा नगर पालिका में दिलीप छाबड़िया बने उपाध्यक्ष, कांग्रेस ने नहीं उतारा उम्मीदवार



अपील समिति का भी गठन

**पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा**
www.dailypioneer.com

प्रदेश की सबसे बड़ी नगर पालिका भाटापारा के पहले सम्मिलन में भाजपा पार्षद दिलीप छाबड़िया निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हो गए। कांग्रेस ने उपाध्यक्ष पद के लिए अपना उम्मीदवार नहीं उतारा। भाजपा ने पार्षद दल की बैठक में दिलीप छाबड़िया के नाम की घोषणा की। प्रथम सम्मिलन में पालिका की अपील समिति का गठन किया गया। इसमें दो भाजपा पार्षद शामिल है। नगर पालिका का प्रथम सम्मिलन 10.30 बजे से प्राधिकृत अधिकारी अभिषेक गुप्ता की उपस्थिति में शुरू हुआ। उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन के अंतिम समय तक भाजपा की ओर से अधिकृत प्रत्याशी दिलीप छाबड़िया का एकमात्र नामांकन दाखिल हुआ। नामांकन की अवधि समाप्त होने के बाद प्रक्रियाएं पूरी करते हुए अभिषेक गुप्ता ने दिलीप छाबड़िया को उपाध्यक्ष घोषित किया। सम्मिलन में उपस्थित पार्षदों ने दिलीप छाबड़िया को उपाध्यक्ष बनने पर बधाई दी।

### अपील समिति का भी हुआ गठन

नगर पालिक के पहले सम्मिलन में अपील समिति का भी गठन किया गया। अपील समिति का भी निर्विरोध निर्वाचन हुआ। इसमें भाजपा पार्षद सतीश साहू और लक्ष्मीकांत टंडन को अपील समिति का सदस्य बनाया गया है।

### कांग्रेस ने नहीं उतारा प्रत्याशी

भाजपा ने पालिका में एक दशक बाद पूर्ण बहुमत हासिल किया है। पालिका में भाजपा के 24 पार्षद चुनाव जीते हैं। कांग्रेस के कुल 06 पार्षद निर्वाचित हुए हैं। एक निर्दलीय पार्षद ने जीत दर्ज की है। उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा का बहुमत था। इसलिए कांग्रेस ने प्रत्याशी नहीं उतारा। उक्त अवसर पर उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा, भाजपा चुनाव पर्वेक्षक देवजी भाई पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, सुनील यदु, आशीष जायसवाल, मोहन बांधे, ओम प्रकाश रात्रे, योगेश अनंत, मुरली माखीजा, सुरेश यदु, महाबल बघेल, गोपाल देवांगन, राजा कामनानी, नंदकिशोर अग्रवाल, धनेश मंधान, राकेश मंधान, विनय ठाकुर, रुपेश तिवारी, मन्नी महाराज, अमरजीत सलूजा, लडडू सोनी, रविन्द्र जैन, नवीन जायसवाल, संतोष सोनी, संजय शुक्ला, संतोष वर्मा, अमर छाबड़िया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता एवं पार्षदगण उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की घोषणा पर त्वरित अमल शुरू

## गिरौदपुरी मेला परिसर में शेड निर्माण हेतु किया गया नाप जोख क़ा कार्य

**पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार**
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की घोषणा पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित अमल शुरू कर दी गई है। गिरौदपुरी मेला समिति के अध्यक्ष धर्मगुरु गुरुबालदास साहेब एवं कलेक्टर दीपक सोनी की उपस्थिति में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने मेला परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार से मुख्य मंदिर तक स्थायी शेड निर्माण के लिए नाप जोख किया गया। मेला समिति के अध्यक्ष धर्मगुरु गुरुबालदास साहेब ने अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण शेड निर्माण के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गिरौदपुरी मेला के शुभारम्भ अवसर पर 4 मार्च 2025 को गिरौदपुरी पहुंच कर गुरु गद्दी का दर्शन एवं पूजा अर्चना कर प्रदेश वासियो की सुख समृद्धि के लिए कामना की थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने गिरौदपुरी मेला की राशि 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख करने तथा मेला परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार से मुख्य मंदिर तक स्थाई शेड निर्माण की घोषणा भी की।मेला परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार से मुख्य मंदिर तक स्थायी शेड निर्माण होने से दंडवत प्रणाम करते हुए जाने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा होगी। शेड निर्माण होने से श्रद्धालुओं को बारिश व धूप से निजात मिलेगी। मुख्य प्रवेश द्वार से मुख्य मंदिर तक करीब 1200 मीटर की दूरी तक स्थाई शेड निर्माण किया जाएगा। ज्ञाताव्य है क़ि कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में इस वर्ष गिरौदपुरी मेले में श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं का विस्तार किया गया है। इसके साथ ही पहली बार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मुख्य प्रवेश द्वार से मुख्य मंदिर तक अस्थायी शेड क़ा निर्माण भी किया गया है।

# सांसद ने 211 दिव्यांगों एवं वरिष्ठजनों को वितरित किया सहायक सामग्री



**पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार**
www.dailypioneer.com

जांजगीर- चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम के पास समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों हेतु सामग्री वितरण कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने 211 दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को सहायक सामग्री तथा 2 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग प्रदान किये।कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को एडीप योजनान्तर्गत 98 एवं 62 वयोश्री योजनान्तर्गत सहायक सामग्री का वितरण किया गया। इसके साथ ही समाज कल्याण विभाग द्वारा 51 दिव्यांगजनों को मोटराईज्ड ट्राइसिकल, सामान्य ट्राइसिकल, बैसाखी, श्रवण यंत्र व्हील चेयर, छड़ी वाकर, वयोश्री किट (कमर बेल्ट कम्बोर्ड) अन्य सहायक उपकरण वितरण किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद जांगड़े ने कहा कि हमारी सरकार दिव्यांगजन एवं वरिष्ठजनों की हर संभव मदद कर रही है। सहायक सामग्री एवं सहायक उपकरण वितरण के लिए हर जिले में शिविर लगाये जा रहे हैं। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के तहत दिव्यांगों एवं वरिष्ठजनों को लाभ दिलाया जा रहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर दीप्ति गोते, उप संचालक समाज कल्याण अरविन्द गेडाम सहित सभी विकासखण्डों के करारोपण अधिकारी, समाज शिक्षा संगठक, सचिवगण एवं विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत लवन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए गौरीशंकर अग्रवाल व विधायक संदीप साहू

**पायनियर संवाददाता ✓ लवन**
www.dailypioneer.com




नगर पंचायत लवन में शपथ ग्रहण समारोह नगर पंचायत कार्यालय भवन लवन में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, कसडोल विधायक संदीप साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष बलौदाबाजार सुलोचना यादव, एस डी एम अमित गुप्ता बलौदाबाजार, सहित नगर वासियों सहित पत्रकारो की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष की शपथ भाजपा के शिवमंगल सिंह चौहान सहित सभी पार्षदों ने विधिवत शपथ ग्रहण किये।अध्यक्ष सहित पार्षदों को एस डी एम अमित गुप्ता बलौदाबाजार ने दिलाया। इस अवसर पर नगर पंचायत लवन के सीएमओ प्रवेश प्रणव प्रधान सहित कर्मचारियों की उपस्थिति रहा।

# उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा का दबदबा कायम, नरेन्द्र साहू बने उपाध्यक्ष

**पायनियर संवाददाता ✓ लवन**
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत लवन में भाजपा का दबदबा, उपाध्यक्ष की रेस में भाजपा के नरेंद्र साहू ने कांग्रेस के प्रकाश ताम्रकार को 2 मतों से शिकस्त देकर उपाध्यक्ष की कुर्सी को किये अपने नाम। आपको बताते चलें कि नगर पंचायत लवन में नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित रहा। शपथ ग्रहण समारोह के बाद उपाध्यक्ष की चुनाव सम्पन्न हुआ जंहा कांग्रेस से प्रकाश ताम्रकार, भाजपा से नरेंद्र साहू आमने सामने चुनाव मैदान में उतरे। उपाध्यक्ष का फैसला नवनिर्वाचित पार्षदों ने किये नरेन्द्र साहू को 9 वोट पड़े तो प्रकाश ताम्रकार को 7 वोट पड़े। उपाध्यक्ष का चुनाव पीठासीन अधिकारी एस डी एम बलौदाबाजार अमित गुप्ता की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।विजय प्रत्याशी नरेन्द्र साहू को जीत के बाद पीठासीन अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। उपाध्यक्ष को बधाई देने के लिए जांजगीर चाम्पा लोकसभा सांसद कमलेश जांगड़े भी पहुंचे रहे, जंहा उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद का फूल मालाओं से स्वागत किये।

# शिक्षक के जन्मदिन पर जमनीडीह में न्योता भोजन का आयोजन

**पायनियर संवाददाता ✓ भंवरपुर**
www.dailypioneer.com

जमदरहा संकुल के शासकीय प्राथमिक शाला जमनीडीह में जन्मोत्सव के अवसर पर न्योता भोजन कराया गया। शिक्षक जितेंद्र नायक के जन्मदिन पर बच्चों को पूड़ी, चावल, अंडा सब्जी, दाल, मीठा दिया गया। साथ ही साथ सभी बच्चों को पानी बॉटल भी वितरित किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जे. आर. डहरिया, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे, लोकेश्वर कंवर, विनोद शुक्ला एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक (समग्र शिक्षा) बसना पूर्णानंद मिश्रा, संकुल समन्वयक डिजेन्द्र कुर्रे के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना अंतर्गत स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन देने के लिए नेवता का भोज का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत एक अनोखी पहल की शुरुआत की है, जिसे 'न्यौता भोजन' के नाम से जाना जाता है। यह योजना न केवल पोषण की दृष्टि से अहम है, बल्कि सामुदायिक भागीदारी और सामाजिक एकता को भी बढ़ावा देती है। उत्कृष्ट आयोजन के लिए नोडल प्राचार्य उत्तर कुमार चौधरी, प्रधानपाठक तेजस्विनी बरिहा, सरपंच प्रीतम चतुर्वेदी, शिक्षक बुधेश्वर साहू एवं ग्रामीणों ने



# नई शिक्षा नीति के तहत उन्मुखीकरण व संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन



**पायनियर संवाददाता ✓ भंवरपुर**
www.dailypioneer.com

नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शासकीय नवीन महाविद्यालय भंवरपुर में द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए प्राचार्य डॉ एसके साव के मार्गदर्शन एवं महाविद्यालय के प्रभारी एसके पटेल के निर्देशन में उन्मुखीकरण व संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार महाविद्यालय के प्रभारी एसके पटेल द्वारा द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों उद्देश्यों के साथ बहु विषयों अवधारणा और लर्निंग आउटकम आधारित कोर्स करिकुलम पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित छात्र-छात्राओं को विषय चयन से अवगत कराया। कार्यक्रम में सभी संख्याओं के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत द्वितीय सेमेस्टर में क्रेडिट आधारित कोर्स संरचना सतत् आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा प्रक्रिया के साथ ही साथ छात्रों के लिए उपलब्ध कोर्स समूह में से क्षमता संवर्धन पाठ्यक्रम पृथक संकाय से एक विषय जेनेरिक इलेक्टिव और कौशल विकास पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए इनके चयन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया । पटेल ने छात्र-छात्राओं को निर्धारित समय सारणी के अनुसार कक्षाओं में नियमित उपस्थिति प्रदान करते हुए अपना अध्ययन कार्य सुचारू रूप से जारी रखे जाने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।

# नगरी नगर पंचायत शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि बने महापौर रामू रोहरा

## महापौर को फलों से तौला गया, हुआ भव्य स्वागत

**पायनियर संवाददाता ✓ नगरी/धमतरी**
www.dailypioneer.com





नगर पंचायत नगरी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धमतरी महापौर रामू रोहरा थे। उनके साथ पिछड़ा वर्ग आयोग के नेहरू राम निषाद, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक पिंकी शिवराज शाह एवं श्रवण मरकाम, प्रदेश झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक महेंद्र पंडित, जिला महामंत्री अविनाश दुबे, राजेंद्र गोलछा, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नागेन्द्र शुक्ला, आराधना शुक्ला, नंद यादव, पूर्व उपाध्यक्ष अजय नाहटा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर रोहरा ने सर्वप्रथम शहीद जवान की प्रतिमा माल्यापर्ण किया। शपथ ग्रहण समारोह पश्चात रोहरा को फलों से तौला गया।

# भारत भूमि कोई जमीन का टुकड़ा नहीं यह एक राष्ट्र पुरुष जो विश्वगुरु बनकर आज पूरे संसार को प्रकाशित कर रहा : दीपक सिंह ठाकुर

**पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी**
www.dailypioneer.com



हिंदू जागरण मंच छग प्रांत सनातन धर्म की अलख जगाने मंगलवार हनुमानजी के मंदिर में सनातन सेना महाआरती कार्यक्रम में दीपक सिंह ठाकुर शामिल हुए जहां हनुमान चालीसा, हनुमानाष्टक, बजरंग बाण एवं हनुमान जी की आरती के उपरांत सनातन सेना से पुरुषोत्तम निषाद ने अपना उद्बोधन दिया, जिसमें उन्होंने माताओं, बहनों, भाइयों सभी को सनातन धर्म का महत्व समझाया और देश की आंतरिक सुरक्षा को लेकर गहन चिंता व्यक्त की। कार्यक्रम में मोहन साहू द्वारा भी समस्त सनातन परिवार को सेवा कार्य हेतु प्रेरित किया और सभी को अपने परिवार के साथ एक टाइम साथ में भोजन करने की सलाह दी और पर्यावरण के महत्व को समझाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक सिंह ठाकुर को उद्बोधन हेतु आमंत्रित किया गया जिसमे उन्होंने सर्वप्रथम बच्चे को बोर्ड परीक्षा की जमकर तैयारी करने हेतु कहा और सभी युवाओं को संघ में शाखा लगाने हेतु प्रेरित किया। सब नौजवानो को यह भी बताया कि स्वतंत्रता के महत्व को समझे और अपने राष्ट्र के मूल इतिहास से भी परिचय करवाया। उन्होंने बताया कि सल्तनत काल में कैसा महौल था, मुगल काल में क्या स्थिति थी, अंग्रेजो के समय देश की परिस्थितियों में कितना कष्ट हमारे पुर्वजों ने झेला। स्वतंत्रता को विरासत में मिली संपत्ति न समझें यह एक धरोहर है जो हमें एक पीढ़ी से आने वाली पीढ़ी तक हस्तांतर करना है और राष्ट्र के प्रति सदैव समर्पण का भाव रखकर कार्य करना है। कार्यक्रम में डाकेश्वर साहू ने सभी को प्रणाम कर आभार व्यक्त किया। हिंदू जागरण मंच छग प्रांत मारुति नंदन सेवा समिति सोरम के हनुमान मँदिर मे समाजसेवी दीपक ठाकुर, आरएसएस कार्यकर्ता मोहन साहू, डाकेश्वर साहू, पुरषोत्तम साहू आरती मे शामिल हुए। इसके साथ ही समिति के सदस्य हुमन यादव, बसंत यादव, अंकित यादव, हेमशंकर साहू, मिथलेश साहू, वासु साहू, जोगेंद्र साहू, गब्बर साहू, हरीश निषाद, रोशन साहू, टुमेन्द् साहू, दमन साहू, तुमन साहू, हिरू साहू, मगेंद्र साहू, गोली निषाद, दाऊ साहू एवं साथ मे युवतियों और महिलाओ ने भी इस हनुमान जी की आरती मे शामिल होकर अपने मन को श्री हनुमान जी की तरह सत्य मार्ग मे चलने के लिए खुद को प्रेरित किया।

# भारतीय जैन संगठना ने किया महिला दिवस का आयोजन



**पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी**
www.dailypioneer.com

भारतीय जैन संगठना की ओर से 1 मार्च को मकई गार्डन में वुमन्स डे एंड होली सेलेब्रेशन का कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्रीदेवी चौबे, सरिता दोषी, ज्योति पारख भखारा क्षेत्र शामिल हुए। इन सभी का महिला दिवस के अवसर पर भारतीय जैन संगठना द्वारा सम्मान किया गया। स्टेट लीडर फॉर नेशनल फाउंड प्रोग्राम सूर्या लुंकड, बीजेएस जोन प्रेसिडेंट वंदना चौरड़िया, अध्यक्ष संगीता नितिन गोलछा, सचिव इंदिरा लुंकड़, उपाध्यक्ष सुषमा चोपड़ा, सहसचिव रूपाली मिन्नी, कोषाध्यक्ष शिमला पारख, संरक्षक सरला पारख, चंचल लुंकड़ एवं सभी सदस्य बीजेएस परिवार राजकुमारी पारख, अनीता जैन, निर्मला लोढा, मंजू लुंकड़, शीलम बरड़िया, रेखा पींचा, निकिता लुंकड़, अनीता लुंकड़, दीपा जैन, वंदना जैन, दीपिका नाहर, रेखा गोलछा, दुर्गा दुग्गड़, संतोष जैन, मनीषा लुंकड़, किरण लूनिया, संगीता संचेती, विजयलक्ष्मी बैद, अंजू छाजेड़, अंजु लोढ़ा, अपेक्षा लोढ़ा, शकुन पारख, आरती सोनी, स्वाती मिन्नी, पूजा भंसाली, आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

# प्राथमिक शाला चेरूडीपा में जन सहयोग से चबूतरा निर्माण



**पायनियर संवाददाता ✓ भंवरपुर**
www.dailypioneer.com

संकुल केन्द्र जमदरहा के अन्तर्गत शासकीय प्राथमिक शाला चेरूडीपा में जन सहयोग से स्कूल प्रांगण के सामने चबूतरा निर्माण किया गया। प्रधानपाठक सतकुमारी चतुर्वेदी एवं संकुल समन्वयक डिजेन्द्र कुर्रे के प्रयास से गाँव वालों को जन सहभागिता के प्रेरित किया गया था। जिसका सार्थक परिणाम निकला। और आने वाले समय भी ग्रामीणों ने सहयोग के लिए आश्वासन दिए है। सहयोग करने वाले ग्रामीण में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष कलप राम मुंडा, राजकुमार मुंडा, बुधराम मुंडा, समारु मुंडा,इतवारू मुंडा, परसरम मुंडा,पंचराम मुंडा, झलिया मुंडा एवं कई ग्रामीण शामिल थे। उत्कृष्ट पहल के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी जे. आर. डहरिया, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे, लोकेश्वर कंवर, विनोद शुक्ला, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक पूर्णानंद मिश्रा नोडल प्राचार्य उत्तर कुमार चौधरी ने बधाई प्रेषित किये है।

# नगर की बुनियादी सुविधाओं में एक जुट होकर बेहतर काम करें : सांसद विजय बघेल

## नगर पालिका परिषद के नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण सम्पन्न

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदगणों का शपथ ग्रहण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह भव्य आयोजन जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में किया गया, जहां बेमेतरा नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय सिन्हा और नवनिर्वाचित पार्षदों ने अपने पद की शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल उपस्थित थे, जिनके साथ बेमेतरा के विधायक दीपेश साहू के साथ साथ पूर्व साजा के विधायक लाभचंद बाफना, पूर्व बेमेतरा के विधायक अवधेश चंदेल सहित सर्व परमेश्वर वर्मा, प्रह्लाद रजक, अजय साहू, राजेंद्र शर्मा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अतिथियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए नगर के विकास और कल्याण के लिए उनके कार्यकाल की सफलता की कामना की। इस महत्वपूर्ण अवसर पर नगर के कई गणमान्य नागरिक, स्थानीय नेता और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। समारोह का समापन नगर के सर्वांगीण विकास के संकल्प के साथ हुआ, जिससे बेमेतरा नगर के भविष्य की नई आशाएं और संभावनाएं जुड़ी हैं। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के पूर्व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिससे समारोह का माहौल और भी उल्लासपूर्ण बन गया। दोपहर 2 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हुआ और उसके बाद शाम 4 बजे से शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय सिन्हा ने नगर पालिका अध्यक्ष पद की शपथ लीद्य÷इसके पश्चात एक-एक करके पार्षदों ने बारी-बारी से शपथ लिया। कार्यक्रम के दौरान, प्रमुख अतिथि सांसद विजय बघेल और विधायक दिपेश साहू ने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षदों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने अपने संबोधन में नगर के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को नगर के सर्वांगीण विकास की दिशा में सहयोग देने का आश्वासन दिया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि वे नगर के विकास हेतु केंद्र सरकार से हर संभव सहायता दिलाने का प्रयास करेंगे, ताकि नगर की बुनियादी सुविधाओं में सुधार हो और नागरिकों का जीवन स्तर ऊंचा उठे। उन्होंने कहा कि नगर की बुनियादी सुविधाओं में एक जुट हो कर बेहतर काम करें। वहीं विधायक दिपेश साहू ने राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ नगर के विकास में शामिल करने का संकल्प लिया और नगर की जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने का वादा किया। दोनों अतिथियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों से आग्रह किया कि वे नगर की समस्याओं को समझते हुए पारदर्शी और जनकल्याणकारी नीतियों को प्राथमिकता दें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नगर का विकास सभी वर्गों के समन्वय से ही संभव है, और सभी निर्वाचित सदस्यों को एकजुट होकर नगर के हित में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ अतिथियों के विचारों का स्वागत किया।



# डाइट बेमेतरा में राज्य स्तरीय टीचिंग प्लान प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न

## डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने छात्राध्यापकों को भाग लेने किया प्रेरित

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रायपुर, छत्तीसगढ़ और स्टरलाइट एडइंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में इस वर्ष भी टीचिंग प्लान कम्पटीशन का आयोजन के क्रम में डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों के लिये टीचिंग प्लान प्रतियोगिता का आयोजन टीचेबल वेब एप के द्वारा आज 5 मार्च को जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान बेमेतरा में सम्पन्न किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी छात्राध्यापकों के लिये पर्यावरण विज्ञान, विज्ञान, हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित एवं सामाजिक विज्ञान विषयों में से कुछ चुनिंदा केस एवं चुनौतियाँ दी गईं। जिसमें से सभी प्रतिभागियों ने अपने पसंद के विषय के की चुनौतियों को चुन कर उस पर टीचिंग प्लान योजना का निर्माण किया एवं उसे टीचेबल वेब एप पे अपलोड किया एवं हार्ड कॉपी जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान बेमेतरा में जमा किया। इस जमा की गई कुल कापियों में से सबसे बेहतर 2 टीचिंग प्लान (एक प्राथमिक और एक उच्चतर प्राथमिक) का चयन करके जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान के द्वारा 10 मार्च 2025 तक राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रायपुर, छत्तीसगढ़ और स्टरलाइट एडइंडिया फाउंडेशन के दिये गए ईमेल पे भेजा जाएगा। इस पूरे आयोजन में सभी छात्राध्यापकों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। आयोजन की शुरुवात में जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बेमेतरा के प्राचार्य जे के घृतलहरे एवं सेवा-पूर्व प्रशिक्षण खंड के प्रभारी अनिल सोनी तथा अन्य फेकल्टिस ने छात्राध्यापकों को सफलता पाने हेतु प्रेरित किया। आयोजन के पश्चात विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किये। जो कि बहुत रोचक था। इस आयोजन के आगामी कड़ी में 5 अप्रेल को प्रत्येक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से 2 बेस्ट टीचिंग प्लान बनाने वाले 2 छात्राध्यापकों यानि कुल 18 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से चयनित कुल 36 छात्राध्यापकों के साथ इस प्रतियोगिता का फाइनल राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित किया जाएगा एवं प्राथमिक और उच्चतर प्राथमिक दोनों श्रेणी से प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले छात्राध्यापकों को सम्मानित किया जाएगा।



# उड़नदस्ता दल ने विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2025 (कक्षा बारहवीं) के अंग्रेजी विषय की परीक्षा का निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी उडनदस्ता दल क्र.-02 ने किया। इस दल का नेतृत्व सहायक संचालक यू.आर. चन्द्राकर ने किया, साथ ही दल में सतीश यादव (एम.आई.एस. प्रशासक) और व्याख्याता भगवती हठीले भी शामिल रहे। कक्षा बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के तहत कवर्धा और पण्डरिया विकासखंड के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

जिन परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया, उनमें कवर्धा विकासखंड के होलीक्रॉस स्कूल, शासकीय उ.मा.वि. जेवड़न खुर्द, शासकीय उ.मा.वि. रवेली और पण्डरिया विकासखंड के शासकीय उ.मा.वि. कंझेटा तथा नवीन परीक्षा केंद्र शासकीय उ.मा.वि. रूसे शामिल थे। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि परीक्षा सुचारू रूप से, सुव्यवस्थित और शांतिपूर्वक तरीके से संचालित हो रही थी। सभी परीक्षा केंद्रों में समुचित पेयजल, प्रकाश, प्रसाधन व पर्याप्त फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई थी। आलावा इसके, परीक्षा कक्ष के पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया गया कि सूचना पंजी में पर्वेक्षण कार्य कर रहे शिक्षक का विषय, संकाय अनिवार्य रूप से अंकित किया जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि परीक्षा विषय से संबंधित शिक्षक से पर्यवेक्षण कार्य न लिया जाए। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों द्वारा अनुचित साधनों का कोई भी प्रयोग नहीं किया गया। हालांकि, केंद्रों में ग्लूकोज और प्राथमिक उपचार सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया। इसके अतिरिक्त बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रपत्रों और पंजियों का समुचित संधारण किया जा रहा था, जो परीक्षा के संचालन के लिए आवश्यक मानकों के अनुरूप था।



# स्कूली विद्यार्थियों के आधार कार्ड सुधार कैम्प का आयोजन किया गया

## उमड़ रही भारी भीड़,पालक व विद्यार्थियों ने की राहत महसूस

पायनियर संवाददाता < सरायपाली
www.dailypioneer.com

विकास खंड में स्कूली विद्यार्थियों के आधार आई.डी. जनरेट कराने में हो रही परेशानियों के मद्देनजर आधार कार्ड से जुड़ी हुई विविध त्रुटियों को दूर करने हेतू आधार कार्ड सुधार कैम्प का आयोजन विकासखंड के चिन्हांकित स्कूलों में जिला कलेक्टर विनय कुमार लंगेह (आई.ए.एस.) के निर्देश पर डी.एम.सी.(समग्र शिक्षा) महासमुन्द रेखराज शर्मा के आदेशानुसार 5 मार्च से 11 मार्च तक किया जा रहा है जिसमें स्कूली विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं। इस संबंध में बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी ने कहा कि आज प्रथम दिवस 5 मार्च को शास.उच्च.माध्य.विद्यालय- अमरकोट, बलौदा, बानीगिरोला, सेजेस सरायपाली एवं मिडिल स्कूल बागद्वारी, मिडिल स्कूल भोथलडीह, आइडियल पब्लिक स्कूल पाटसेंद्री में आधार सुधार कैम्प का सक्रियता से आयोजन किया गया जिसका लाभ स्कूली बच्चों को मिला। वहीं बीआरसी सतीश स्वरुप पटेल ने कहा कि कल शास.उच्च. माध्य.विद्यालय- बिरकोल, डुडूमचुवां, जम्हारी, कलेंडा (सिंघोडा) हाई स्कूल झिलमिला, मिडिल स्कूल बोंदा में आधार सुधार हेतु कैम्प लगाया जाएगा जिसमें विद्यार्थी/ पैरेंट्स शामिल होकर आधार कार्ड सुधार कार्य करवाकर इस कैम्प का लाभ ले सकते हैं। यह कैम्प दोपहर 12 बजे से 5 बजे तक निर्धारित स्कूलों में किया जा रहा है जिसमें आधार करेक्शन के लिए आवश्यक समस्त दस्तावेज के साथ कैम्प में शामिल होकर लाभ ले सकते हैं। शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सतत मॉनिटरिंग में आधार कैम्प का सफल आयोजन हो रहा है।



# 'मटंग के युवा सरपंच अमित हिरवानी ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ, कहा बिना किसी भेदभाव के करेंगे ग्राम विकास



पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत पाटन के ग्राम पंचायत मटंग-बोदल के नवनिर्वाचित युवा सरपंच अमित हिरवानी एवं वार्डो के पंचों ने ईश्वर को साक्षी मानकर पद एवं गोपनीयता की शपथ लिया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि बिना किसी भेद-भाव के लोगों की सेवा करेंगे! इस अवसर पर पूर्व सरपंच डेगेशवरी रमेश वर्मा, डूलेश्वर साहू, परदेशी राम, मन्नू शिवारे,वार्ड पंच हितेश वर्मा, दादू वर्मा, धर्मेंद्र बंछोर, हेमू लाल, युगल कुमार, चंद्रिका बारले, राजकुमारी निर्मलकर, सरस्वती बाई, डाली यादव, निर्मला बाई, इन्द्राणी ठाकुर, लता गोयल, बिमला ठाकुर, पुष्पा मधुकर, गौरव ठाकुर, वेदराम यादव, वीणा साहू, रोहित निर्मलकर, किशन निर्मलकर, द्वारीका साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# परमहंस वार्ड के नागरिकों और स्कूली बच्चों को मिलेगी राहत



पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

वार्ड क्रमांक 3 सुभाष वार्ड, का कुछ भाग जो परमहंस वार्ड के अंतर्गत आता है, वहा स्थित गर्ल्स स्कूल से ठाकुर कॉम्प्लेक्स तक की सड़क काफी जर्जर हो चुकी थी। उक्त सड़क से गुजरने वाले आम नागरिकों और स्कूली बच्चों को काफी समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिस पर संज्ञान लेते हुए नव निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला ने पहल करते हुए कार्य का भूमि पूजन कर शुरूवात कराया। गौरतलब हो कि पूर्व में ही इस सड़क के सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए योजना तैयार कर अनुमति ली जा चुकी थी। नगर पालिका अध्यक्ष ने ठेकेदार के समक्ष इस कार्य को प्राथमिकता देने की बात रखी, जिसके बाद निर्माण कार्य तुरंत प्रारंभ कर दिया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस सचिव मक़बूल खान, राजा समेत कई स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सड़क निर्माण से उन्हें और स्कूली छात्रों को काफी राहत मिलेगी। जनप्रतिनिधियों एवं नगर पालिका प्रशासन द्वारा इस प्रकार की तत्परता से लोगों में विकास कार्यों को लेकर सकारात्मक उम्मीदें जगी हैं।

# प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा हीट एण्ड रन योजना एवं आगामी लोक अदालत पर की गई बैठक



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय बिलासपुर द्वारा रिट पीटिशन (सिविल) राजासी करण विरूद्ध यूनियन ऑफ इंडिया व अन्य में पारित निर्णय अनुसार द कम्पनसेशन टू विक्टम ऑफहीट एण्ड रन मोटर एक्सीडेंट के संबंध में बृजेन्द्र कुमार शास्त्री प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू एवं ए.के. बाजपेयी एडीएम की बैठक जिला न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में आयोजित की गई। उक्त बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश ने कहा कि पीड़ित पक्षकार की ओर से क्लेम कंपनसेशन में क्षतिपूर्ति हेतु आवेदन पेश करने की प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करने एवं एक्सीडेंट के परिणामस्वरूप हुई मृत्यु अथवा गंभीर चोट के लिए कम्पनसेशन निर्धारित करने और पीड़ित पक्ष को क्षतिपूर्ति प्रदान करने हेतु क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर को निर्देश दियें। साथ ही मोटरयान एक्सीडेंट स्कीम 2022 अनुसार क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर को संबंधित थाने से फर्स्ट एक्सीडेंट रिपोर्ट (एफए.आर.) एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट संबंधित अधिकारी तथा दुर्घटना होने की सूचना प्राप्ति के एक माह के भीतर ही संबंधित पुलिस अधिकारी थाना प्रभारी (एफए.आर.) की प्रति क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर को प्रेषित करेगा और पीड़ित पक्ष को उसके क्षतिपूर्ति, दावा अधिकार के संबंध में समस्त जानकारी उपलब्ध कराने हेतु पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया एवं आगामी नेशनल लोक अदालत 08 मार्च 2025 के संबंध में भी राजस्व मामलों में अधिक से अधिक प्री-सीटिंग कर पक्षकारों के मध्य राजीनामा किये जाने पर भी चर्चा किया। उक्त बैठक में मोहित सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बेमेतरा, निधि शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा एवं प्रशासनिक विभाग के अधिकारीगण की उपस्थिति रही।

# बैंक खाता को किराये में देने वाले के विरूद्ध 04 प्रकरण दर्ज कर किया अपराध कायम

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, के मार्गदर्शन में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों एवं सायबर सेल टीम द्वारा आनलाईन माध्यम से लोगो से सायबर ठगी करने वालो और उनको सहयोग करने वालो पर सतत नजर रखी जा रही है इसी क्रम में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक राकेश साहू ने प्राप्त जानकारी के आधार पर थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत संचालित बैंकों के म्यूल अकांउट खाता धारको के अवलोकन/जांच पर पाया गया कि थाना क्षेत्र के कुल 28 बैंक खाताधारक द्वारा सायबर धोखाधडी कर राशि को अपने बैंक खातों में प्राप्त कर म्यूल अकांउट के रूप में उपयोग कर अलग-अलग खातें में कुल रकम करीब 5,04,000/- रूपये की धोखाधडी कर राशि का व्ययन करने, उपयोग करने, संवर्धन करना पाये जाने से 28 म्युल खाता धारकों के खिलाफ अलग-अलग 04 अपराध दर्ज कर आरोपी खाताधारकों के विरूद्ध अपराध सदर धारा बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया हैं। साइबर फ्राड से बचने के लिए बेमेतरा पुलिस की अपील-बैंक खाता खोलते समय पूरी सतर्कता बरतें, किसी दलाल या अज्ञात व्यक्ति पर निर्भर न रहें और लालच में आकर अपना बैंक खाता किराए पर न दें। यादि आपके खाते में अचानक पैसा आता है और वह पैसा कहा से आया, इसकी जानकारी आपको नहीं है जो पैसा आपके खाते में आया है वह आपका नहीं है तो तत्काल अपने बैंक खाता शाखा में संपर्क कर जानकारी दें और भविष्य में आने वाली समस्या से बचें। बैंक/एटीएम/क्रेडिट/अधार कार्ड संबंधित अपनी निजी जानकारी किसी अनजान व्यक्तियों से साझा ना करें। किसी भी प्रकार का ओटीपी शेयर ना करें। कम समय में अत्यधिक रिर्टन देने का वादा करने वाले कंपनी में निवेश ना करें। फर्जी ब्रोकर्स के माध्यम से शेयर बाजार में निवेश कराने वालों से बचें। कस्टमर केयर हेल्पलाईन नंबर कम्पनी के अधिकृत वेबसाईट से प्राप्त करें। अनजान फोन द्वारा कोई घटना की जानकारी देकर पैसे की मांग करने पर तत्काल उस व्यक्ति/रिश्तेदारो से संपर्क कर वास्तविकता की जानकारी लें। किसी भी अनजान फोन काल पर विश्वास न करें। किसी भी अंजान व्यक्ति के वाट्सएप्प कॉल, वीडियो कॉल को अटेंड नहीं करना है, किसी भी प्रकार के ऑनलाईन लिंक पर क्लीक नहीं करना है।




## लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण पर जोर, निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

# कलेक्टर ने की विकास कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों को दी गति लाने के सख्त निर्देश

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने समय-सीमा बैठक में जिले में चल रहे विकास कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंचायत एवं नगरीय निकायों के चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो चुके हैं, इसलिए अब सभी अधिकारी राज्य और केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर ध्यान दें। बैठक में उन्होंने निर्माणाधीन परियोजनाओं, अधोसंरचना विकास कार्यों और सिंचाई योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन परियोजनाओं की मंजूरी मिल चुकी है, उनका कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए और जो पहले से शुरू हो चुके हैं, उनमें तेजी लाई जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी, अपर कलेक्टर मुकेश रावटे, नरेन्द्र पैकरा, विनय पोयाम सहित सभी एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर और जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

**सिंचाई परियोजनाओं और सड़क निर्माण,पीएम आवास कार्यों की समीक्षा-** कलेक्टर वर्मा ने जिले में स्वीकृत सिंचाई परियोजनाओं के तहत भू-अर्जन मामलों की समीक्षा करते हुए राजस्व विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि इन प्रकरणों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बन रही सड़कों की भी समीक्षा की और निर्माण कार्यों में किसी भी तरह की देरी न होने देने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिले में निर्माणाधीन आवासों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी आवास लंबित न रहे और यदि किसी कारणवश कार्य रुका है, तो तुरंत समस्या का समाधान कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए। कलेक्टर ने अमृत सरोवर योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद सीईओ जल्द से जल्द स्थलों का चिन्हांकन कर प्रस्ताव तैयार करें। साथ ही, उन्होंने निर्माण के दौरान निकली मिट्टी और मुरम का उपयोग सड़क निर्माण, खेल मैदान और अन्य सार्वजनिक स्थलों के लिए करने को कहा।



**विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता पर जोर**-कलेक्टर गोपाल वर्मा ने प्रभारी मंत्री, विधायक निधि, सांसद निधि और अनुसंशा से स्वीकृत विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मिनी स्टेडियम, सीसी रोड, नाली निर्माण, मंच निर्माण और महतारी सदन जैसी घोषणाओं का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए।

**फार्मर आईडी से किसानों को मिलेगा सीधा लाभ**-कलेक्टर वर्मा ने एग्रीस्टेक परियोजना के तहत किसानों के लिए फार्मर आईडी निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए इसे प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस योजना के तहत जिले के 1,27,956 किसानों को आईडी जारी की जाएगी, जिससे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना और किसान क्रेडिट कार्ड जैसी योजनाओं का लाभ सीधे मिल सकेगा। बैठक में जल जीवन मिशन और प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत जल आपूर्ति और सड़क निर्माण कार्यों की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य तय समय सीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। गौ-अभ्यारण परियोजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने कार्यों में तेजी लाने और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर (छ.ग.)**

**// धारा-30 (ख) के अधीन भू-खण्डों के विलियन हेतु सार्वजनिक सूचना //**

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद्वारा, यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रेम नरसिंघानी, श्री मयूर नरसिंघानी दोनों के पिता श्री संजय कुमार नरसिंघानी एवं श्री देवेश नरसिंघानी पिता श्री हरीश नरसिंघानी पता-मकान नं. 03, ब्लॉक नं. 03 आलोकि धाम के पीछे लालपुर फ्रूट मार्केट के पीछे लालपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम-बोरियाकला प.ह.नं. 81 स्थित भूमि खसरा नं. 1453 कुल रकबा 0.684 हेक्टे. हेतु आदेश क्रमांक 13980/नग्रानि/नियम-17/पी.एल.-55/2021, रायपुर, दिनांक 30.11.2021 द्वारा स्वीकृत अभिन्यास में स्थित वाणिज्यिक प्रयोजन के भूखंड कमांक 15, 16, 17 के विलियन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उक्त विलय के बारे में अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना के प्रकाशन के पन्द्रह दिन के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेगा। पूर्व स्वीकृत अनुज्ञा के ब्यौरे तथा विलियन किये जा रहे भूखंड का हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर (छ.ग.) आर.डी.ए. बिल्डिंग द्वितीय तल, शास्त्री चौक, जिला-रायपुर (छ.ग.) में कार्यालयीन समय के दौरान किया जा सकता है।

संयुक्त संचालक,
नगर तथा ग्राम निवेश,
क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर, छ.ग.

G-242505710/1

## संपादकीय

# मणिपुर की स्थिति सामान्य स्थिति बहाल

**मणिपुर** में मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह की विदाई तथा अरंबाई टेंगोल-एटी द्वारा हथियार सौंपने से राज्य में सामान्य स्थिति बहाल होने के संकेत मिल रहे हैं। मणिपुर में मैतेई और कुकी-जोमी समुदायों के बीच नस्ली तनावों के कारण पैदा टकराव में हालिया सप्ताहों में कुछ सकारात्मक संकेत देखने को मिले हैं। अरेबाई टेंगोल-एटी द्वारा हथियार सौंपने, अमित शाह द्वारा सभी सड़के खोलने के कठोर दृष्टिकोण तथा मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद हिंसा पीड़ित राज्य में शांति की नई संभावनायें पैदा हुई हैं। लेकिन तनाव बने रहने तथा क्षेत्र में हथियारों की लगातार मौजूदगी से सच्चे सुलह-समझौते की प्रक्रिया जटिल चुनौती बनी हुई है। एक हालिया सर्वाधिक उल्लेखनीय घटना 27 फरवरी को एटी समूह द्वारा 246 अथियार सौंपना है जिसके लिए मणिपुर के गवर्नर अजय कुमार भल्ला ने अपील की थी। इस कदम को तनाव घटाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है क्योंकि यह राज्य में मई, 2023 में नस्ली हिंसा शुरू होने के बाद हथियार सौंपने की सबसे बड़ी स्वैच्छिक कार्रवाई है। लेकिन सुरक्षा अधिकारियों व प्रेक्षकों ने चेतावनी दी है कि हथियार सौंपने की यह गतिविधि संभवत: एटी की पूरी जुझारू शक्ति समाप्त होना न हो। खबरों से संकेत मिलता है कि लूटे गए संवेदनशील हथियारों का केवल एक हिस्सा ही वापस किया गया है तथा सौंपे गए हथियारों में देशी हथियारों का बड़ा हिस्सा है। इसके साथ ही एटी ने कुछ शर्तों, जैसे पूर्ण सुरक्षा गारंटी तथा सदस्यों को माफी की बात कही है। इससे संकेत मिलता है कि इस चरमपंथी समूह का अभी काफी समर्थन बना हुआ है।



केन्द्रीय गृह मंत्री द्वारा 8 मार्च से मणिपुर के सभी राजमार्गों पर मुक्त आवागमन सुनिश्चित करने का निर्देश सामान्य स्थिति बहाल करने की दिशा में निर्णायक कदम है। सड़कों पर बाधायें राज्य की स्थाई समस्या है जिसका व्यापार, आवश्यक वस्तुओं के परिवहन तथा क्षेत्र के समग्र आर्थिक स्थायित्व पर असर पड़ता है। सरकार द्वारा अवैध बंकर समाप्त करने तथा नशा व्यापारियों पर निशाना लगाने की प्रतिबद्धता कानून-व्यवस्था बहाल करने के व्यापक लक्ष्य का अंग है। लेकिन इन निर्देशों के क्रियान्वयन के बारे में चिन्ता बनी हुई है। सभी सड़कों का खुला रखना सुनिश्चित करने के लिए समुचित संख्या में सुरक्षा बलों की निरंतर उपस्थिति अनिवार्य है क्योंकि निहित स्वार्थी समूह नई बाधायें खड़ी करने के प्रयास करेंगे। इसके साथ ही नशे पर लगाम लगाना भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है जिसे समुदायों को प्रभावित किए बिना ही लागू किया जाना चाहिए क्योंकि नस्ली समुदाय पहले से ही स्वयं को हाशियाकृत अनुभव कर रहे हैं। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के इस्तीफे तथा मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने से राज्य में सत्ता समीकरण बदले हैं। कुछ लोग पूर्व मुख्यमंत्री को एटी व मैतेई समूहों का खुला समर्थक मानते थे जिन्होंने नस्ली हिंसा में भूमिका निभाई थी। मुख्य मुद्दा मैतेई व कुकी-जोमी समुदायों के बीच विभाजन है जिसे संबोधित किया जाना चाहिए। दोनों पक्ष एक दूसरे को संदेह की नजर से देखते हैं और बिना दीर्घकालीन सुलह-समझौते की योजना के तनाव फिर से उभर सकता है। हथियार सौंपने के बावजूद अभी हजारों संवेदनशील हथियार गायब हैं जो सुरक्षा पर बड़ा खतरा पैदा करते हैं। कुकी-जोमी समूहों द्वारा अलग प्रशासन की मांग एक विवादास्पद मुद्दा है। सभी समुदायों की राजनीतिक आकांक्षाओं को संबोधित किए बिना शांति प्रयासों में स्थायित्व आने की समस्या बनी रहेगी। उम्मीद करनी चाहिए कि केन्द्र सरकार शीघ्रतिशीघ्र मणिपुर में सामान्य स्थिति को स्थाई बनाने में भी सफल होगी।

# महाकुंभः विकास भी, विरासत भी

व्यापक पैमाने वाले पर्यावरण-हितैषी व्यवहारों से लेकर भारतीय परंपराओं के असीम विवेक तक महाकुंभ ने प्रकृति के साथ सामंजस्य वाले विकास का नया माडल हमारे सामने पेश किया है।



अनुराग सक्सेना
(लेखक, पर्यटन क्षेत्र से संबद्ध हैं)

व्यापक पैमाने वाले पर्यावरण-हितैषी व्यवहारों से लेकर भारतीय परंपराओं के असीम विवेक तक महाकुंभ ने प्रकृति के साथ सामंजस्य वाले विकास का नया माडल हमारे सामने पेश किया है। दुनिया की आधी जनसंख्या को अपने आप में समेटने वाला चक्र एक आकर्षक अवधारणा है। विश्व के मानचित्र पर ऐसे चक्र की कल्पना अपने आप मे आश्चर्यजनक है। इस चक्र में वियतनाम के पूर्वी तट पर स्थिति 'बीबू खाड़ी' केन्द्र पर है जिसका व्यास 4,000 किलोमीटर है और इसमें दक्षिणी चीन, दक्षिणपूर्व एशिया तथा भारतीय उपमहाद्वीप शामिल है। लेकिन यह चक्र अपने आप में आश्चर्यजनक प्रतीत होता है। इस चक्र में दुनिया के भू-क्षेत्र का केवल 9 प्रतिशत हिस्सा शामिल है, पर इसमें दुनिया की आधी जनसंख्या निवास करती है।

यदि इस सरल यथार्थ के साथ ही औपनिवेशिक शासनों द्वारा की गई लूट को शामिल कर लिया जाए तो स्पष्ट होता है कि इस चक्र में रहने वाले ज्यादातर लोग वंचित व दयनीय स्थिति में क्यों रह रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए स्पष्ट है कि आखिरकार दुनिया के अधिकांश 'प्रगतिशील' कहे जाने वाले विचार 'विकसित पश्चिमी देशों' से क्यों आते हैं, जिनमें टिकाऊ विकास, पर्यावरण संरक्षण, खोज या शिक्षा तक शामिल हैं।

ऐसे में कोई आश्चर्य की बात नहीं कि दुनिया के तथाकथित गंदे व बिना कपड़ों के रहने वाले बहुसंख्य लोगों पर ये विचार विकसित पश्चिमी देशों तथा वहां से आए औपनिवेशिक शासकों द्वारा थोपे गए और अधिकांश लोगों द्वारा स्वीकार भी किए गए। लेकिन इन आयातित विचारों ने एक भयानक विभीषिका को भी जन्म दिया।

यह विभीषिका न केवल अधिकांश जनता, बल्कि पूरे ग्रह के लिए भी थी। इन आयातित विचारों के प्रभाव से स्थिति इतनी खराब हुई है कि अब इस ग्रह से बाहर निकलने की भावना यहां के



अधिकांश सबसे बड़े खरबपतियों की मूल भावना बन गई है। इस प्रकार पुरानी कहावत के अनुसार अब 'बाड़ अपनी फसल खुद खाने लगी' है।

इस स्थिति के एकदम उलट महाकुंभ एक वैकल्पिक माडल के रूप में हमारे सामने आया है। भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म में मोक्ष को सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थान मिला है। इस तरह एक प्रकार से महाकुंभ को पश्चिम के विनाश पैदा करने वाले विकास माडलों से भी 'मोक्ष' की भावना वाला कहा जा सकता है। भारत में व्याप्त इसी भावना से प्रेरित हो कर 1.4 मिलियन जनसंख्या वाले प्रयागराज शहर में एक महीने में 500 मिलियन से अधिक लोग महाकुंभ आयोजन में आए। इसे दूसरे व्यापक संदर्भ में देखें तो स्पष्ट होगा कि इस शहर में रहने वाले चार लोगों के शहरी परिवार में जैसे अचानक 1400 लोग आ गए।

यह अचानक जैसे आधी दुनिया के चक्र का यहां प्रकट हो जाना रहा हो। यदि प्रयागराज के स्थान पर दुनिया का कोई दूसरा शहर रहा होता तो वह 1400 गुना अधिक लोगों के आने से ध्वस्त हो गया होता। लेकिन इस शहर ने न केवल इतने लोगों का प्रबंधन किया, बल्कि वास्तव में इस बात का उदाहरण भी प्रस्तुत किया कि टिकाऊ विकास की अवधारणाओं के बावजूद मानवता अचानक इस प्रकार बड़ी संख्या में आने वाले लोगों से कैसे व्यवहार कर सकती है।

महाकुंभ के आयोजन ने यह दिखा दिया कि भारत की जनता इतने विशाल आयोजनों में किस प्रकार से अधिकतम सहयोग कर सकती है। हम में से जिन लोगों ने व्यक्तिगत रूप से महाकुंभ में भाग लिया वे वहां व्याप्त स्वच्छता और उसके रखरखाव से अभिभूत हो गए। हमने गौर किया कि प्रयागराज में इस आयोजन के दौरान प्लास्टिक के बजाय बड़े पैमाने पर बांस, एस्ट्रोटर्फ के बजाय जूट के बोरों, डीजल मोटरों के बजाय चप्पुओं से चलाई जाने वाली नावों तथा फासिल ईंधन से चलने वाले वाहनों के स्थान पर ई-रिक्शा का प्रयोग किया गया। इसके साथ ही महाकुंभ में डिस्पोजेबल मिनरल वाटर बोतलों के स्थान पर आरओ से शुद्ध किए जल का प्रयोग किया गया।

महाकुंभ में आए 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने सूखी पत्तियों से बने दोनों का प्रयोग किया, जबकि 'विकसित' देशों में छोटी जन्मदिन पार्टियों में भी लोग सिंगल-यूज़ प्लास्टिक का प्रयोग आमतौर से करते हैं। लेकिन शायद बहुत कम लोगों ने ही इस बात पर गौर किया होगा कि भारत के सबसे बड़े प्लास्टिक बाई-बैक कार्यक्रम का लक्ष्य रिसाइक्लिंग है। महाकुंभ में बचे-खुचे प्रसाद का प्रयोग जानवरों के लिए चारे के रूप में प्रयोग होना शुरू हुआ। यहां कांपैक्टर ट्रक चौबीसों घंटे काम करते थे तथा सौर शक्ति से संचालित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगातार काम कर रहे थे। इस प्रकार महाकुंभ में जारी टिकाऊ विकास के प्रयास एक अदृश्य नायक की तरह सामने आए। यह एक प्रकार से उस भारतीय संस्कृति के अंतर्निहित मूल्य प्रदर्शित करता था जिसमें परस्पर-निर्भरता को बहुत महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है तथा प्रकृति के अनुसार जीवन जीने को जीवनशैली के केन्द्र में रखा जाता है।

व्यापक रूप से देखें तो हाल ही में समाप्त टिकाऊ विकास पर कुंभ विश्व सम्मेलन ने इस अवधारणा को व्यापक रूप से व्याख्यायित किया। इसमें भारत के समृद्ध इतिहास तथा संस्कृति से समुचित सबक सीखे गए।

इस सम्मेलन में एक दर्जन से अधिक 'गिरमिटिया देशों' के मंत्रियों ने टिकाऊ विकास के बारे में अपने द्वारा सीखे सबकों का साझा किया। इनमें से अधिकांश की जड़ें प्राचीन भारतीय विवेक में निहित थीं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने स्वयं भाषा में निहित टिकाऊ विकास को सरल भाषा में व्यक्त किया।

उनके अनुसार 'दोहन' शब्द, यानी गाय से दूध दुहने को दो -हन इसलिए कहा जाता है क्योंकि प्राचीन विवेक के अनुसार गाय के केवल दो थनों से दूध निकालना चाहिए तथा बाकी उसके बछड़े के लिए छोड़ देना चाहिए। इसके उलट औद्योगिक स्तर पर दूध उत्पादन में गायों को हारमोन दिए जाते हैं और यह व्यवहार 'विकसित' पश्चिमी देशों में आम हो गया है। राम माधव ने प्राचीन भारतीय विवेक के आधुनिक व्यवहारों से संगम का आह्वान किया क्योंकि इसके बिना दुनिया में टिकाऊ विकास का संकट कभी हल नहीं हो सकता है।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण और टिकाऊ विकास ऐसी चुनौतियां हैं जिनका सामना शिखर सम्मेलनों में नहीं हो सकता है, बल्कि इसके लिए वैश्विक स्तर पर समृद्धतम विचारों का कनवर्जेंस होना चाहिए। वर्तमान शिखर सम्मेलन की तात्कालिकता को सुरेश प्रभु ने बहुत स्पष्ट रूप से सामने रखा। उन्होंने पूछा कि क्या दुनिया में हजारों साल के इतिहास और ज्ञान के बावजूद हम अगले 100 साल के बारे में भी कुछ निश्चित रूप से कह सकते हैं? पश्चिम की तेल और गैस फूंकने वाली अर्थव्यवस्थायें टिकाऊ विकास के बारे में चिन्ता करती रहेंगी। वे बड़े-बड़े वादे करेंगी और निजी जेटों में टिकाऊ विकास सम्मेलनों में भाग लेने के लिए जाती रहेंगी। अतीत की खनिजों का अत्यधिक प्रयोग करने वाली अर्थव्यवस्थाओं ने संतुलन बरतने से इनकार किया। वे इस भ्रम में जीवित रहेंगी कि जहरीले पूंजीवाद का विकल्प पेश करने वाले वे कम्युनिस्ट देश हैं, लेकिन अपनी जनता और इस धरती को भारी नुकसान पहुंचाएंगे।

भारत में हमें यह सरल यथार्थ स्वीकार करना होगा कि तोड़ने वाली चीजें कुछ जोड़ नहीं सकती हैं। भारत अपने प्राचीन विवेक के आधार पर यह प्रदर्शित कर सकता है कि आप प्रकृति को नुकसान पहुंचाए बिना ढांचागत संरचना का कहां तक विकास कर सकते हैं। विश्व मंच पर परिपक्वता प्राप्त करने के लिए न हमें अपना अहंकार प्रदर्शित करना चाहिए और न चेहरा छिपाना चाहिए। हमें अपनी आत्मा की शुद्धता और उस विचार माडल पर ध्यान देना चाहिए जिसका निर्यात हम कर सकते हैं।

हमें संतुलन स्थापित करने के लिए अपने सभ्यतामूलक मूल्यों पर ध्यान देना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस सम्मेलन पर दिए बयान में कहा था कि विश्व स्तर पर टिकाऊ विकास प्राप्त करने के लिए हमें एक सरल, पर शक्तिशाली सिद्धान्त का पालन करना चाहिए- 'विकास भी, विरासत भी।'

# सपने ऊंचे देखें और विनम्र रहें!

> मानसिक और शारीरिक अनुशासन बनाए रखना सफल नेताओं के लिए आवश्यक तत्व हैं। शारीरिक फिटनेस हमारी शारीरिक और मानसिक दोनों सहनशक्ति को बढ़ाती है।



[illegible]
(लेखक, भारतीय रेलवे से संबद्ध हैं)

सफलता एक लक्ष्य या उद्देश्य की सिद्धि है। सफल लोगों की सफलता का राज क्या है? असंभव का सपना देखें, अत्यधिक अनुशासित रहें, समर्पित और दृढ़ रहें, विपरीत परिस्थितियों में भी हर समय उचित निर्णय लें और अंत में सफलता का जश्न मनाते हुए विनम्रता बनाए रखें। सफल होने के लिए, एक इंसान को असंभव का सपना देखना जरूरी है।

सपने साहसी होने चाहिए। व्यक्ति को बड़ा सोचना चाहिए और किए गए कार्यों में साहसी होना चाहिए। रतन टाटा ने केवल अनुयायी न बनकर आगे से नेतृत्व करने पर जोर दिया। नेता बनें, अनुयायी नहीं। एक आदर्श नेता जिम्मेदारी लेता है। नेता के दिमाग का सामना करने और उसे चुनौती देने की जरूरत है। मानव मन चुनौतियों से प्यार करता है। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने पर, यह असंभव को संभव कर दिखाता है। मन रटने से प्रेरित नहीं होता, बल्कि कुछ असामान्य लिखने के लिए प्रेरित होता है।

मानसिक और शारीरिक अनुशासन बनाए रखना सफल नेताओं के लिए आवश्यक तत्व हैं। शारीरिक फिटनेस हमारी शारीरिक और मानसिक दोनों सहनशक्ति को बढ़ाती है व्यायाम के साथ-साथ व्यक्ति को स्वस्थ और संतुलित आहार का सेवन भी करना चाहिए जो बीमारियों को दूर रखता है और चुस्ती और फुर्ती बढ़ाता है। सफल व्यक्ति किसी भी क्षेत्र से हो सकते हैं- खेल, राजनीति, प्रशासन या उद्यमी।

हालांकि, मुख्य सिद्धांत शारीरिक फिटनेस और समय की पाबंदी बनाए रखना और समय पर कार्यक्रम बनाए रखकर विलंब से बचना है। यदि कोई नेता सुस्त है, तो संगठन ढीला, सुस्त और उदासीन हो जाता है। सफलता प्राप्त करने का मंत्र अत्यधिक अनुशासित होना है। ऐसा गुण कर्मचारियों को अपनी उत्पादकता के स्तर को बढ़ाने के लिए भी प्रेरित करता है। आध्यात्मिक पथ पर,



एक साधक को उत्साही दृढ़ता बनाए रखने और अपनी साधना को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता होती है। नियमित साधना मन को अपने दृष्टिकोण का विस्तार करने और इस प्रकार परम वास्तविकता को अपनाने का प्रयास करने के लिए प्रेरित करती है। अंतिम विश्लेषण में, यही अंतर्निहित उद्देश्य है यह व्यक्ति को दूसरों पर बढ़त और सहारा प्रदान करता है। कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। कड़ी मेहनत से शीघ्र और कुशल परिणाम प्राप्त होते हैं। इसके बाद दृढ़ संकल्प का गुण आता है। एक साधक, एक खिलाड़ी या एक उद्यमी के लिए आवश्यक रूप से दृढ़ निश्चयी होना आवश्यक है।

दृढ़ निश्चयी दिमाग मजबूत और विकसित दिमाग होते हैं। ये नवीन दिमाग होते हैं और कई तरह के विचारों और सकारात्मक विचारों को जन्म देते हैं। किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए ऐसे दिमाग और व्यक्ति हर समय दृढ़ निश्चयी होते हैं। ऐसे व्यक्तियों का दिमाग अत्यधिक उर्वर होता है और नियमित रूप से जादू पैदा करता है। एक असहनीय स्थिति अविश्वसनीय में परिवर्तित हो जाती है।

यह उनकी अंतर्निहित ताकत है। वे अतीत या भविष्य में नहीं जीते हैं, वे सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए वर्तमान क्षण में जीते हैं। हालांकि, सभी सफल व्यक्तियों, टीमों, कंपनियों या संगठनों की अंतिम पहचान विनम्रता वे कर्तापन की भावना से अछूते रहते हैं और अहंकारी बन जाते हैं। प्रतिस्पर्धी और गलाकाट माहौल में, खेल में आगे रहने के लिए विनम्रता की बहुत बड़ी मदद आवश्यक है।

विनम्रता जिज्ञासा को बढ़ाती है और इस प्रकार सीखने में तेजी लाती है। विनम्रता के बिना, आप कभी भी एक अच्छे श्रोता नहीं बन सकते हैं और अपने आस-पास के ग्राहकों, सहकर्मियों और हितधारकों की आवाज़ों को नहीं समझ सकते हैं। विनम्रता सफलता की असली कुंजी है।

सफल लोग कई बार अपना रास्ता खो देते हैं। विनम्रता उनके अहंकार और आत्म-भोग के जाल को रोकती है। विनम्र लोग सफलता की यात्रा जारी रखने के लिए केंद्रित और भूखे रहते हुए श्रेय और धन साझा करते हैं, रिक पिटिनो लिखते हैं।

## आप की बात

### मौसम का मिजाज

**व्यापार**, खेती सब कुछ मौसम के मिजाज पर निर्भर होने से मौसम की अनुकूलता का कौन इंतजार नहीं करता। वास्तव में मौसम पर ही कृषि का उत्पादन निर्भर करता है। किसान इसका अंदाजा अपने परंपरागत स्त्रोतों से लगाकर ही खेत में अनुकूल फसल की बुआई करता है। मौसम की अनुकूलता और प्रतिकुलता पर सारी अर्थव्यवस्था टिकी हुई है। मौसम की मेहरबानी किसानों ही नहीं आम लोगों को उत्साहित कर देती है, मगर मौसम की बेरुखी सारे समीकरण बिगाड़ कर रख देती है। खेती बिगड़ने का दुष्प्रभाव किसानों से शुरू हो कर आम आदमी तक महसूस होता है। इस बार फिर मार्च की शुरुआत से ही गर्मी ने रफ्तार पकड़ी है इससे आने वाला समय कठिन हो सकता है। इस बार पूरे देश में मार्च से ही भीषण गर्मी शुरू होने के आसार हैं। हरी फसलों में जब दाना पकने का समय आता है तब धीरे-धीरे बढ़ती गर्मी उत्पादन के लिए जरूरी होती है लेकिन अचानक तापमान बढ़ने के कारण फसलें जल्दी पकने लगती इससे उत्पादित फसल की किस्म और उत्पादन दोनों में गिरावट आती ही है। ऐसे में अब हालात के अनुसार फसल और बीजों के प्रयोग के सिवाय दूसरा कोई रास्ता नहीं रह जाता है। इस समय जरुरत इस तरह की किस्में तैयार करने की है जो थोड़े अधिक तापमान को सहन कर सकती हों। यह वैज्ञानिकों की जिम्मेदारी है।

**- अमृतलाल मारू,** इंदौर

### कठोर कार्रवाई जरूरी

**इलाहाबादिया** द्वारा की गई फूहड़ और अश्लील टिप्पणी के मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला बहुत उदार है, जबकि ऐसे मामले में कठोर कार्रवाई की जरूरत थी। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के लिए दिशा निर्देश और नियम जारी करने के निर्देश दिए हैं जो ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के अनुचित उपयोग को रोकने के लिए आवश्यक हैं। लेकिन दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट ने अश्लील टिप्पणी के आरोपी को जमानत और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर काम करने की इजाजत भी दे दी। इस फैसले से एक गलत नजीर पेश हो सकती है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अश्लील टिप्पणी करना और फूहड़ता फैलाना माफी के योग्य है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अश्लील टिप्पणी और फूहड़ता के मामले में सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है। ऐसे मामलों में आरोपियों को जमानत नहीं मिलनी चाहिए और उन्हें ओटीटी प्लेटफॉर्म पर काम करने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। इसके अलावा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म को भी अपनी जिम्मेदारी का एहसास करना चाहिए और अश्लील और फूहड़ सामग्री प्रचारित करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रा के नाम पर ऐसी चीजों की अनुमति देना भारत की भावी पीढ़ियों के लिए अत्यधिक खतरनाक है जो अपना बहुत सा समय ऐसे कार्यक्रमों को देखने में बिताते हैं।

**- सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### भारत की गरिमा

**भारत** जो वैदिक संस्कृति का आलोक-पुंज है आज विश्वमंच पर अपनी अद्वितीय गरिमा से प्रकाशमान हो रहा है। युगों से ज्ञान-विज्ञान, दर्शन और सहिष्णुता के आदर्शों को संजोए हुए यह राष्ट्र वर्तमान में अपनी नीति-नैतिकता एवं वैश्विक दृष्टिकोण के माध्यम से नवयुग का सूत्रपात कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में स्वदेशी स्वाभिमान के साथ संतुलन एवं समरसता का परिचय दिया है। वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत पर आधारित भारत की विदेश नीति ने संपूर्ण विश्व को शांति, सहयोग एवं समृद्धि की राह दिखाने का संकल्प लिया है। ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, व्यापारिक सहमति और सुरक्षा जैसे विषयों पर भारत की निर्णायक भूमिका इसकी बौद्धिक क्षमता एवं नैतिक प्रतिबद्धता का साक्षात्कार कराती है। वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा केवल आर्थिक समृद्धि तक सीमित नहीं है अपितु योग, आयुर्वेद और आध्यात्मिक चिंतन के माध्यम से मानव कल्याण की पथप्रदर्शक भूमिका निभा रही है। स्वदेशी रक्षा उत्पादन, डिजिटल क्रांति और चंद्रयान अभियान जैसे प्रकल्प आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार करने की ओर अग्रसर हैं। भारत-अमेरिका संबंधों में प्रगाढ़ता, यूरोपीय संघ के साथ ऊर्जा एवं व्यापारिक समझौते तथा वैश्विक दक्षिण देशों के प्रति सहृदय दृष्टिकोण भारत की संतुलित कूटनीति के द्योतक हैं।

**अवनीश कुमार गुप्ता,** आजमगढ़

### बच्चों पर दबाव

**भागदौड़** की व्यस्तम जिंदगी में बहुत से माता पिता अपने बच्चों की परीक्षा के समय ज्यादा नंबरों की उम्मीद रखते हैं साथ ही बच्चों पर ज्यादा अंक लाने का दबाव बनाते है। इससे बच्चों में घबराहट तथा एकाग्रता की कमी से भटकाव उत्पन्न होता है । परीक्षा उपरांत कई बच्चे घर से भाग जाते और कई खुदकुशी कर लेते हैं। बच्चों के लिए अंकों की होड़ में शामिल होने के बजाए अपनी एकाग्रता, लगन, विश्वास आदि से की गई पढाई और अपने शिक्षकों द्वारा पढाये गए विषयों को एकाग्रचित होकर मनन करना ही श्रेष्ठ होता है। नबरों के लिए प्रतिस्पर्धा का भाव मन में नहीं रखने से सभी साथ में पढ़ने वाले मित्र बन जाते हैं। वे ताउम्र याद रहते और अपनी मित्रता निभाते है। वैसे हर माता पिता अपने बच्चे के चेहरे पर खुशी देखना चाहता है और पूरा परिवार भी उससे उम्मीद लगाए रखता है। ऐसे में कोई गलत कदम उठाना प्रियजनों के प्रति धोखा ही हो सकता है। बच्चों को कभी घबराना नहीं, बल्कि विपरीत स्थितियों से मुकाबला करना चाहिए। माता-पिता को भी बच्चों पर दबाव डालने के बजाय उनसे मित्रवत व्यवहार करना चाहिए।

**- संजय वर्मा,** मनावर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# जिले की तीन जनपद पंचायत पर भाजपा समर्थित अध्यक्ष जीते , बेरला में कांग्रेस का कब्जा

## बेमेतरा विधान सभा की बेरला जनपद में कांग्रेस की बड़ी जीत हुई ,बेमेतरा में उपाध्यक्ष पर हुई काबिज

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले की चार जनपद पंचायत बेमेतरा, बेरला, नवागढ़, साजा में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण की गई, जिसमें तीन जनपद पंचायत साजा, नवागढ़, बेमेतरा में भाजपा समर्थित अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया, वही एक जनपद पंचायत बेरला में कांग्रेस ने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर बड़ी जीत दर्ज किए। वही बेमेतरा जनपद में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी ने उपाध्यक्ष पद निर्वाचित हुआ। जनपद पंचायत चुनाव में खास बात यह रही कि अपने विधान सभा क्षेत्र नवागढ़ में मंत्री दयाल दास बघेल ने समर्थक जनपद पंचायत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के पदों में निर्विरोध निर्वाचित कराने पर सफल रहे कांग्रेस का कोई प्रत्याशी मैदान मौजूद नहीं था। इसी तरह मंत्री बघेल ने बेमेतरा जनपद पंचायत में अध्यक्ष पद भी भाजपा समर्थित अध्यक्ष पद निर्विरोध निर्वाचित करने में कामयाब परंतु उपाध्यक्ष में



कांटे की टक्कर रही और कांग्रेस समर्थित मिथिलेश वर्मा निर्वाचित हुए। साजा जनपद में भाजपा ने दोनों पदों पर कब्जा करते हुए जनपद से कांग्रेस को बेदखल कर दिया बता दें कि एक दशक से ज्यादा कब्जा रहा था। मंगलवार हुए जनपद पंचायत नवागढ़ में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के लिए हुए चुनाव में क्षेत्र क्रमांक 07 मुरता से सदस्य बने खोरबहरा साहू को अध्यक्ष एवं क्षेत्र क्रमांक 19 कुंरा से सदस्य माया हीरा बारले को उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। दोनों भाजपा समर्थित है जोकि निर्विरोध चुने गए। बेमेतरा जनपद पंचायत में एससी आरक्षित था जिसमें भाजपा समर्थित जनपद सदस्य हेमा दिवाकर ने अध्यक्ष पद पर दावेदारी पेश की गई थी जिससे वे निर्विरोध निर्वाचित घोषित की गई। परंतु बेमेतरा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पद पर कांटे की टक्कर में टास से कांग्रेस के मिथलेश वर्मा की जीत सुनिश्चित हुई । कांग्रेस ने बेरला जनपद की दोनों सीट फतह करने में कामयाब रही। जहाँ अध्यक्ष चुनाव में कांग्रेस अधिकृत उम्मीदवार माधुरी रवि परगनिहा तारालीम ने भाजपा समर्थित प्रत्याशी सरोज यादव आनन्दगाँव को 05 मतों के अन्तर से हराया। जनपद पंचायत बेरला की कुल 25 सदस्यों में मधुरी रवि परगनिहा को 15 एवं सरोज यादव को 10 वोट मिला। जबकि उपाध्यक्ष निर्वाचन में कांग्रेस समर्थित शुभम वर्मा(बारगाँव) ने गौकरण साहू(झलमला) को महज 01 वोट से हराया। दोनों उम्मीदवार के बीच मतो का विभाजन क्रमश 13 व 12 रहा ।साजा जनपद पंचायत में साजा क्षेत्र के बेलगांव निवासी व भाजपा समर्थित युवा सदस्य जितेन्द्र साहू ने 15 वोट पाकर कांग्रेस समर्थित भैसामुडा गाँव निवासी जानकी प्रह्लाद वर्मा 05 मतो से हराया। वही उपाध्यक्ष की सीट पर भाजपा अधिकृत नारद पटेल ने कुल 25 में से 16 मत पाकर जीत हासिल की। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस समर्थित खैरझिटी वाले डाकवर पटेल को करीब 03 मतो से हराया।

# सरकार की बजट से सभी वर्गों का होगा विकास : तोरण साहू

पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 25 वां बजट पेश किया है । ओपी चौधरी इस बार गति थीम पर बजट पेश कर रहे हैं। गति मतलब जी का अर्थ गुड गवर्नेंस, अर्थ एक्सलेरेटिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर, टी का अर्थ टेक्नोलॉजी और आई का मतलब इंडस्ट्रियल ग्रोथ से है। इसके पहले चौधरी ने ज्ञान थीम पर बजट पेश किया था। साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारियों को मिलने वाला महंगाई भत्ता डीए बढ़ाकर 53% कर दिया गया है । मार्च माह का वेतन जो अप्रैल में देना होगा , हुए महंगाई भत्ते के साथ दिया जाएगा। नपा अध्यक्ष साहू ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि पत्रकार साथियों के विशेष योगदान को देखते हुए मुख्यमंत्री के निर्देश पर अनेक प्रावधान किए हैं। रायपुर में प्रेस क्लब के रिनोवेशन और विस्तार के लिए एक करोड रुपए का बजट प्रावधान किया है। पत्रकार सम्मान निधि की राशि को दोगुना करते हुए 10,000 से बढ़कर 20,000 करने का निर्णय लिया है। पत्रकार साथियों के एक्सपोजर विजिट के लिए एक करोड़ रुपए का बजट प्रावधान। राज्य में प्रवासी सम्मेलन कराया जाएगा। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट भाषण में कहा कि 3 हजार नये बस्तर फाइटर की भर्ती होगी। छत्तीसगढ़ में एनएसजी की तर्ज पर एसओजी, सीआईएसएफ की तर्ज पर स्ढ्स्स्र का गठन होगा। इसी प्रकार भूमि कृषि मजदूर कल्याण योजना के माध्यम से 5 लाख 65 हजार भूमिहीन मजदूरों को सालाना 10 हजार की आर्थिक सहायता दी जाएगी। योजना के लिए 600 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया। कृषि पंपों के निशुल्क विद्युत प्राय योजना के लिए 3 हजार 500 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 75,00 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया। आगे बजट में दिव्यांगों के लिये विशेष स्कूल के लिये पांच करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। महिलाओं के विकास पर फोकस करते हुए आठ लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के लिये 1500 करोड़ रुपये का प्रावधान और पीएम आवास योजना ग्रामीण का दायरा बढ़ाया गया है। साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी का ध्यान रखते हुए छत्तीसगढ़ में गरीबों के लिए 18 लाख मकान बनेंगे।

# कल्पना योगेश तिवारी बनी बेमेतरा जिला पंचायत अध्यक्ष

## जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद पर भी महिला विजयी हुए, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सौपा विजय प्रमाण पत्र

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला बेमेतरा में जिला पंचायत के अध्यक्ष उपाध्यक्ष के लिए हुए निर्वाचन में दोनों पद पर भाजपा के महिला समर्थित सदस्य जीत हासिल किया जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर कल्पना योगेश तिवारी विजय हुई। उन्होंने प्रत्याशी शशि प्रभा गायकवाड़ को हराया। तिवारी को 10 और गायकवाड़ को 4 सदस्यों के मत मिले वहीं जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद पर भाजपा समर्थित खुशबू गोविंद पटेल जीते बुधवार को दोपहर दो बजे से जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष के लिए नव निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों का बैठक रखी गई थी जहां पर नव निर्वाचित सदस्य पहुंचे इस के बाद बैठक शुरू हुई जहां पर सबसे पहले जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई यहां भाजपा समर्थित कल्पना योगेश तिवारी ने नांमाकन पत्र दाखिल किया वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस समर्थित शशि प्रभा गायकवाड नांमाकन पत्र दाखिल किया चूंकि दो होने के कारण मतदान प्रक्रिया अपनाई जहां पर कल्पना योगेश तिवारी को 10वोट मिला वहीं कांग्रेस समर्थित शशि प्रभा गायकवाड को 4वोट से संतुष्ट होना पड़ा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग ने विजय प्रत्याशी कल्पना योगेश तिवारी को विजय प्रमाण पत्र सौपा





### खुशबू गोविंद वर्मा बनीं जिला पंचायत उपाध्यक्ष

इसके बाद जिला पंचायत उपाध्यक्ष के हुए निर्वाचन में जिला पंचायत सदस्य खुशबू गोविंद वर्मा विजय हुई। उन्होंने प्रत्याशी सुशीला जोशी को हराया। खुशबू को 10 और सुशीला जोशी को 4 सदस्यों के मत मिले उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग ने विजय प्रत्याशी खुशबू गोविंद वर्मा को विजय प्रमाण पत्र सौपा निर्वाचन जिला पंचायत के सभागार में वैलेट पेपर से पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हुआ। डिप्टी कलेक्टर पिंकी मनहर उपस्थित थी। निर्वाचन जिला पंचायत के सभागार में वैलेट पेपर से पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हुआ इस अवसर पर सांसद विजय बघेल, विधायक दीपेश साहु, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल प्रभारी भरत वर्मा, भाजपा से वही कांग्रेस से मौके पर कोई नहीं था परन्तु पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यालय से कमान संभाले हुए थे।

# आरटीओ विभाग की मेहरबानी से बिना इंश्योरेंस, परमिट के सड़को पर दौड़ रही अनफिट यात्री बसें





पायनियर संवाददाता ‹ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के आरटीओ विभाग की मेहरबानी से सड़कों पर बेरोक बेटोक बिना परमिट, इंश्योरेंस के अनफिट कंडम बसें फर्राटे से दौड़ रही हैं। एक साल से कई बसों के फिटनेस एक्सपायर्ड हो चुका है, इंश्योरेंस और पीयूसी समाप्त हो चुका है, यहां तक परमिट और रोड़ टैक्स की तिथि भी खत्म (एक्सपायर्ड) हो चुकी है, बावजूद ऐसी यात्री बसों के संचालन सड़को पर किया जा रहा हैं। क्षेत्र में चलने वाली यात्री बसें नियम कायदे को ताक में रखकर संचालित हो रही है। जिन पर आरटीओ अधिकारी कार्यवाही के बजाय उदासीन होकर मुकदर्शक बने हुए है। शायद विभाग को किसी बड़े हादसे का इंतजार है। वैसे भी विभाग तब तक सर्तक नहीं होता जब तक की देश, प्रदेश एवं जिले में कोई बड़ी दुर्घटना नहीं घट जाए। हादसा होने के बाद चंद दिन विभाग को नियम कायदो का पालन कराना जरूर याद रहता है। जिन्हें कुछ ही दिन बाद पुरानी यादों की तरह भुला दिया जाता है। कुछ इसी तरह जिले का परिवहन विभाग बस संचालकों पर बड़ा मेहरबान हैं। इसका सहज अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि अभी बीते निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जितने भी बसों का अधिग्रहण किया गया था, उसमें से अधिकांश बसें अनफिट थी। उनमें से न तो किसी का इंश्योरेंस था और न ही किसी की परमिट। पीयूसी भी ख़त्म हो चुका था। ऐसी बसों का संचालन आरटीओ विभाग द्वारा करवाया जा रहा हैं। जो सड़कों पे बेधड़क दौड़ रही है। सारे नियम कायदों को ताक पर रख बसों का संचालन किया जा रहा है। जिससे आरटीओ विभाग के अधिकारी की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में हैं।

### पिछले साल मई-जून में इंश्योरेंस और फिटनेस हुआ एक्सपायर्ड

अभी बीते 19 फरवरी को त्रिस्तरीय पंचायत के दौरान सरदार पटेल मैदान में मतदान दलो को ले जाने वाली जिस बस क्रमांक सीजी 07 ई 0424 को जिला पंचायत सीईओ डॉ सजंय कन्नौजे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था, उस बस का 30 मई 2024 को फिटनेस समाप्त हो चुका है, रोड़ टैक्स 28 फरवरी 2025 को, इंश्योरेंस 16 जून 2024 को, पीयूसीसी एक जून 2024 को समाप्त हो चुका है। ठीक इसी तरह 22 फरवरी को गुरुर मुख्यालय में भी पंचायत चुनाव में अधिग्रहण की गई अधिकांश बसों की यही स्तिथि है। शर्मा कंपनी की बस क्रमांक सीजी 04 ई 1624 का फिटनेस 25 मई 2024 को, टैक्स 28 फरवरी 2025 को, इंश्योरेंस 11 फरवरी 2025 को पीयूसीसी 28 जून 2024 को और परमिट 31 मई 2022 को समाप्त हो चुका है। अब यहाँ गौर करने वाली बात है कि बिना इंश्योरेंस, बिना परमिट, बिना रोड टैक्स, के ऐसी बसों का संचालन आखिर करने क्यो दिया जा रहा है। कल को अगर कोई बड़ी घटना घटती है, तो उसकी जवाबदारी कौन होगा..? बालोद जिले के अंदर अधिकांश वाहने अनफिट सड़कों पर दौड़ रही हैं।

### इन नियमों की भी उड़ रही धज्जियां

बस संचालक निर्धारित स्थानों के बजाय पूरे रास्ते मनमर्जी से सवारी उतारते-चढ़ाते हैं। जिससे जाम की स्थिति बनी रहती है। बस चालक नए बस स्टैंड पर पहुंचने के लिए अंधाधुंध गति से बसे दौडाते है। नए बस स्टैंड से निकलने के बाद रास्ते भर मनमर्जी जगह-जगह बसों को रोक जाम की स्थिति पैदा करते इन्हें देखा जा सकता है, कहीं भी बीच सड़क पर यात्री को उतारते चढ़ाते नजर आते हैं।

### परमिट कहां का और कहां दौड़ती है बसें

कई यात्री बसों एवं अन्य यात्री वाहनों के परमिट ग्रामीण क्षेत्रों का होते है, लेकिन ये वाहन हाईवे पर दौडते नजर आते है। इसके अलावा कई वाहन 15 साल पुराने अनफिट की श्रेणी में होने के बाद दौडते देखे जा सकते है। ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में नियम कायदों को ताक पर रखकर ऐसी बसों का संचालन किया जा रहा है, ऐसा नहीं है कि इस बात की जानकारी आरटीओ में बैठे विभाग के अधिकारी को नहीं। लेकिन आपसी तालमेल बना ऐसे कार्यों को संरक्षण दिया जा रहा है।

### अंदर खचाखच, गेट पर लटकाते सवारी

बालोद शहर से जुडे रूट पर चलने वाली यात्री बसों के चालक परिचालकों द्वारा बेहद चतुराईपूर्वक शहर से बाहर से ही गेट पर सवारियां बैठा ली जाती है। वहीं शहर आते समय इन संवारियों को शहर के समीप ही गेटो से अंदर कर लिया जाता है। बताया गया है कि कई यात्री वाहन बिना फिटनेस और वैधता के चल रहे है। परमिट किसी गाड़ी का और परिचालन किसी अन्य गाडी का कर रहे हैं।

# पंजाब एण्ड सिंध बैंक प्रबंधक के सेवानिवृत्त होने पर दी गई विदाई



पायनियर संवाददाता ‹ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

पंजाब एण्ड सिंध बैंक प्रबंधक मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के ऑफिसर एसोशिएशन यूनियन के चेयरमेन सुरेन्द्र कुमार बैध बैंक के कार्य भार से सेवानिवृत्त हो गये, उनके सेवानिवृत्त होने पर दल्लीराजहरा, बालोद, राजनांदगांव, रायपुर व छत्तीसगढ़ के अन्य ब्रांचों के अधिकारी व कर्मचारियों सहित खाता धारकों ने सुरेंद्र बैध के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह का भव्य आयोजन कर उनका श्रीफल व शाल देकर सम्मान किया। सुरेंद्र बैध वर्तमान में पंजाब एण्ड सिंध बैंक भिलाई सेक्टर 6 के चेस्ट विभाग में पदस्थ रहकर सेवा निवृत हुए है। सुरेंद्र बैध दल्लीराजहरा ब्रांच में भी बैंक प्रबंधक के रूप में पदस्थ रहे, दल्ली राजहरा, बालोद, राजनांदगांव, रायपुर व छत्तीसगढ़ के अधिकांश पंजाब एण्ड सिंध बैंक के अधिकारी कर्मचारी सहित खाताधारकों ने सुरेंद्र कुमार बैध के रिटायरमेंट कार्यक्रम में पहुंचकर उनका सम्मान किया। पंजाब एण्ड सिंध बैंक युनियन के चेयरमेन चौधरी, वरिष्ठ प्रबंधक सेवानिवृत्त अधिकारी भाटिया, बैध व उनकी पत्नी सहित सभी परिवार के सदस्यों का श्रीफल व शाल देकर सम्मान किया। सेक्टर 6 में स्थित पंजाब एण्ड सिंध बैंक को बैध के सम्मान में दुल्हन की तरह सजाया गया। बैध की 36 साल के कार्यकाल के अनुभव को विभिन्न ब्रांच से आये अधिकारी व कर्मचारियों ने उनके साथ बीताए हुए पलो को शेयर किया। दल्लीराजहरा ब्रांच के प्रबंधक पास्कल टोप्पो राजनांदगांव ब्रांच प्रबंधक संजीव कुमार ठाकुर, सुपेला ब्रांच प्रबंधक नवीन व अन्य ब्रांच के अधिकारी कर्मचारी सम्मान समारोह में पधारे व बैध के साथ किये कार्यों को याद किया। बैंक अधिकारियों ने इस सम्मान समारोह कार्यक्रम में कहा की बैध के साथ काम करने का एक अलग ही अनुभव हम सभी को प्राप्त हुआ है। हर सुबह बैंक आने पर इनके साथ कार्य करने पर नई उर्जा के साथ बैंक के खातादारों के साथ तालमेल समंजस्य बनाने बैंक के जटिल से जटिल कार्य हो उसे किस प्रकार निपटाना है हम सभी को सीखने को मिला है।

# पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को निराशाजनक कहा

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा विधानसभा में 2025 26 के लिए प्रस्तुत बजट को निराशाजनक करार दिया है उन्होंने कहा है कि इस बजट में छत्तीसगढ़ राज्य के आधार स्तंभ यहां के किसानों के लिए इस सरकार ने इस बजट में किसी भी प्रकार से कोई प्रावधान नहीं किया है नहीं किसानों को किसी प्रकार से छूट दी गई है ना ही उनके लिए कोई नई योजना लाई गई है भाजपा की सरकार मात्र कागजी घोड़ा दौड़ने का कार्य वित्त मंत्री ने किया है और वह सारी खोखली बातें हैं पूर्व में भी इसी तरह का बजट भाजपा सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया था विगत एक वर्षों में प्रदेश में पूरी तरह से विकास थम गया है चारों ओर लूट मची हुई है इस बजट में ना तो किसानों के लिए कोई व्यवस्था है ना कर्मचारियों के लिए कोई विशेष राहत दी गई है नई सड़क पुल पुलिया निर्माण की बात तो सरकार ने की ही नहीं है इससे जाहिर है कि सरकार यहां के इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में कोई रुचि नहीं रखती ना ही चिकित्सा के क्षेत्र में राज्य के लिए कोई विशेष घोषणा की गई है पूर्व के जितने भी शासकीय अस्पताल हैं वहां चिकित्सकों एवं साजो समान की कमी है उसे भी सरकार नजरअंदाज कर रही है स्वामी आत्मानंद स्मृति उत्कृष्ट अंग्रेजी मध्य विद्यालयों के लिए इस बजट में किसी भी प्रकार से कोई प्रावधान नहीं किया गया है जिससे जाहिर है कि प्रदेश सरकार यहां के गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए गंभीर नहीं है सरकार द्वारा जो अपनी पीठ थपथपाई के लिए महंगाई भत्ता बढ़ाए जाने की बात कही जा रही है वह उनके चुनावी घोषणा पत्र में ही इन्होंने कहा था कि केंद्र के समान महंगाई भत्ता दिया जाएगा जो अब तक लागू नहीं किया गया है साथ ही साथ भाजपा के द्वारा विधानसभा चुनाव के लिए जारी किए गए घोषणा पत्र में सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति दूर करने की बात कही गई थी उसे बारे में भी इस बजट में कहीं कोई दूर-दूर तक बात नहीं की गई है ना ही दैनिक वेतन भोगियों के संबंध में किसी प्रकार की कोई बात कही गई है स्वास्थ्य कर्मचारी जो इस बजट से घोषणा पत्र में कही गई बातों को पूरी करने की बाट जोह रहे थे वह भी निराशा है राज्य में लाइब्रेरी स्थापना की बात पिछले बजट में की गई थी कुछ जिलों का चयन भी किया गया था लेकिन अब तक ऐसी जानकारी नहीं है कि 1 वर्ष में लाइब्रेरी निर्माण के लिए नीव भी रखी गई हो एक ही घोषणा को हर बजट में दोहराना आम जनता को बेवकूफ बनाना है इससे साफ है कि भाजपा मात्र कागज पर घोड़े दौड़ा रही है उसे वास्तविक विकास तथा आम जनता से कोई लेना-देना नहीं है ठीक इसी तरह जिले के तीनों विधायक जिसमें से एक मंत्री भी है बेमेतरा जिले को किसी भी तरह से कोई सौगात न मिलाना इन जन प्रतिनिधियों के नाकामी है बजट में विशेष रूप से बेमेतरा जिले को उपेक्षित किया गया है विशेष रूप से बेमेतरा विधानसभा तो पिछले 2 बजटो में उपेक्षित रहा है यहां के जनप्रतिनिधि सत्ता शासन में कमजोर साबित हो रहे हैं जिसके कारण बेमेतरा में जो विकास की गति पिछले विधानसभा में पकडी थी वह पूरी तरह से रुक गई है दोनों ही बजटो में बेमेतरा को कुछ भी आवंटित नहीं हुआ है और ना ही यहां के जनप्रतिनिधि की सक्रियता दिखाई देती है कि वह राज्य सरकार से बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के लिए कुछ हासिल कर पाए कुल मिलाकर प्रदेश जिला और विधानसभा पूरी तरह से उपेक्षित हो रहा है पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि राजनीति से हटकर उन्हें आशा थी कि वर्तमान में बेमेतरा के जनप्रतिनिधि द्वारा सरकार के समक्ष बेमेतरा जिले तथा विधानसभा का पक्ष प्रमुखता के साथ रखते हुए बेमेतरा जिले के लिए आवश्यक मेडिकल कॉलेज सहित नर्सिंग कॉलेज की घोषणा इस बजट में करवाई जा सकती थी पूर्व में उनके विधायक कार्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री के आगमन पर बेमेतरा में मेडिकल कॉलेज स्थापना की बात कही गई थी किंतु सरकार बदल गई जिस कारण से बेमेतरा मेडिकल कॉलेज से वंचित हो गया उन्हें आशा थी कि वर्तमान सरकार और जनप्रतिनिधि इस दिशा में कार्य करेंगे किंतु भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने जनहित का मुद्दा होने से इस पर ध्यान नहीं दिया है जबकि विकासखण्डो में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना की बात बजट में की गई है ऐसे में बेमेतरा को चिकित्सा क्षेत्र में एक सिरे से खारिज किया जाना यहां की जनप्रतिनिधियों की नाकामी है।

# प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा हीट एण्ड रन योजना एवं आगामी लोक अदालत पर की बैठक

पायनियर संवाददाता ‹ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय बिलासपुर द्वारा रिट पीटिशन (सिविल) राजासीकरण विरूद्ध यूनियन ऑफ इंडिया व अन्य में पारित निर्णय अनुसार द कम्पनसेशन टू विक्टम ऑफहीट एण्ड रन मोटर एक्सीडेंट के संबंध में बृजेन्द्र कुमार शास्त्री प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के निर्देशन में ए.के. बाजपेयी, एडीएम बेमेतरा एवं पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू की बैठक जिला न्यायाधीश के विश्राम कक्ष में आयोजित की गई। उक्त बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश ने कहा कि पीड़ित पक्षकार की ओर से क्लेम कम्पनसेशन में क्षतिपूर्ति हेतु आवेदन पेश करने की प्रि या का पालन सुनिश्चित करने एवं एक्सीडेंट के परिणामस्वरूप हुई मृत्यु अथवा गंभीर चोट के लिए कम्पनसेशन निर्धारित करने और पीड़ित पक्ष को क्षतिपूर्ति प्रदान करने हेतु क्लेम इक्वायरी ऑफिसर को निर्देश दियें। साथ ही मोटरयान एक्सीडेंट स्कीम 2022 अनुसार क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर को संबंधित थाने से फर्स्ट एक्सीडेंट रिपोर्ट (एफए.आर.) एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट संबंधित अधिकारी तथा दुर्घटना होने की सूचना प्राप्ति के एक माह के भीतर ही संबंधित पुलिस अधिकारी थाना प्रभारी (एफए.आर.) की प्रति क्लेम इंक्वायरी ऑफिसर को प्रेषित करेगा और पीड़ित पक्ष को उसके क्षतिपूर्ति, दावा अधिकार के संबंध में समस्त जानकारी उपलब्ध कराने हेतु पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया एवं आगामी नेशनल लोक अदालत 08 मार्च 2025 के संबंध में भी राजस्व मामलों में अधिक से अधिक प्री-सीटिंग कर पक्षकरों के मध्य राजीनामा किये जाने पर भी चर्चा किया। उक्त बैठक में मोहित सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट बेमेतरा, निधि शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा एवं प्रशासनिक विभाग के अधिकारीगण की उपस्थिति रही।

# इजिप्ट मिश्र देश मे पंथी नृत्य की रही धूम, छत्तीसगढ़ पीडी पंथी परिवार ने पंथी नृत्य में रचा इतिहास

## ग्राम घुघसीडीह की छात्रा ने लहराया परचम

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com






दुर्ग ब्लाक के ग्राम घुघसीडीह (उतई) निवासी इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के बीएससी एग्रीकल्चर फाइनल की छात्रा मुस्कान देशलहरे पिता दिलीप लहरिया ने अपने एग्रीकल्चर कालेज के साथियों के साथ मिलकर इजिप्ट मिस्त्र देश के कार्यक्रम में शामिल हुई। अंतर्राष्ट्रीय महोत्सव में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य की लोक नृत्य पंथी नृत्य को प्रदर्शित करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य की धरोहर , संस्कृति की रक्षा पंथी नृत्य में बाबा गुरु घासीदास जी के दिए उपदेश मानव मानव एक समान के संदेश पर आधारित है। जो सम्पूर्ण विश्व को एक होने तथा समानता की भावना का अहसास कराता है। साथ ही इस टीम ने छत्तीसगढ़ की अन्य लोक नृत्य, कर्मा, सुवा,तथा बस्तर के अनोखी संस्कृति को प्रदर्शित किया और अपनी लोक संस्कृति को इजिप्ट मिश्र देश में अपनी प्रस्तुति दी ।पी डी पंथी परिवार द्वारा इजिप्ट गवर्नर को बाबा गुरुघसीदास जी के स्मृति चिन्ह प्रदान कर सप्रेम भेंट दिया।इजिप्ट गवर्मेंट द्वारा छत्तीसगढ़ पी डी पंथी परिवार को एक नई पहचान दिलाकर उन्हें शील्ड एवं पुरस्कार देकर ,सम्मानित किया गया। हमारे देश भारत व छत्तीसगढ़ राज्य के लिए यह गर्व की बात है ।आज हमारी संस्कृति अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान बना चुकी है।इस कार्यक्रम में 8 देशों से अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम हेतु निमंत्रण था। कालेज के विद्यार्थियों ने लोकनृत्य में राष्ट्रीय स्तर पर 3 बार गोल्ड मेडल का खिताब भी हासिल किया । विशेष उपलब्धि राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस परेड नई दिल्ली 2023 कर्तव्य पंथ में पंथी नृत्य में छत्तीसगढ राज्य का प्रतिनिधित्व किया और साथ में विभिन्न जिलों एवं भारत के विभिन्न राज्यों में अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत की हैं ।टीम सदस्य पुनदास, डॉ हरेंद्र, मनोज कुमार, रामाधार बंजारे, अल्का मिंज, आकांक्षा केशवानी, मुस्कान देशलहरे( ग्राम घूघसीडीह)आकांक्षा वर्मा शामिल हुई। छत्तीसगढ़ पी डी पंथी टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान दिलाई है।जिसके लिये धन्य है। वो छत्तीसगढ़ राज्य के कलाकारो ने अपनी लोकनृत्य पंथी नृत्य सांस्कृतिक धरोहर को एक नई पहचान के साथ इजिप्ट मिश्र देश में अपना परचम लहराया।जिसमें दूर्ग ब्लाक के ग्राम घुघसीडीह( उतई )के इंदिरा गाँधी कृषि विष्वविद्यालय रॉयपुर केम्पस के बी एस सी एग्रीकल्चर फाइनल की छात्रा मुस्कान देशलहरे पिता दिलीप लहरिया बी एस सी एग्रीकल्चर फाइनल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

## महिलाओं के अधिकारों, सुरक्षा और सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर किया जा रहा जागरूक





पायनियर संवाददाता ◄ कोंडागांव
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनी कुमार बिसाल, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 24 मार्च से 8 मार्च तक जिलेभर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत केरावाही पंचायत भवन, तहसील माकड़ी, जिला कोंडागांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के संवैधानिक और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करना, महिलाओं के खिलाफ हिंसा का विरोध करना और महिला सशक्तिकरण योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना है। कार्यक्रम के तहत 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जागरूकता पखवाड़ा जिलेभर में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा को बढ़ावा देना है। इस अभियान के तहत कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों के खिलाफजागरूकता, महिला सुरक्षा, लैंगिक भेदभाव को समाप्त करने, कल्याणकारी सेवाओं की जानकारी देने और शिशु लिंगानुपात में सुधार के लिए विभिन्न गतिविधियां की जा रही हैं। इसके अलावा, महिलाओं एवं किशोरियों को उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराने हेतु भारतीय दंड संहिता, भारतीय नागरिक संहिता, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न निषेध अधिनियम, टोना-टोटका प्रताड़ना अधिनियम, लैंगिक अपराध संरक्षण अधिनियम की जानकारी दी गई। साथ ही, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 108 और स्वास्थ्य सेवा 102 जैसी आवश्यक सेवाओं की जानकारी भी साझा की गई। सामुदायिक पंचायतों एवं स्वयं सहायता समूहों में महिला सुरक्षा, कानूनी अधिकार, मासिक धर्म स्वच्छता, सुरक्षित मातृत्व, प्रसव पूर्व देखभाल, पोषण और एनीमिया से बचाव से संबंधित जानकारी दी गई। महिलाओं के लिए उद्यमिता, वित्तीय साक्षरता और कौशल विकास पर भी सत्र आयोजित किए गए।

# नौकरी लगाने के नाम लाखों रुपए लेकर धोखाधड़ी करने वाले फरार आरोपियों को नवागढ़ पुलिस किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com




नौकरी लगाने के नाम लाखों रुपए लेकर धोखाधड़ी करने वाले फरार आरोपियों को नवागढ़ पुलिस किया गिरफ्तार।

प्रार्थी नीतीश कुमार कश्यप निवासी नेगुरडीह थाना नवागढ़ के द्वारा 16/6/2022 को रिपोर्ट दर्ज कराया था, की आरोपियों के द्वारा दुर्ग में सेना में भर्ती निकला है कहकर अलग अलग व्यक्तियों से 10,59,000/रुपए की ठगी कर लिए थे, उक्त आरोपियों के द्वारा किसी का नौकरी नहीं लगवाए, प्रार्थी के द्वारा पैसा वापस मांगने पर जान से मारने की धमकी देकर, झूठे केश में फसाने की धमकी देने लगे जिस पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 151/22 धारा 420,506, 34 IPC कायम कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण में मुख्य आरोपी अर्चना गोस्वामी और अभिषेक गोस्वामी घटना दिनांक से लगातार फरार थे जिसकी लगातार पातासाजी की जा रही थी। इसी क्रम में मुखबिर सूचना पर से आरोपियों को पकड़ा जिसको हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़ का सराहनीय योगदान रहा।

# अमरटापू धाम में छत्तीसगढ़ कलमकार मंच का तृतीय वार्षिक अधिवेशन आयोजित

## डॉ. गुलाब चंद 'कुसुम' ज्ञान रत्न से सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ कलमकार मंच बिलासपुर - मस्तूरी की प्रबंध कारिणी समिति के निर्णयानुसार छत्तीसगढ़ कलमकार मंच के दो मार्च 2025 को मुंगेली जिले स्थित अमरटापू में तृतीय वार्षिक अधिवेशन में सामाजिक और साहित्यिक क्षेत्रों में काम करने वाले ख्यातिलब्ध हस्तियों को सम्मानित किया गया! यह कार्यक्रम पूर्व कुलपति बस्तर विश्वविद्यालय डॉ. एन. डी. आर. चंद्रा की मुख्य आतिथ्य एवं डॉ. गुलाब चंद 'कुसुम' की अध्यक्षता तथा डॉ. प्यारेलाल आदिले प्राचार्य कटघोरा, प्राचार्य एस. डी. बंजारे पूर्व प्राचार्य मुंगेली, डॉ. गोवेर्धन मार्शल,डॉ. पी. आर. कठोतिया डभरा तथा दुर्गा बघेल संस्थापक अमरटापू की विशिस्ट आतिथ्य में और डॉ. किशन टंडन 'क्रांति' के संयोजन में अमरटापू धाम में संपन्न हुआ! जहाँ पंद्रह क्षेत्रों में काम करने वाले ख्यातिलब्ध हस्तियों को भिन्न भिन्न प्रकार के राष्ट्रीय अलंकरण से पुरस्कृत किये गए! स्वयं मुख्य अतिथि डॉ. एन. डी. आर. चंद्रा पेरियार रामस्वामी नायकर अलंकरण से सम्मानित हुए! इसी क्रम में शासकीय लक्ष्मनेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद, जिला जांजगीर - चाम्पा छत्तीसगढ़ के प्राचार्य डॉ. गुलाब चंद 'कुसुम' को दयाराम टंडन ज्ञान र सम्मान से सम्मानित किया गया! ये सम्मान उन्हें साहित्य के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण उपलब्धि और समाज सेवा में उल्लेखनीय कार्य के लिए दिया जा गया है! एस कार्यक्रम में अन्य विभूतियाँ भी सम्मानित हुए! इस दौरान तीन पुस्तकों के विमोचन सहित 116 साहित्यिक हस्तियाँ भी सम्मानित छत्तीसगढ़ साहित्यकार सृजन अलंकरण से सम्मानित हुए! प्रमुख हस्तियों में एस. एल. रात्रे पूर्व सचिव छत्तीसगढ़ शासन और पूर्व प्राध्यापक डॉ. स्वामी राम बंजारे स्वास्थ्यगत कारणों से उपस्थित नहीं हो सके जिन्होंने अपने नाम ऑडियो प्रेषित किया था! एस कार्यक्रम में प्रख्यात पंथी गायिका तारा कुलकर्णी और बैजी काला मंच के कला साधक रामप्रसाद चेलक भी सम्मानित हुए! कार्यक्रम गरिमामय माहौल में सम्पन्न हुए! कार्यक्रम का सफल संचालन जुगेश बंजारे 'धीरज', सुरजीत क्रांति और मणिशंकर 'गदगद' ने किया!

# जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में परीक्षा केंद्रों में पहुंच रही है उड़न दस्ता टीम



पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा का जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा ने अपनी टीम के साथ शास उच्च माध्य विद्यालय नगरदा एवं शास उच्च माध्य विद्या खैरा परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। कक्षा 12वीं अंग्रेजी विषय की परीक्षा संचालित हो रही थी। परीक्षा में जिले से कुल पंजीकृत 6901 परीक्षार्थी में से 6798 परीक्षार्थी उपस्थित थे एवं 103 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। किसी प्रकार का कोई नकल प्रकरण का केस नहीं बना है। बोर्ड द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरा को इस वर्ष नवीन परीक्षा केंद्र बनाया गया है जिसमें केंद्राध्यक्ष बी के साहू की निगरानी में चुस्त दुरुस्त परीक्षा चल रही है। जिले के सभी केंद्रों में शांतिपूर्वक माहौल में परीक्षा का संचालन हो रहा है। जिला स्तर एवं विकासखंड स्तर पर गठित उड़नदस्ता टीम द्वारा परीक्षा केंद्रों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है एवं जिले में बने नए परीक्षा केन्द्रों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

# राष्ट्रीय विज्ञान प्रतियोगिता में यूनिवर्सल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल से 6 छात्रों का हुआ चयन




पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय विज्ञान प्रतियोगिता दिवस 2024 में एम.सी बी.जिले के अंतर्गत आने वाले विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें हमारी संस्था यूनिवर्सल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल से 6 छात्रों का चयन हुआ है। जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिसमें मॉडल प्रतियोगिता में हायर सेकेंडरी से प्रथम स्थान पर ऋषिका विश्वकर्मा एवं नैना केवट एवं मिडिल से तृतीय स्थान पर सोमनाथ एवं जितेंद्र रहे। पोस्टर प्रतियोगिता में हाई सेकेंडरी से तृतीय स्थान पर मान्यता सोनी एवं मिडिल से द्वितीय स्थान पर ईनिका रहे। राष्ट्रीय विज्ञान प्रतियोगिता में चयनित होने पर पूरे विद्यालय परिवार सहित क्षेत्र को गौरववित किया है। विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार पांडे एवं सचिव संध्या पांडे ने चयनित विद्यार्थियों को बहुत-बहुत बधाई दी एवं अग्रिम सफलता की शुभकामनाएं दी वहीं सहयोगी शिक्षक उत्कर्ष पांडे एवं शिक्षिका रागिनी वर्मा का मार्गदर्शन हेतु धन्यवाद प्रेषित किया। साथ ही समस्त विद्यालय परिवार शिक्षक एवं शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा।

# बिल न पटाने वाले 2027 उपभोक्ताओं का विद्युत विभाग ने काटा कनेक्शन

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com



विद्युत विभाग द्वारा बकायादारों से बिजली बिल की वसूली और कनेक्शन विच्छेद की कार्यवाही के तहत मनेन्द्रगढ़ जिले में मार्च माह में विशेष अभियान चलाया गया। कार्यपालन अभियंता एन.पी. सिंह ने बकायेदार उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता और लाईन कर्मचारियों की तीन टीमों का गठन किया। इन टीमों ने वसूली कार्यवाही की और बकाया राशि का भुगतान न करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काट दिए। इस अभियान के दौरान, विद्युत विभाग की टीम ने 37 करोड़ 08 लाख रुपये के बकाया राशि में से 89 लाख 82 हजार रुपये की वसूली की। मनेन्द्रगढ़ संभाग के अंतर्गत कुल 2027 बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए, और कनेक्शन काटने की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। यदि उपभोक्ताओं ने पुनः अवैध रूप से कनेक्शन उपयोग किया, तो विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135/138 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान सहायक अभियंता गुलाब कुमार गबेल, सुखलाल बघेल, चंद्रशेखर जगनायक, कनिष्ठ अभियंता श्रवण कुमार, घनश्याम जर्नादन, संतोष कुजूर, किशोर किंडो, मुकेश मरावी, आतिश एक्का और लाईन कर्मचारियों सहित विद्युत विभाग का अमला शामिल रहा। शासकीय भवनों का लंबित भुगतानः जिले के शासकीय भवनों में 08 करोड़ रुपये से अधिक का बिजली बिल लंबित है। अधिकारियों द्वारा कई बार लिखित और मौखिक सूचना दी गई, लेकिन शासकीय अमले द्वारा इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे बकाया राशि बढ़ती जा रही है। विद्युत विभाग की यह कार्रवाई समस्त एम.सी.बी. जिले में जारी रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से निवेदन किया है कि वे अपने बकाया विद्युत बिलों का भुगतान समय पर करें, ताकि कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही से बचा जा सके।

# राष्ट्रीय बाधिरता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जन जागरूकता रैली का आयोजन




पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ़
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय बाधिरता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जन जागरूकता रैली का आयोजन। कलेक्टर जिला एम.सी.बी. के निर्देशानुसार और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र कुमार सोनी के मार्गदर्शन में 03 मार्च को राष्ट्रीय बधिरता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत एक जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरुआत डॉ. अतीक कुमार सोनी, सोमेन्द्र मण्डल, कुमारी लक्ष्मी रजक और आदर्श पैरामेडिकल संचालक रमेश सोनी की उपस्थिति में की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे ने बताया कि राष्ट्रीय बधिरता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत बधिरता से पीड़ित व्यक्तियों को सहायता मिलती है। इस कार्यक्रम के माध्यम से कान की समस्याओं का शीघ्र पता चलता है और उनका इलाज किया जाता है। इसके साथ ही सुनने की क्षमता की जांच भी की जाती है, ताकि समय रहते ऐसे व्यक्तियों को उचित इलाज और सहायता मिल सके। यह रैली समाज में बधिरता के बारे में जागरूकता फैलाने और प्रभावित व्यक्तियों को उनकी समस्याओं का समय पर निदान प्राप्त करने के लिए प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास था।

## नपं. शिवरीनारायण के पूर्व अध्यक्ष डॉ. शांति कुमार ने खरौद नगर में रुकी पड़ी शिवरीनारायण बायपास रोड को पूर्ण करने छत्तीसगढ़ शासन से आग्रह भी किया

# शिवरीनारायण-खड़ताल मार्ग का मुद्दा विधानसभा प्रश्न काल में उठाए जाने से लोगों में शीघ्र निर्माण की बंधी आस

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com





पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक शेषराज हरवंश ने छत्तीसगढ़ की महत्वपूर्ण ऐतिहासिक, धार्मिक, पौराणिक तथा श्री राम वन गमन पर्यटन परिपथ के मुख्य केंद्र शबरी भूमि शिवरीनारायण से खड़ताल रोड के मुद्दे को विधानसभा में उठाकर सरकार का ध्यानाकर्षण किया और उपमुख्यमंत्री लोक निर्माण विभाग से इस पर महती प्रश्न पूछा जिसके जवाब में उपमुख्यमंत्री साव ने बताया कि शिवरीनारायण खड़ताल मार्ग 11.75 किलोमीटर मजबूतीकरण और चौड़ीकरण के कार्य का पुनः परीक्षण किया जा रहा है और परीक्षण उपरांत आगे की आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। वर्ष 2022-23 में इस कार्य प्रशासकीय स्वीकृति 18 करोड़ 75 लाख रुपए की मिली थी और निविदा भी पूरी हो गई थी। जिसे स्थगित किया गया है। इस ध्यानाकर्षण प्रश्न से शिवरीनारायण - खड़ताल मार्ग की जनता में अब यह सड़क शीघ्र बनने की आस बंधी है। नगर पंचायत शिवरीनारायण के पूर्व अध्यक्ष डॉ. शांति कुमार कैवर्त्य ने पूर्ववर्ती सरकार द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त इस मार्ग की मजबूतीकरण और चौरीकरण का कार्यारंभ यथाशीघ्र कराए जाने की मांग एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से छत्तीसगढ़ की वर्तमान विष्णु देव साय सरकार से की है। ताकि लंबे समय से इस जर्जर मार्ग से क्षेत्र वासियों को राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन से लंबे समय से खरौद में रुकी पड़ी शिवरीनारायण बाईपास रोड का भी निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने का आग्रह किया है। गौरतलब है कि शिवरीनारायण बाईपास रोड की लंबाई 6.75 किलोमीटर है। इसकी कार्यादेश ठेकेदार आर. के. ट्रांसपोर्ट एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कोरबा को 21.12.2016 को दी गई है और अनुबंध के अनुसार कार्य पूर्ण करने की तिथि 31.9.2018 है। यह महत्वपूर्ण बायपास मार्ग के अधूरे होने के कारण लगातार शिवरीनारायण नगर में वाहनों का दबाव बना हुआ है। और समय-समय पर मुख्य मार्ग में जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक धार्मिक एवं महत्वपूर्ण व्यापारिक नगरी होने के कारण यहां लोगों तथा पर्यटकों का निरंतर आना-जाना लगा रहता है और उन्हें इस तरह की जाम से अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन परिस्थितियों के मद्देनजर शिवरीनारायण बाईपास सड़क का निर्माण यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाना नगर व जन हित में आवश्यक है। छत्तीसगढ़ की विष्णु साय सरकार से क्षेत्र वासियों की मांग है कि इस महती शिवरीनारायण बायपास रोड का निर्माण अति शीघ्र किया जाए।

# विक्की मोबाइल सक्ती के संचालक विक्की वर्मा का हुआ मुंबई में निधन

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



पूरे शक्ति अंचल में मोबाइल की दुनिया में अपनी एक अलग पहचान स्थापित करने वाले शक्ति शहर के प्रतिष्ठित विक्की मोबाइल के संचालक विक्की वर्मा का 4 मार्च 2025 दिन- मंगलवार को उपचार के दौरान मुंबई में आकस्मिक निधन हो गया, अल्प उम्र में ही हुए विक्की वर्मा के इस निधन से शक्ति शहर में शोक की लहर है, तो वहीं विक्की वर्मा ने दशकों पूर्व से अंचल में मोबाइल की दुनिया में अपने कार्यों एवं अपनी व्यवहार कुशलता से एक अलग पहचान स्थापित की थी, तथा शक्ति में बात करें तो विक्की मोबाइल एक जाना- पहचाना ब्रांड था, जहां लोग मोबाइल के विभिन्न कार्यों को लेकर पूरे विश्वास के साथ उनके प्रतिष्ठान में पहुंचते थे, तथा विक्की वर्मा शक्ति शहर के वार्ड क्रमांक-09 रानी सागर पारा निवासी राजेश वर्मा, आकाश वर्मा एवं अविनाश वर्मा के भाई थे तथा उनका अंतिम संस्कार आज दिनांक-05 मार्च 2025 दिन- बुधवार को स्थानीय बाराद्वार रोड स्थित मारवाड़ी मुक्तिधाम शक्ति में हुआ, उनकी अंतिम संस्कार यात्रा उनके निवास वार्ड क्रमांक-09 रानी सागर पारा श्री अनुराग के बगल गले में स्थित निवास से निकली, उनके निधन पर शक्ति शहर के विभिन्न व्यापारिक संगठनों एवं सामाजिक संगठनों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# नगर पालिका परिषद के नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण सम्पन्न

## नगर की बुनियादी सुविधाओं में एक जुट हो कर बेहतर काम करें : सांसद विजय बघेल

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदगणों का शपथ ग्रहण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह भव्य आयोजन जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मंडी परिसर में किया गया, जहां बेमेतरा नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय सिन्हा और नवनिर्वाचित पार्षदों ने अपने पद की शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप मे दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल उपस्थित थे, जिनके साथ बेमेतरा के विधायक दीपेश साहू के साथ साथ पूर्व साजा के विधायक लाभचंद बाफना, पूर्व बेमेतरा के विधायक अवधेश चंदेल सहित सर्वपरमेश्वर वर्मा, प्रह्लाद रजक, अजय साहू, राजेंद्र शर्मा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अतिथियों ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों को शुभकामनाएँ देते हुए नगर के विकास और कल्याण के लिए उनके कार्यकाल की सफलता की कामना की। इस महत्वपूर्ण अवसर पर नगर के कई गणमान्य नागरिक, स्थानीय नेता और बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। समारोह का समापन नगर के सर्वांगीण विकास के संकल्प के साथ हुआ, जिससे बेमेतरा नगर के भविष्य की नई आशाएं और संभावनाएं जुड़ी हैं। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के पूर्व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिससे समारोह का माहौल और भी उल्लासपूर्ण बन गया। दोपहर 2 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हुआ और उसके बाद शाम 4 बजे से शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विजय सिन्हा ने नगर पालिका अध्यक्ष पद की शपथ ली। इसके पश्चात एक-एक करके पार्षदों ने बारी- बारी से शपथ लिया । कार्यक्रम के दौरान, प्रमुख अतिथि सांसद विजय बघेल और विधायक दिपेश साहू ने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षदों को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने अपने संबोधन में नगर के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई और नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को नगर के सर्वांगीण विकास की दिशा में सहयोग देने का आश्वासन दिया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि वे नगर के विकास हेतु केंद्र सरकार से हर संभव सहायता दिलाने का प्रयास करेंगे, ताकि नगर की बुनियादी सुविधाओं में सुधार हो और नागरिकों का जीवन स्तर ऊंचा उठे। उन्होंने कहा कि नगर की बुनियादी सुविधाओं में एक जुट हो कर बेहतर काम करें। वहीं विधायक दिपेश साहू ने राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ नगर के विकास में शामिल करने का संकल्प लिया और नगर की जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने का वादा किया। दोनों अतिथियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों से आग्रह किया कि वे नगर की समस्याओं को समझते हुए पारदर्शी और जनकल्याणकारी नीतियों को प्राथमिकता दें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि नगर का विकास सभी वर्गों के समन्वय से ही संभव है, और सभी निर्वाचित सदस्यों को एकजुट होकर नगर के हित में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ अतिथियों के विचारों का स्वागत किया और नगर के उज्ज्वल भविष्य की आशा जताई। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान विजय सिन्हा ने नगर के विकास, स्वच्छता, और नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने के प्रति अपने समर्पण को प्रकट किया और कहा कि वे पार्षदों के साथ मिलकर बेमेतरा नगर को एक आदर्श नगर बनाने का हर संभव प्रयास करेंगे।

# विधायक चातुरी नंद ने विधानसभा में उठाया नवीन राशनकार्ड और लंबित पेंशन प्रकरणों का मुद्दा

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



सरायपाली विधायक चातुरी नंद ने बजट सत्र के दौरान विधानसभा में नवीन राशनकार्ड और लंबित पेंशन प्रकरणों का मुद्दा उठाया। विधायक चातुरी नंद के सवाल में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने लिखित जवाब में जानकारी दी कि नवीन राशनकार्ड बनवाने हेतु वर्ष 2023-24 में 489 आवेदन प्राप्त हुए, इनमें से परीक्षण उपरांत पात्र पाए जाने पर 489 नवीन राशनकार्ड जारी किये गये। इसी प्रकार वर्ष 2024-25 में 15 जनवरी 2025 तक 7,028 आवेदन प्राप्त हुए, इनमें से परीक्षण उपरांत पात्र पाए जाने पर 6,543 नवीन राशनकार्ड जारी किये गये 485 आवेदन पत्रों पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। विधायक चातुरी नंद के एक अन्य सवाल के जवाब में समाज कल्याण विभाग की मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने लिखित जवाब में बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांगजन पेंशन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, सुखद सहारा पेंशन योजना और मुख्यमंत्री पेंशन योजना के तहत वर्ष 2021-22 में 3996.30 लाख, वर्ष 2022-23 में 4078.90 लाख, वर्ष 2023-24 में 5696.25 लाख और वर्ष 2024-25 में 5892.20 लाख रूपये का आबंटन महासमुंद जिले को प्राप्त हुआ था। मंत्री ने अपने लिखित जवाब में बताया कि वर्ष 2021-22 से लेकर वर्ष 2024-25 तक विभिन्न पेंशन योजनाओं के तहत कुल 15193 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से 13973 आवेदन को पात्र एवं 1220 आवेदनों को अपात्र घोषित किया गया है। मंत्री के जवाब में यह भी जानकारी आई कि कई गांवों में वर्ष 2024-25 में पेंशन के एक भी आवेदन प्राप्त ही नहीं हुए है। इन गांवों में प्रमुख रूप से ग्राम मोखापुटका, लाती, गेर्रा, गोहेरापाली, अर्जुन्डा, टेमरी, अमरकोट, अन्तर्ला, अंतर झोला, नवरंगपुर, जलगढ़, जोगनीपाली, तोरेसिंहा, तोशगांव, चट्टीगिरोला, चारभांठा, चकरदा, छुईपाली, दर्राभाटा, दामोदरहा, सलडीह, सानपांधी समेत 3 दर्जन से अधिक गांवों में पेंशन के एक भी आवेदन साल 2024-25 में प्राप्त नहीं हुआ है। मीडिया को जारी प्रेस विज्ञप्ति में विधायक चातुरी नंद ने कहा कि जन संपर्क दौरे और जन चौपाल के दौरान पीएम आवास, पेंशन स्वीकृति और नवीन राशनकार्ड के ज्यादातर आवेदन प्राप्त होते है इसलिए मैने इस मुद्दे को विधानसभा में उठाकर लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। विधायक नंद ने हैरानी जताते हुए कहा कि क्षेत्र के 3 दर्जन से अधिक गांवों में साल 2024-25 में पेंशन के एक भी आवेदन प्राप्त ही नहीं हुए। इस सम्बन्ध में जल्द ही सीईओ को लेटर जारी कर पेंशन प्रकरणों की स्वीकृति दिलाने का प्रयास किया जायेगा। विदित हो कि सरायपाली विधायक चातुरी नंद जमीन से जुड़ी जनप्रतिनिधि है जो क्षेत्र के जनमानस से हमेशा मिलती रहती है लिहाजा जनहित के मुद्दे उनके जानकारी में सहज ही होते है। विधायक नंद ने अंतिम तबके के लोगों के हित में सोचते हुए पेंशन और नवीन राशनकार्ड की जानकारी विधानसभा में ली है जो उनकी संवेदनशीलता को दर्शाती है।

# कलेक्टर ने बिना अनुमति शासकीय भूमि के अंतरण को किया शून्य घोषित

## पटवारी सहित अन्य पर अपराधिक प्रकरण दर्ज करने के दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने तहसील गरियाबंद अंतर्गत ग्राम पारागांवडीह में शासकीय पटटे के भूमि को सक्षम प्राधिकारी के अनुमति के बगैर विक्रय-अंतरण किये जाने के प्रकरण में महत्वपूर्ण फैसला दिया है। उन्होंने अंतरण को छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (7-ख) के उल्लंघन पाये जाने पर शून्य एवं अकृत घोषित करते हुए उक्त भूमि को पूर्व की भांति शासन के अधीन किये जाने का आदेश जारी किया है। साथ ही विवेचना के आधार पर पटवारी मनोज खरे व मनेश्वर सिंह ठाकुर के अलावा गोपाल राम एवं नितेश साहू के खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज कराने के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गरियाबंद को दिये हैं। उल्लेखनीय है कि ग्राम पारागांवडीह में स्थित भूमि खसरा नं. 27/3 रकबा 0.40 हेक्टेयर तथा खसरा नं. 27/2 रकबा 0.20 हेक्टेयर शासकीय पट्टे के भूमि है। उक्त भूमि को सर्वप्रथम गोपाल राम ने नितेश साहू को विक्रय कर दिया। तत्पश्चात नितेश साहू ने अश्वन कुमार पटेल को ऋण पुस्तिका दिखाकर उक्त भूमि का 4 सितम्बर 2018 को विक्रय पंजीयन कराया। विक्रेता ने उक्त भूमि को सभी प्रकार के अधिभारों से मुक्त बताकर तथा किसी भी न्यायालय में विवाद लंबित नहीं होना बताकर अश्वन कुमार को विक्रय कर दिया। इस प्रकरण को कलेक्टर न्यायालय में सुनवाई करते हुए कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने दोनों भूमि रकबों के विक्रय-अंतरण में भू-राजस्व संहिता के उल्लंघन पाये जाने पर बिक्री को शून्य एवं अकृत घोषित किया है।

# कांग्रेस के सात पार्षदों ने अध्यक्ष पार्षद शपथ ग्रहण समारोह का किया बहिष्कार

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के सात पार्षदों ने अध्यक्ष पार्षद शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार किया गया इस संबंध अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेमेतरा को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि 05 मार्च को नगर पालिका परिषद बेमेतरा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष,पार्षद का शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। शपथ ग्रहण कार्यक्रम पूर्णरूपेण प्रशासनिक आयोजन होता है, परंतु आज होने वाले शपथ ग्रहण समारोह का प्रशासन द्वारा भाजपाई करण कर दिया गया है। समारोह स्थल पर भाजपा का झंडा, बैनर लगाया गया है. यह आयोजन भाजपा समर्थित अध्यक्ष पार्षद का नहीं अपितु जनता द्वारा नगर में चुने हुए जनप्रतिनिधियों का होना था उक्त आयोजन को पार्टीगत आयोजन बना दिया गया है। जहां केवल भाजपा के समर्थित जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को ही समारोह का आमंत्रण कार्ड दिया गया है, कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियो को आयोजन का आमंत्रण देना भी प्रशासन द्वारा उचित नहीं समझा गया है। लोकतंत्र में जनता द्वारा दिया गया जनमत ही सर्वोपरि होता है, परंतु प्रशासन द्वारा जिस तरह से शपथ ग्रहण का आयोजन कराया जा रहा है. उससे शहर की जनता का भी अपमान हुआ है। वार्डो में पेयजल संकट की गंभीर समस्या को लेकर हमारे द्वारा दिनांक 03/02/2025 को पत्र के माध्यम से भी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अवगत कराया गया था कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी बेमेतरा द्वारा कांग्रेस समर्थित पार्षदों के साथ भेदभाव रवैया अपनाया जा रहा है निरंतर प्रशासन के द्वारा विप सदस्यो को अनदेखा करने का कार्य किया जा रहा है। प्रशासन के उक्त भेदभाव रवैये को देखते हुए निर्वाचित पार्षदगण आज होने वाले शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार करते है। हमारा शपथ ग्रहण पृथक से कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करें ज्ञापन में मति रशिम मिश्रा पार्षद वार्ड क्रमांक. 15 बेमेतरा। ,मति रीता पाण्डेय पार्षद वार्ड क्रमांक 02 बेमेतरा, अखिलेश नामदेव पार्षद वार्ड क्रमांक 10 बेमेतरा, राजू साहू पार्षद वार्ड क्रमांक 05 बेमेतरा, प्रकाश ठाकुर पार्षद वार्ड क्रमांक 13 बेमेतरा, तोकेश्वर साहू पार्षद वार्ड क्रमांक 14 बेमेतरा,मति नीलम टंडन पार्षद वार्ड क्रमांक 09 बेमेतरा का हस्ताक्षर हैं ।

# जल संरक्षण को लेकर जिला जल शक्ति केंद्र में समीक्षा बैठक आयोजित

**बेमेतरा।** जिला जल शक्ति केंद्र में जल संरक्षण और जल स्तर बनाए रखने को लेकर एक अंतर विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत टेकचंद्र अग्रवाल ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायतों में खराब बोरवेल के आसपास रिचार्ज पिट्स (सोख्ता गड्ढे) बनाने के निर्देश दिए, जिससे ग्रीष्म ऋतु में जल स्रोतों का जलस्तर बना रहे और पानी की समस्या न हो। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी कमल कपूर बंजारे, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग चंद्रशेखर शिवहरे, मुख्य कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी जगदीश गोड़न, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास चंद्रवेश सिंह सिसोदिया, उप संचालक कृषि मोरध्वज डडसेना एवं उप संचालक समाज कल्याण बरखा कासू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनपद अध्यक्ष लक्ष्मी पटेल उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी निर्वाचित





**सरायपाली।** त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के बाद सभी जनपद पंचायतों में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन किया गया, जिसमें सरायपाली से जनपद अध्यक्ष पद के लिए लक्ष्मी हरिचन्द्र पटेल को निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। वहीं धर्मेन्द्र चौधरी उपाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित किये गए हैं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष पटेल बोंदा निवासी भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. प्रकाश पटेल की माता एवं अमरकोट निवासी भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री कामता पटेल की दीदी हैं। उनके अध्यक्ष निर्वाचित होते ही समस्त भाजपा जनों ने उन्हें बधाई देते हुए रैली निकाली, जिसमें अनेक स्थानों पर पटेल का स्वागत किया गया।

# संदेही का पता बताने पर पांच हजार इनाम की घोषणा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा जिले के चौकी सम्बलपुर थाना नवागढ़ अप क्रमांक 40/2025 धारा 103 (1) बीएनएस के प्रकरण में मर्ग क्र. 09/2025 धारा 194 बीएनएस के प्रार्थी अजय राजपूत पिता लतेल राजपूत उम्र 41 वर्ष सा. सोनपुरी चौकी सम्बलपुर के द्वारा 16.02.2025 को रिपोर्ट दर्ज कराया की वह अपनी पत्नि एवं पुत्री उम्र 12 वर्ष के साथ खेत से राहर को लेकर आ रहा था, कुछ देर के बाद प्रार्थी की पुत्री उम्र 12 वर्ष का कही पता नही चला, खोजबीन के बाद पुत्री धान खेत में पड़ी मिली थी। जिस पर मर्ग जांच के दौरान शार्ट पीएम रिपोर्ट प्राप्त होने पर धारा 103(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं गवाहों के द्वारा सोहन राजपूत पिता रज्जु राजपूत उम्र 30 वर्ष सा0 सोनपुरी चौकी सम्बलपुर के उपर मृतिका की हत्या करने का संदेह किया है, संदेही सोहन राजपूत सकुनत से फरार है। फरार संदेही आरोपी के गिरफ्तारी हेतु हर सभंव प्रयास किया गया है। किन्तु अथक प्रयास के उपरांत भी फरार संदेही आरोपी का कोई पता नही चल सका है। रामकृष्ण साहू पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पुलिस रेग्युलेशन के पैरा क्रमाक 80(ए) में निहित प्रावधानों के तहत घोषणा करता हूँ, कि जो फरार संदेही आरोपी सोहन राजपूत पिता रज्जू राजपूत उम्र 30 वर्ष की गिरफ्तारी हेतु युक्तियुक्त सूचना देगा, जिससे विधिपूर्वक गिरफ्तार किया जा सके, उसे रूपये 5,000 (पाँच हजार) नगद राशि से पुरस्कृत किया जावेगा। पुरस्कार के सम्बंध में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा जिला बेमेतरा का निर्णय अंतिम होगा तथा सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जावेगा।

# विधानसभा क्षेत्र में 9 करोड़ के निर्माण कार्यों की स्वीकृति : सरला कोसरिया

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



शासन द्वारा प्रस्तुत बजट में सरायपाली विधानसभा को अनेक नवीन कार्यों की स्वीकृति मिली है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया ने विज्ञप्ति में बताया कि सरायपाली विधानसभा में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 8 करोड़ 85 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। इस बजट में सरायपाली विस के सागरपाली से जमदरहा मार्ग के लिए 2.04 करोड़, बड़े साजापाली से खेखलीडीपा के लिए 1 करोड़, राजाडीह से भालू कोना मार्ग के लिए 90 लाख, पालीडीह से छुईपाली मार्ग हेतु 50 लाख का प्रावधान किया गया है। वहीं सिरबोड़ा से पलसापाली पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण 50 लाख, लाखनपाली से बरिहापाली के पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण 40 लाख, भंवरपुर सरायपाली मार्ग हेतु 10 लाख, दलदली से रंगमटिया मार्ग 20 लाख, किसड़ी से देवलभांठा मार्ग 20 लाख, बटकी रिमजी पुल निर्माण 40 लाख, कोकड़ी से चकरदा मार्ग 20 लाख, लखनपुर से दीवानपाली मार्ग पुल पुलिया सहित 75 लाख, बांजीबहाल से कस्तूराबहाल मार्ग एवं पुलिया 40 लाख, मानपाली से पुटका मार्ग 20 लाख, बूटीपाली से लोहारपाली मार्ग 40 लाख एवं सिंघोड़ा में नवीन विश्राम गृह निर्माण के लिए 50 लाख का प्रावधान किया है। कोसरिया ने कहा कि सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के लिए उनके द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी से मिलकर मांग पत्र सौंपा गया था, जिसपर उन्होंने इस बजट सत्र में अधिकांश मांगों को शामिल करने का आश्वासन दिया था।

# डौंडी जनपद में 4 मार्च को होने वाले जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुनाव को स्थगित करने के आदेश जारी





पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

डौंडी जनपद में 4 मार्च को होने वाले जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के चुनाव में छत्तीसगढ़ शासन के नुमाइंदों एवं निर्वाचन अधिकारी के द्वारा भाजपा के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष नहीं बन पाने के डर से डौंडी जनपद में चुनाव प्रक्रिया आरंभ होने के बीच में चुनाव को स्थगित करने का आदेश जारी किया गया। यह जनपद सदस्यों की एकता को देखते हुए शासन के डर की प्रतिक्रिया है। यह उद्गार प्रेस विज्ञप्ति में जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर ने दिया है। चंद्रप्रभा सुधाकर ने बताया कि डौंडी जनपद में चुनाव अधिकारी के द्वारा शासन के नियमों का घोर उल्लंघन करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के किसी मंत्री के आदेश पर चुनाव प्रक्रिया आरंभ होने के बाद बीच में रोक दिया गया एवं भाजपा के नेताओं द्वारा भी प्रशासन पर लगातार दबाव बनाया गया की चुनाव को स्थगित किया जाए क्योंकि कांग्रेस इस चुनाव में स्पष्ट बहुमत के साथ दिख रही थी। जनपद सदस्यों में में नौ सदस्य कांग्रेस के साथ खड़े रहे जिससे परिणाम स्पष्ट परीलक्षित हो रहा था ।हार की डर से भाजपा नेताओं के द्वारा निर्वाचन अधिकारी पर दबाव बनाकर शासन का दुरुपयोग करते हुए इस चुनाव को चुनाव प्रक्रिया आरंभ होने के बीच में स्थगित कराया गया, जो की पूर्णता असंवैधानिक है, जनपद सदस्यों के अधिकारों का हनन है, लोकतंत्र की सरेआम हत्या की गई है। लोकतंत्र के सरे आम हुई हत्या पर विरोध दर्ज करने के लिए क्षेत्रीय विधायक डौंडी लोहारा एवं छत्तीसगढ़ शासन की पूर्व कैबिनेट मंत्री अनिला भेड़िया ने अपने साथियों सहित डौंडी जनपद के मुख्य द्वार पर धरने पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया कांग्रेस जनों के द्वारा लगातार विरोध प्रदर्शन करने के बावजूद अधिकारी टस से मस नहीं हुए और अंततः सभागार में बैठे कांग्रेस के सभी 9 जनपद सदस्यों ने जिला पुलिस अधीक्षक को अपनी सुरक्षा की मांग का आवेदन पत्र देते हुए अपने आप को सकुशल बाहर निकालने का निवेदन किया गया इसके पश्चात विधायक ने अपने सभी साथियों को सुरक्षित स्थान पर रवाना किया। विधायक अनिला भेंडिया ने भी अपना विरोध दर्ज करते हुए बताया कि डौंडी जनपद में लोकतंत्र की हत्या की गई, बहुमत को हराने के लिए साजिश रची गई। संविधान का गला घोंटा गया। कांग्रेस के बहुमत को देखते हुए आज के चुनाव को स्थगित करने का कुचक्र रचा गया यह भाजपा के लोकतंत्र विरोधी चेहरे को बेनक़ाब करता है। कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्यों ने डौंडी जनपद के भीतर जनपद सभागार में अपना विरोध दर्ज किया वहीं जनपद के गेट के बाहर कांग्रेसियों ने जोरदार नारीबाजी करते हुए लगातार 5 से 7 घंटा विरोध प्रदर्शन किया विरोध प्रदर्शन करने वालों में विधानसभा डौंडी लोहारा की विधायक अनिला भेड़िया छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव कृष्णा दुबे, दुलीचंद गोयल, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, महामंत्री रतिराम कोसमा, पीयूष सोनी, काशीराम निषाद जिला सचिव रवि जायसवाल, जतिन भेड़िया, के.ईश्वर राव, संजय चंद्राकर प्रमोद दुबे, मुरलीधर भुआर्य ब्लॉक अध्यक्ष कोमेश कोर्राम, प्रकाश आर्य, सहित अनेक कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
MAHANADI CIRCLE, RAIPUR (CHHATTISGARH)

e-PROCUREMENT TENDER NOTICE
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(First Call)

System Tender No. 164527/ NIT No.: 09/SAC/24-25 Dated: 03.03.2025

Online Tenders are invited for the following works up to 24.03.2025 at 17.30 Hours.

**Name of work - Construction of Boundary Wall and Repair of Ten No. I - Type Quarter and Roof Repairing Work of Water Resources Colony, Balodabazar under Mahanadi Project.**

Probable Amount of Contract :- Rs. 169.68 Lakhs

**(As per S.O.R dated 01.08.2010 and amended upto dated 22.08.2022).**

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal **(https://eproc.cgstate.gov.in) from Date 10.03.2025, at 17.31 Hours. (IST) onwards.**

**NOTE:** All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal **(https://eproc.cgstate.gov.in)** and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

Executive Engineer
Water Management Division No. 2, Balodabazar
For, Superintending Engineer
Mahanadi Circle, Raipur (C.G.)

G-242505703/5

REETECH INTERNATIONAL CARGO AND COURIER LIMITED
(Formerly Known As, "Reetech International Cargo And Courier Pvt Ltd.")
Regd. Office: Sai Kunj, Near Kalimata Mandir Road, Civil Lines, Raipur (C.G.) Pin-492001
CIN: L51100CT2008PLC020983, GSTIN: 22AAFCM8652E2ZK, PAN: AAFCM8652E
Email: info@reetechinternational.com, reetechinternational@gmail.com,
Phone No: 0771-4003800, www.reetechinternational.com

NOTICE OF EXTRA ORDINARY GENERAL MEETING, E-VOTING INFORMATION

The notice is hereby given that:
1. The Extra – ordinary General Meeting (EGM of the members of the Company is schedule to be held on Friday , March 28,2025 at 01:30 P.M at registered office of the company
2. The Company has sent notice of EGM in electronic form only on 04th March, 2025 to those members whose email addresses are registered with the company Depositaries / RTA on 28th February ,2025. In line with the Ministry of Corporate Affairs (MCA) Circular No. 17/2020 dated April 13, 2020, the Notice calling the EGM of the company has been uploaded on the website of the Company at **www.reetechinternational.com** . The Notice can also be accessed from the websites of the Stock Exchange i.e., BSE Limited at www.bseindia.com
3. The Members who have yet not registered / updated their e-mail ids may notify the same to the Company either at the registered office or at email address info@reetechinternational.com quoting full details of Folio No. / DP, Client ID and name of first / sole holder.
4. Process and manner for Members opting for voting through Electronic means: i. In compliance with the provisions of Section 108 of the Act read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, the Company is pleased to offer the facility of voting through electronic means and the business set out in the Notice above may be transacted through such electronic voting. The facility of voting through electronic means is provided through the e-voting platform of Big Share Services Private Limited ("remote evoting").
5. The detailed procedure instructions for remote- e-voting are contained in the notice of the EGM , in this regard , the members are further notified that : A- A person whose name is recorded in the register of members or in the beneficial owners maintained by depositories as on the **cut-off date i.e., March 20, 2025** shall be entitled to avail the facility of remote e-voting.Voting rights shall be reckoned on the paid-up value of shares registered in the name of the member / beneficial owner (in case of shares held in dematerialized form) as on the cut-off date i.e., March 20, 2025. **B-The Remote E-Voting shall begin on Tuesday 25 March 2025 at 09:00 A.M and ends on Thursday 27 March 2025 at 05:00 P.M.**
C- Shareholders who have already voted prior to the meeting date would not be entitled to vote at the meeting venue

Place : Raipur
Date : 04.03.2025

By order of the Board
Reetech International Cargo and Courier Limited
Sd/- Mahendra Ahuja, Managing Director
DIN- 00247075

# श्री बालाजी इस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लाभांडी में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com











श्री बालाजी इस्टीट्यूट ऑफ मेडीकल साइंस मोवा रायपुर के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लाभांडी (यूएचटीसी) में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एमबीबीएस के बेच 2023 विद्यार्थियों द्वारा टीकाकरण, महिला स्वास्थ्य व समाज में उनका योगदान विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डॉ. मजू तिर्की सभी नर्स व स्टाफ, सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका साहू, सहायक प्राध्यापक डॉ. श्रावणी आर, डॉ. अनुप्रिया झा, डॉ. स्मिताभ बारीक, डॉ. जी.बी भाव्या, पी.जी. स्टूडेन्ट मेडिकल सोशल वर्कर मनोज साहू तथा बैच 2023 के मेडिकल छात्र व छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा बच्चों के लिए आवश्यक टीकाकरण, टीकाकरण से होने वाले लाभ तथा समय अंतर्गत टीकाकरण न होने से होने वाली बीमारियों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिखाया, साथ ही पिछड़े क्षेत्रो में फैली भ्रांतियो को भी बताया। उन्होने संदेश दिया कि टीकाकरण स्वास्थ्य केन्द्रों मे तथा प्रशिक्षित डॉक्टर और नर्स से ही कराना चाहिए। नुक्कड़ नाटक की दूसरी कड़ी में विद्यार्थियों द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समाज की प्रगति में महिलाओं का योगदान, महिला के त्याग तथा महिला स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डॉ. मंजूर तिर्की द्वारा समय-समय पर स्वास्थ्यगत आधारित कार्यक्रम करने के लिए श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस की सराहना की। अंत में डॉ. अनुप्रिया झा द्वारा कार्यक्रम मे उपस्थित सभी लोगों का ध्यानपूर्वक देखने के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# एसईसीएल ने लॉन्च किया 'जटायु डैशबोर्ड' सतर्कता विभाग की नई पहल

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com






साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) ने सतर्कता और सिस्टम विभाग के संयुक्त प्रयास से विकसित 'जटायु डैशबोर्ड' का शुभारंभ किया। एसईसीएल मुख्यालय में आयोजित महाप्रबंधक समन्वय बैठक में कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) जेपी द्विवेदी ने बटन दबाकर इस डिजिटल प्लेटफॉर्म का उद्घाटन किया। इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (संचालन सह योजना/परियोजना) एन फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास, निदेशक (वित्त) डी सुनील कुमार और सीवीओ हिमांशु जैन (वीसी के माध्यम से) सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जटायु डैशबोर्ड को कोयला उद्योग से जुड़े विभिन्न नियमों, परिपत्रों, मानक संचालन प्रक्रियाओं और अन्य दिशानिर्देशों को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। इस डिजिटल पहल से एसईसीएल कर्मियों को कामकाज से जुड़ी नीतियों की आसान और त्वरित जानकारी मिलेगी, जिससे निर्णय लेने में सहायता मिलेगी और निवारक सतर्कता को बढ़ावा मिलेगा। डैशबोर्ड का नामकरण महाकाव्य रामायण के चरित्र जटायु से प्रेरित है, जो सतर्कता, कर्तव्य और न्याय के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के प्रतीक थे। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए, एसईसीएल ने 'जटायु डैशबोर्ड' विकसित किया है, जो अधिकारियों को नीतियों और प्रक्रियाओं की अद्यतन जानकारी प्रदान करके कार्यस्थल पर निर्णय प्रक्रिया को मजबूत बनाएगा। डैशबोर्ड को अधिक प्रभावी बनाने के लिए इसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चैटबॉट से जोड़ने की योजना है। यह चैटबॉट अधिकारियों के प्रश्नों के लिए विश्वसनीय और त्वरित उत्तर प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त, 'योगदान' नामक एक विशेष सेक्शन भी जोड़ा गया है, जहां अधिकारी प्रासंगिक दस्तावेज़ अपलोड कर सकते हैं। एडमिन समीक्षा के बाद इन संसाधनों को डैशबोर्ड की रिपॉजिटरी में शामिल करेगा। आने वाले दिनों में एआई चैटबॉट को टेंडरिंग, अनुबंध प्रबंधन, भूमि और पुनर्वास, वित्त, मानव संसाधन और अन्य परिचालन से संबंधित अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर देने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। एसईसीएल का यह डिजिटल कदम पारदर्शिता, कुशल प्रशासन और सतर्कता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा।

# पंजाब नैशनल बैंक ऋण मुक्ति शिविर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




पंजाब नैशनल बैंक द्वारा अपने गैर निष्पादित परिसंपत्ति (NPA) खाताधारकों को राहत प्रदान करने एवं उन्हें ऋ ण मुक्त करने के उद्देश्य से ऋण मुक्ति शिविर (OTS) का आयोजन दिनांक 07 मार्च 2025 को सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में 25 स्थानों में किया जा रहा है । इस शिविर में छत्तीसगढ़ एवं झारखण्ड राज्यों के अंचल प्रबंधक, आशीष चतुर्वेदी एवं प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली से महाप्रबंधक आशीष करमरकर ग्राहकों से मिल कर OTS निपटान सुनिश्चित करेंगे । इसके अलावा छत्तीसगढ़ राज्य के 25 विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया जा रहा है, प्रमुखतः रायपुर, बिलासपुर, भिलाई, राजनंदगांव, महासमुंद, जगदलपुर एवं अन्य स्थानों पर बैंक के सक्षम अधिकारी OTS निपटान हेतु उपस्थित रहेंगे । यह ऋण शिविर उन ग्राहकों को लाभान्वित करेगा, जिनके ऋण एनपीए में वर्गीकृत हो चुके हैं। OTS योजना ग्राहकों को रियायती दरों पर ऋण निपटान का अवसर प्रदान करेगा जिससे वे किसी भी संभावित कानूनी कार्यवाही से बच सकें एवं वित्तीय स्थिरता प्राप्त कर सकें। योजना से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए इच्छुक ग्राहक पीएनबी की निकटतम शाखा से संपर्क कर सकते हैं ।

# छालीवुड कलाकारों का रंग सरोवर होली मिलन समारोह 11 मार्च को सहाय फिल्म सिटी स्टूडियो में

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ी फिल्मी सितारों की होली मिलन समारोह पर यह एक शानदार और रंगीन आयोजन होने जा रहा है। रंग सरोवर होली मिलन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी फिल्मी सितारों की मौजूदगी इसे और भी खास बना देगी। एन माही फिल्म्स, आर्टिस्टिको एंटरटेनमेंट एवं मां मालती देवी फाउंडेशन व अवलंबन वेलफेयर फाउंडेशन के सहयोग से सहाय फिल्म सिटी एंड स्टूडियो में 11 मार्च को संध्या 4:00 बजे से को यह भव्य आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन न केवल रंगों का त्योहार मनाने का अवसर होगा, बल्कि छत्तीसगढ़ी फिल्मी जगत जिसमें फिल्मी परिवारों के सभी विधाओं के सदस्य एक छत की नीचे झूमते, नाचते, गाते एवं सुखी रंग बिरंगी गुलाल व फूलों से होली खेलते नजर आएंगे। इस कार्यक्रम में मनोरंजन, संगीत और नृत्य के साथ ही साथ, एक अनूठी प्रतियोगिता के साथ आए हुवे मेहमानों के लिए रोमांचक सवाल जवाब में विजेताओं को शानदार उपहार भी दिए जाएंगे साथ ही लज़ीज़ व्यंजनों का आनंद भी लिया जा सकेगा। आयोजन समिति में कार्यक्रम के प्रेरणाश्रोत संतोष जैन, (अध्यक्ष, छत्तीसगढ सिने एंड टीवी प्रोड्यूसर एसोसिएशन)राजीव श्रीवास्तव, (पूर्व डीजीपी आईपीएस) पूर्व खेल संचालक, पूर्व संस्कृति संचालक, संरक्षक योगेश अग्रवाल छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष, एन.माही फिल्म के मोहित साहू (फिल्म निर्माता) इंडस्ट्रीज के अभिनेता डॉ. अजय सहाय, सुभाषिनी जॉर्ज, आंचल गोस्वामी, दिनेश साहू, नेहा पटेल, विजय गुमगांवकर, अरुण बागड़े राजू नायक, राजा बरमाल, मज्जू भाई, इमरान खान, दिलीप नामपल्लीवार ने आयोजन की तैयारी को अंतिम रूप दिया।


# होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने भिलाई, छत्तीसगढ़ में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को बढ़ावा दिया

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने सड़क सुरक्षा पर अपने फोकस को मजबूत करते हुए भिलाई, छत्तीसगढ़ में एक जागरूकता अभियान आयोजित किया। इस पहल के तहत, शासकीय आईटीआई, भिलाई के 1500 से अधिक छात्रों और स्टाफ सदस्यों को जिम्मेदार सड़क व्यवहार के लिए आवश्यक ज्ञान प्रदान किया गया। एचएमएसआई ने इस अभियान को केवल जागरूकता तक सीमित न रखते हुए, इसे दीर्घकालिक व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तैयार किया। प्रारंभिक अवस्था में सड़क सुरक्षा शिक्षा देने से भविष्य के जिम्मेदार सड़क उपयोगकर्ता तैयार किए जा सकते हैं, जो अपने आस-पास के लोगों को भी प्रभावित कर सकते हैं। सरकारी और गैर-सरकारी स्कूलों, कॉलेजों और संस्थानों के साथ मिलकर, एचएमएसआई सड़क सुरक्षा को रोजमर्रा की जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बना रहा है। भिलाई में आयोजित इस जागरूकता अभियान में सुरक्षा राइडिंग पाठ, खतरे की पहचान प्रशिक्षण, खेल, प्रश्नोत्तरी, हेलमेट जागरूकता और राइडिंग ट्रेनर मॉड्यूल जैसी गतिविधियाँ शामिल थीं। इन इंटरएक्टिव गतिविधियों के माध्यम से, सड़क सुरक्षा शिक्षा को आकर्षक और व्यावहारिक बनाया गया, जिससे प्रतिभागियों को न केवल सड़क सुरक्षा के दिशा-निर्देशों की जानकारी मिली, बल्कि उन्होंने सड़क पर जिम्मेदारी का अहसास भी किया। एचएमएसआई ने इस पहल को सफल बनाने में शासकीय आईटीआई, भिलाई के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। छात्रों और स्टाफ की उत्साही भागीदारी ने जिम्मेदार सड़क व्यवहार के प्रति जागरूकता फैलाने और सुरक्षित सड़कों की दिशा में काम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# नथिंग फोन (3ए) और फोन (3ए) प्रो भारत में लॉन्च किए गए

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




नथिंग ने फोन (3ए) सीरीज़ पेश की, जो एडवांस्ड फीचर्स के साथ अपने मिड-रेंज लाइनअप को और बेहतर बनाती है। बहु-चर्चित फोन (2ए) पर आधारित, इसमें है ऑप्टिकल जूम के साथ एक एडवांस्ड ट्रिपल-कैमरा सिस्टम, एक दमदार स्नैपड्रैगन प्रोसेसर, एक उज्ज्वल, ज़्यादा रिस्पॉन्सिव डिस्प्ले और एसेंशियल स्पेस जैसे नथिंग ओएस नवाचार ये सब दो खास बेहतर डिज़ाइनों में आ रहे हैं। फोन (3ए) और फोन (3ए) प्रो दोनों में ही ज़्यादा सोफेस्टिकेटेड लुक और फील है, जिसमें अपग्रेडेड ग्लास बैक पैनल, इनटर्नल संरचना में बढ़ी हुई समरूपता और फिनिश में परिष्कृत विज़ुअल डिटेल्स और तत्व शामिल हैं। इसके अलावा, फोन (3ए) सीरीज़ ने अपनी टिकाऊपन को भी आईपी64 रेटिंग में अपग्रेड किया है। जब कैमरे की बात आती है, तो नथिंग ने फोन (3ए) सीरीज़ में अब तक का सबसे एडवांस्ड कैमरा सिस्टम पेश किया है। फोन (3ए) में पहली बार ऑप्टिकल जूम के साथ एक अपग्रेडेड 50एमपी मेन सेंसर और एक एसओएन4 अल्ट्रा-वाइड सेंसर की सुविधा होगी। फोन (3ए) के टेलीफोटो कैमरे में 50 मिमी समतुल्य फोकल लेन्थ पर विस्तृत शॉट्स के लिए तेज़ एफ/2.0 अपर्चर के साथ एक दमदार 50एमपी सेंसर है। 2× ऑप्टिकल रीच एक बेहतरीन ज़ूम के लिए आधार तैयार करती है, जबकि हाई रिज़ॉल्यूशन 4× तक लॉसलेस इन-सेंसर ज़ूम को सक्षम बनाता है। जब आप और ज़ूम इन करना चाहेंगे, तो फोन (3ए) 30× अल्ट्रा ज़ूम के लिए एआई स्पष्टता-बढ़ाने वाले एल्गोरिदम का उपयोग करता है। फोन (3ए) प्रो फ़्लैगशिप टेलीफोटो ज़ूम, फोन (3ए) प्रो के दमदार पेरिस्कोप ज़ूम के साथ बहुमुखी प्रतिभा को पूरा करता है। इसका हार्डवेयर पूरी तरह से अपग्रेडेड है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनी कुमार बिसाल, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 24 मार्च से 8 मार्च तक जिलेभर में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत केरावाही पंचायत भवन, तहसील माकड़ी, जिला कोंडागांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के संवैधानिक और कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करना, महिलाओं के खिलाफ हिंसा का विरोध करना और महिला सशक्तिकरण योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना है। कार्यक्रम के तहत 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जागरूकता पखवाड़ा जिलेभर में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा को बढ़ावा देना है। इस अभियान के तहत कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता, महिला सुरक्षा, लैंगिक भेदभाव को समाप्त करने, कल्याणकारी सेवाओं की जानकारी देने और शिशु लिंगानुपात में सुधार के लिए विभिन्न गतिविधियां की जा रही हैं। इसके अलावा, महिलाओं एवं किशोरियों को उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराने हेतु भारतीय दंड संहिता, भारतीय नागरिक संहिता, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न निषेध अधिनियम, टोना-टोटका प्रताड़ना अधिनियम, लैंगिक अपराध संरक्षण अधिनियम की जानकारी दी गई। साथ ही, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, एंबुलेंस सेवा 108 और स्वास्थ्य सेवा 102 जैसी आवश्यक सेवाओं की जानकारी भी साझा की गई। सामुदायिक पंचायतों एवं स्वयं सहायता समूहों में महिला सुरक्षा, कानूनी अधिकार, मासिक धर्म स्वच्छता, सुरक्षित मातृत्व, प्रसव पूर्व देखभाल, पोषण और एनीमिया से बचाव से संबंधित जानकारी दी गई। महिलाओं के लिए उद्यमिता, वित्तीय साक्षरता और कौशल विकास पर भी सत्र आयोजित किए गए।

# कोलंबिया के विद्यार्थियों द्वारा कून्नूर एवं बेंगलुरु के संयंत्रों का सफल भ्रमण

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com






कोलंबिया इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी बैचलर ऑफ फार्मेसी सप्तम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने तकनीकी विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमानुसार दस दिनों के औद्योगिक भ्रमण के दौरान बेंगलुरु एवं ऊटी स्थित कून्नूर के प्रमुख फार्मास्युटिकल संस्थानों के साथ जुड़ने का अनमोल अवसर प्रदान किया। दौरे का एक प्रमुख आकर्षण कर्नाटका एंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड एक सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी छात्रों को फार्मास्युटिकल निर्माण और उद्योग संचालन में महत्वपूर्ण जानकारी दी जिससे छात्रों को दवा उत्पादन और गुणवत्ता नियंत्रण की प्रक्रियाओं को समझने का अवसर मिला। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने कुन्नूर स्थित पाश्चर इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया जो कि एक स्वायत्त संस्थान है और विगत 115 वर्षों से विभिन्न वैक्सीन्स के उत्पादन एवं उनके अनुसन्धान के लिए जानी जाती है का भी द्वारा किया इस दौरान विद्यार्थियों को वक्सीनशन के निर्माण प्रक्रिया को जानने का अवसर प्राप्त हुआ। इस औद्योगिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन संस्थान के शिक्षकगणों, स्वप्निल लाल, राहुल गोस्वामी, अंजलि सिन्हा एवं मनीषा वर्मा द्वारा किया गया। इस औद्योगिक भ्रमण ने विद्यार्थियों के ज्ञान एवं अनुभव न केवल बढ़ाया है अपितु उन्हें फार्मास्यूटिकल उद्योग में आने वाली चुनौतियों एवं अवसरों के के लिए भी तैयार किया है। औद्योगिक भ्रमण के लिए संस्थान के सचिव हरजीत सिंह हुरा, प्राचार्य डॉ रविंद्र कुमार पांडेय एवं संस्थान के अनेक प्राध्यापकगणों का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

# सेंसोडाइन ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे 2025 कैंपेन की शुरुआत की

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

सेंसोडाइन, जो हेलियोन (पहले ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन कंज्यूमर हेल्थकेयर) का एक जानामाना ओरल केयर ब्रांड है, उसने 24 घंटे में सबसे ज्यादा ऑनलाइन डेंटल स्क्रीनिंग टेस्ट पूरे कर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। महाकुंभ 2025 में आयोजित इस पहल में लगभग 27,000 से ज्यादा लोगों ने डेंटल चेकअप कराया। यह भारत में ओरल केयर के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक बहुत बड़ी कामयाब कोशिश रही। इस पहल में अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हुए सेंसोडाइन ने अपने नए 20 रूपये के छोटे टूथपेस्ट पैक बाँटे, जो सेंसिटिविटी से सुरक्षा अब कम दाम में उपलब्ध कराएगा। यह रिकॉर्ड सेंसोडाइन, के वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे कैंपेन की शुरुआत भी करता है, जिसका लक्ष्य लोगों को बेहतर ओरल हेल्थ की ओर कदम बढ़ाने के लिए जागरूक करना है। सेंसोडाइन, पिछले 10 सालों से भी ज्यादा समय से लोगों को दांतों की सेंसिटिविटी पहचानने और सही समय पर उसके लिए कदम लेने के लिए जागरूक कर रहा है। इस दौरान, ब्रांड ने पूरे भारत में चिल टेस्ट किए हैं, जिससे लाखों लोगों को उनकी समस्या को समझ कर उसके लिए कदम लेने और फिर से अपने पसंदीदा खाने का लुत्फ उठाने में मदद मिली है। यह पहल लोगों की जीवन की खुशहाली लौटने की दिशा में एक बड़ा कदम है। किशले सेठ, कैटेगरी लीड, ओरल हेल्थ, हेलियोन इंडिया सबकॉन्टिनेंट ने बताया कि, सेंसोडाइन, में हमारा लक्ष्य लोगों को उनकी ओरल हेल्थ की ओर कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है। महाकुंभ 2025 में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाना सिर्फ आंकड़ों की बात नहीं है, बल्कि यह हजारों लोगों तक पहुंचने, जागरूकता बढ़ाने और हर दिन बेहतर ओरल हेल्थ को प्रोत्साहित करने की हमारी कोशिशों का हिस्सा है। हम इस पहल को आगे बढ़ा रहे हैं और वर्ल्ड ओरल हेल्थ मंथ के दौरान ओरल हेल्थ की शिक्षा को बढ़ावा दे रहे हैं। साथ ही, फ्री डिजिटल डेंटल चेक-अप की सुविधा भी दे रहे हैं। ओरल केयर की शिक्षा, जागरूकता और सही इलाज सभी के लिए सुलभ करने की इन लगातार कोशिशों के जरिए सेंसोडाइन, भारत में ओरल हेल्थ को बेहतर बनाने में लगा है।

# नि:शुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन 6 मार्च को आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं योग विशेषज्ञों की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी





पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

जिले में आयुष चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने और नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से विशाल निःशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

यह शिविर 6 मार्च 2025, गुरुवार को जिला सत्र न्यायालय कवर्धा के सामने स्थित आयुष पालीक्लीनिक में सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक आयोजित होगा। जिला आयुष अधिकारी डॉ. संजय कुमार वास्तव और शिविर प्रभारी डॉ. कमलेश कुमार वर्मा ने आमजन से इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह शिविर लोगों को प्राकृतिक और परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों से लाभान्वित करने का एक सुनहरा अवसर है।

शिविर में निःशुल्क परामर्श और औषधियों के वितरण के साथ-साथ, नागरिकों को स्वास्थ्यप्रद जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित भी किया जाएगा। जिला आयुष विभाग द्वारा आयोजित इस शिविर में सभी नागरिकों को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। शिविर में आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं योग चिकित्सा पद्धति के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहेंगे, जो रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे और निःशुल्क औषधियों का वितरण किया जाएगा। साथ ही, नागरिकों को आयुष चिकित्सा से जुड़े विभिन्न स्वास्थ्यवर्धक नियमों एवं जीवनशैली संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी जाएंगी।

**स्वास्थ्य और जीवनशैली पर विशेष जानकारी**-शिविर में रोगियों को दिनचर्या, रात्रिचर्या, तुचर्या, सदव्रत, भोजन व्यवस्था, योग एवं स्वस्थ वृत्त के महत्व के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। इसके अलावा, विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा काय चिकित्सा (मेडिसिन), स्वस्थ्यवृत्त (जीवनशैली), शल्य चिकित्सा (सर्जरी) से संबंधित परामर्श भी प्रदान किए जाएंगे।

**जिलेभर के आयुष चिकित्सक रहेंगे उपस्थित**-इस शिविर में जिलेभर के अनुभवी आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग चिकित्सा विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। नागरिकों को योग और प्राकृतिक चिकित्सा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी जाएंगी, जिससे वे अपनी दिनचर्या को स्वास्थ्यवर्धक बना सकें।

# मुख्य न्यायाधीपति रमेश सिन्हा ने किया लॉयर्स हॉल, डिजिटल कम्प्यूटर लैब का वर्चुअल शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में आधुनिक सुविधाओं के विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। छग उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीपति रमेश सिन्हा ने न्यायालय परिसर में जिला अधिवक्ता संघ मुंगेली के लिए बनाये गये नवनिर्मित लॉयर्स हॉल एवं जिला न्यायालय में पक्षकारों के लिए न्यायिक सेवा की पहुँच को और सुगम बनाने हेतु डिजिटल कम्प्यूटर लैब का वर्चअल उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति विभुदत्तागुरू पोर्ट फोलियो न्यायाधीश जिला मुंगेली विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहें। मुख्य न्यायाधीपति द्वारा अपने उद्बोधन वक्तव्य में नवनिर्मित लॉयर्स हॉल एवं पुनरूद्धार बार रूम को जिला अधिवक्ता संध, मंगेली को सौंपते हुये इस बात पर जोर दिया कि अधिवक्तागण इस बार रूम को सुव्यवस्थित और बेहतर न्यायिक सेवा प्रदाय करने की दिशा में अपना पूर्ण सहयोग देते हुये इसकी महत्ता और गरिमा को बनाये रखने में अपना पूर्ण योगदान करेंगे। साथ ही कहा कि डिजिटल कम्प्यूटर लैब की स्थापना अधिवक्ताओं और न्यायालय कर्मियों, पक्षकारों के लिए अत्यधिक लाभकारी सिद्ध होगी जिससे उन्हें आधुनिक संसाधनों की सुविधा मिलेगी और न्यायिक कार्यों को और गतिशीलता मिलेगी। इस उद्घाटन समारोह में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सी.के. अजगल्ले, ने कहा कि मुख्य न्यायाधीपति एवं पोर्टफोलियों जज मुंगेली के मार्गदर्शन में न्यायालय में अधोसंरचना विकास में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया गया है कि जिससे न्यायालय परिसर अधोसंरचना की दृष्टिकोण से पहले से अधिक विकसित एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त हो गया है। उन्होंने न्यायालय परिसर में इन सुविधाओं के विस्तार के लिए मुख्य न्यायाधीपति एवं पोर्टफोलियो जज के प्रति आभार व्यक्त किया और इसे न्यायिक सेवा की सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। साथ ही इस कार्यक्रम का सफल बनाने में न्यायिक प्रशासन के अधिकारी तकनीकि स्टाफ एवं जिला प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग एवं दूरसंचार विभाग सी.एस.ई.बी. विभाग को आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से जिला कलेक्टर राहुल देव व पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल एवं अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पांडे तिवारी एवं न्यायिक अधिकारी परिवार न्यायाधीश कीर्ति लकड़ा, प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रेशमा बैरागी पटेल, व्यवहार न्यायाधीश अनंतदीप तिर्की एवं श्वेता ठाकुर साथ ही जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजमन सिंह, राजेन्द्र चंद्रवंशी सचिव जिला अधिवक्ता संघ, मुंगेली व अन्य गणमान्य अधिवक्ता गण एवं जिला न्यायालय प्रशासन की ओर से न्यायालय प्रबंधक लोकेश देवांगन, प्रशासनिक अधिकारी जगदीश प्रसाद रजक व अन्य न्यायिक कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिले में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिकाओं की सुरक्षा एवं शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 08 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार 03 मार्च को शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल करही तथा 04 मार्च को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय चातरखार व जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी संजुला शर्मा ने बताया कि यह पहल बालिकाओं को शिक्षित एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से की जा रही है। कार्यक्रम में संरक्षण अधिकारी सीतामणी कच्छप, सखी वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक सुनीता दादवानी और लक्ष्मीनारायण सोनवानी ने महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा, सरकारी योजनाओं, महिला हेल्पलाइन नंबर 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी दी। साथ ही छात्राओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य जे.एस. ध्रुव, देवेन्द्र कुमार साहू, शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन द्वारा प्रायोजित तथा डॉ. ज्वाला प्रसाद मिश्र शासकीय विज्ञान महाविद्यालय मुंगेली एवं शासकीय एस. एन. जी. महाविद्यालय मुंगेली के संयुक्त तत्वाधान में " छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों में उद्यमिता विकासः चुनौतियां एवं संभावनाएं" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।जिसमें मुख्य अतिथि एस. पी. चतुर्वेदी प्रख्यात उद्योगपति बिलासपुर, अध्यक्षता एस. के. गोवर्धन उद्यमी एवं कृषक मुंगेली, विशिष्ट अतिथि डॉ. पी. के. पाण्डेय, अपर संचालक उच्च शिक्षा क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर , डॉ. जी. ए. घनश्याम संयुक्त संचालक उच्च शिक्षा संचालनालय रायपुर , प्रो. रक्षा सिंह, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय केन्द्रीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक प्रद्युम्न तिवारी, अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति शास. विज्ञान महाविद्यालय मुंगेली। राणाप्रताप सिंह, अध्यक्ष, शासकीय एस. एन. जी. महाविद्यालय मुंगेली। प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. शोभित कुमार बाजपेयी एवं प्राचार्य सह-संरक्षक डॉ. रजत दवे के गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन, सरस्वती वंदना के साथ हुआ। तत्पश्चात् स्वागत भाषण डॉ. बाजपेयी सर द्वारा किया गया।

# मुख्यमंत्री साय 8 को 365 नवविवाहित वर वधू को देंगे अपना आशीर्वाद

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आगामी 8 मार्च को कुनकुरी विकासखंड के सलियाटोली मिनी स्टेडियम में महिला बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत लगभग 365 हिन्दू जोड़ों के वर वधू को अपना आशीर्वाद देंगें छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब परिवारों और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बेटियों का विवाह कराया जा रहा है। और माता पिता के चिन्ता की लकीरें को दूर कर रहा है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की कन्याओं के विवाह में सहायता प्रदान करना है। योजना की प्रमुख विशेषताएं विवाह के लिए एक जोड़े को 50 हजार रुपए तक खर्च शासन करता है। योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिसमें गरीब परिवारों की बेटियों का विवाह सरकारी सहयोग से संपन्न कराया जाता है। लाभार्थी पात्रता योजना का लाभ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग, और बीपीएल परिवारों की कन्याओं को मिलता है। गरीब परिवारों पर विवाह का आर्थिक बोझ कम करना। बेटियों के विवाह को प्रोत्साहित करना। सामाजिक समरसता बढ़ाना और सामूहिक विवाह को बढ़ावा देना।

## दिलीप सिंह जूदेव स्मृति में वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन सलियाटोली कुनकुरी में 08 को

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार उनके विधानसभा क्षेत्र कुनकुरी में 08 मार्च को जिला प्रशासन जशपुर द्वारा दिवंगत दिलीप सिंह जूदेव स्मृति में वृहद स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन एम्स रायपुर के सहयोग से बालासाहेब देशपाण्डे महाविद्यालय मैदान सलियाटोली कुनकुरी में किया जा रहा है। उक्त शिविर शनिवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगी। शिविर में एम्स रायपुर के जनरल मेडीसीन विभाग, जनरल सर्जरी विभाग, स्त्री राग विशेषज्ञ विभाग, नाक कान गला रोग विभाग, नेत्र रोग विभाग, अस्थिरोग विभाग, मनोरोग विभाग, गुर्दा रोग विभाग, चर्म रोग विभाग, कैंसर रोग विभाग एवं न्यूरोलॉजी विभाग के विशेषज्ञों द्वारा मरीजों का उपचार किया जाएगा। साथ ही जरूरतमंद मरीजों का चिन्हांकन कर एम्स रायपुर एवं उच्च संस्थानों में ईलाज प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री साय द्वारा शिविर में आयुष्मान कार्ड, सिकल सेल कार्ड, टी. बी. मरीजों को फुड बॉस्केट एवं निक्षय मित्रों को प्रमाण-पत्र वितरण करेगें। यह शिविर का आयोजन वृहद स्तर पर किया जा रहा है। जिसमें मरीजों के लिए 10 पंजीयन काउण्टर, 7 जनरल ओपीडी काउण्टर, 2 लेबोरेटरी काउण्टर, सभी विशेषज्ञ विभागों के पृथक-पृथक काउण्टर सहित जनरल वार्ड की सुविधा भी उपलब्ध रहेगा। वृहद स्वास्थ्य शिविर में जरूरतमंद मरीजों को इलाज करने के साथ निःशुल्क दवाई भी दी जाएगी और गंभीर मरीजों को रायपुर इलाज के लिए भेजा भी जाएगा।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सुंदर और रोचक प्रदर्शनी प्रस्तुत किए

पायनियर संवाददाता ➤ मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com



यूनिवर्सल पब्लिक हाई स्कूल, मनेन्द्रगढ़ में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सुंदर और रोचक प्रदर्शनी प्रस्तुत किए। इस आयोजन में प्रमुख अतिथि के रूप में वार्ड पार्षद अनिल प्रजापति उपस्थित हुए। उनके आगमन से बच्चों में उत्साह और उल्लास का माहौल देखा गया. विज्ञान प्रदर्शनी में प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर के छात्रों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने अपने प्रोजेक्ट को रिपोर्ट, डिस्प्ले और मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया। विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार पाण्डेय ने इस आयोजन के बारे में कहा कि विद्यालय इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन भविष्य में भी करता रहेगा ताकि बच्चे न केवल पढ़ाई में बल्कि अन्य गतिविधियों में भी भाग लेकर विद्यालय और नगर का नाम रोशन कर सकें। इस विज्ञान प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाना और उन्हें छोटे बाल वैज्ञानिक के रूप में तैयार करना था, ताकि वे अपने नये-नये विचारों से देश के विकास में अपना योगदान दे सकें। इस आयोजन में शिक्षिका संगीता और रागिनी वर्मा का मार्गदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा। साथ ही, समस्त विद्यालय परिवार के शिक्षकों और शिक्षिकाओं का योगदान भी अत्यधिक महत्वपूर्ण रहा। यह विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने के लिहाज से एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

# कलेक्टर व्यास ने जयस्तंभ चौक सौंदर्यीकरण का निरीक्षण कर कहा, इसे खूबसूरत बनाएं यहां घूमने लोग परिवार के साथ आएंगे

■ कार्यों को गुणवतापूर्ण और समय-सीमा में पूर्ण करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रोहित व्यास जिले के लगातार दौरा कर विकास कार्यों की प्रगति का जाएजा ले रहे हैं। साथ ही अधिकारियों से चर्चा कर उन्हें गुणवतापूर्ण और समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए निर्देशित भी कर रहे हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर ने जशपुर नगरपालिका क्षेत्र में जयस्तंभ चौक के सौंदर्यीकरण कार्य और जिला संग्रहालय परिसर में बन रहे अटल परिसर का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर व्यास सुबह जिला चिकित्सालय के समीप जयस्तंभ चौक में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को लाईटिंग के कार्य को बेहतर तरीके से करने के निर्देश दिए ताकि यह चौक बन जाने के उपरांत और भी आकर्षक लगे। कलेक्टर व्यास ने अधिकारियों से कहा कि इस चौक का निर्माण इस तरह हो कि यह शहर की खूबसूरती को भी बढ़ाए और यहां पर लोग अपने परिवार के साथ समय व्यतीत करने आएं। अधिकारियों ने बताया कि जयस्तंभ चौक में सौंदर्यीकरण कार्य के तहत रिनोवेशन, फाउंटेन वर्क, पाथवे, लाइटिंग, सिटिंग अरेंजमेंट, गार्डन आदि का निर्माण किया जा रहा है। इसके उपरांत कलेक्टर रोहित व्यास ने जिला संग्रहालय परिसर में बन रहे अटल परिसर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को प्राक्कलन अनुसार कार्य करने सहित गुणवता का विशेष ध्यान रखने और समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने इस परिसर में वर्टिकल गार्डन बनाने और सौंदर्यीकरण कार्य करने के लिए भी निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम ओंकार यादव, नगर पालिका सीएमओ योगेश्वर उपाध्याय सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए मुंगेली जिले के 12 होनहार खिलाड़ियों का चयन किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ दू रेन सीन कान छत्तीसगढ़ कराटे फेडरेशन, मुंगेली जिला कराटे एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए मुंगेली जिले के 12 होनहार खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इन खिलाड़ियों की सूची में दिव्या भोसले चंद्रदेव सिंह नमीषा सोनवानी दिनेश वर्मा देवराज साहू हर्षित सोनवानी यशराज सोनवानी समर शास्त्री अभिषेक पाटले आकांक्षा मरकाम मुस्कान यादव सूरज निर्मलकर, का नाम शामिल है सभी खिलाड़ी मुंगेली जिले के प्रशिक्षक बहोरन वर्मा के नेतृत्व में कराटे के विभिन्न स्तरों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इस मुकाम तक पहुंचे हैं। अब ये प्रतिभाशाली खिलाड़ी मुंबई और देहरादून में आयोजित होने वाले नेशनल टूर्नामेंट के फाइनल राउंड में अपना दमखम दिखाएंगे। छत्तीसगढ़ कराटे फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत एस मिश्रा ने यह बताया कि, यह मुंगेली जिले के लिए अत्यंत गर्व की बात है कि इस जिले के युवा अब राष्ट्रीय स्तर पर अपने कौशल का प्रदर्शन कर सकेंगे। मुंगेली जिले के इन खिलाड़ियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बिल्हा विधायक व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, सरगांव मंडल अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष, सरगांव, जिला पंचायत सदस्य और सरगांव के सभी पार्षदों ने खिलाड़ियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बताया गया कि नगर पंचायत सरगांव के अध्यक्ष परमानंद साहू और भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष पोषण यादव तथा प्रदेश पदाधिकारी रणजीत सिंह भी इसी संस्था के प्रशिक्षित है। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा-आप सभी ने कठिन परिश्रम, समर्पण और अनुशासन के बल पर इस उपलब्धि को हासिल किया है। हम आप सभी से आशा करते हैं कि आप राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और अपने गांव, ब्लॉक, जिला और राज्य का नाम रोशन करेंगे। हमारी शुभकामनाएं सदैव आपके साथ हैं। छत्तीसगढ़ कराटे फेडरेशन एवं मुंगेली जिला कराटे एसोसिएशन के जिला प्रशिक्षक बहोरन वर्मा ने बताया कि इन खिलाड़ियों ने इससे पहले राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया था, जिसके आधार पर उनका राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ। उन्होंने कहा, कराटे न केवल एक खेल है, बल्कि यह आत्मरक्षा, अनुशासन और मानसिक मजबूती का एक महत्वपूर्ण साधन भी है।

**100 करोड़ रुपए से अधिक की राशि के निर्माण कार्यों से जिले की बदलेगी तस्वीर**

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बजट में कबीरधाम को मिली बड़ी सौगात

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com








मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रस्तुत छत्तीसगढ़ के पहले हस्तलिखित बजट में कबीरधाम जिले के समग्र विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत बजट में जिले के विकास के लिए कई अहम घोषणाएँ की गई हैं। इस बजट से जिले को आर्थिक मजबूती मिलने के साथ-साथ आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास, विधि और परिवहन क्षेत्र में नए निर्माण कार्यों को बढ़ावा मिलेगा। है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व पंडरिया विधायक मती भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए, आम नागरिकों की सुविधा और जिले के समुचित विकास करने विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए अनुरोध किया था। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से वर्ष 2025-26 के लिए जिले के चौमुखी विकास हेतु 100 करोड़ से अधिक राशि का प्रावधान किया गया है। इस राशि से 8 प्रमुख विभागों के अंतर्गत 89 निर्माण कार्यों को स्वीकृति दी गई है। इसमें सिंचाई, परिवहन, स्वास्थ्य, नगरीय विकास, ग्रामीण विकास, वनांचल क्षेत्र का विकास, सड़क, पुल-पुलिया निर्माण, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और अस्पतालों का निर्माण शामिल है। जिले के किसानों और आम जनता ने इस बजट प्रावधान पर हर्ष जताया है और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का आभार व्यक्त किया है।

**जिले में 89 कार्यों पर होगा 100 करेड़ से अधिक राशि का निवेश**-बजट में कबीरधाम जिले के चौतरफा विकास के लिए 100 करोड़ से अधिक राशि का प्रावधान कर 8 प्रमुख विभागों के अंतर्गत 89 कार्यों को मंजूरी दी गई है। इनमें सड़क, पुल-पुलिया, सिंचाई, परिवहन, स्वास्थ्य, नगरीय ग्रामीण विकास और अन्य निर्माण कार्य शामिल हैं। इसके तहत लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 70 कार्य के लिए 73 करोड़ 33 लाख 02 हजार रूपए, नगरीय प्रशासन विभाग के अंतर्गत 01 कार्य के लिए 02 करोड़ 60 लाख रूपए, जल संसाधान विभाग के अंतर्गत 08 कार्यों के लिए 09 करोड़ 15 लाख रूपए, परिवहन विभाग, वाणिज्य कर विभाग के एक-एक कार्य, विधि विभाग के अंतर्गत 01 कार्य के लिए 03 करोड़ 23 लाख 45 हजार रूपए, स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत 01 कार्य के लिए 11 लाख रूपए, स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत 04 कार्य के लिए 09 करोड़ 50 लाख रूपए से अधिक, पंचायत विभाग के अंतर्गत 02 कार्य के लिए 01करोड़ 79 लाख 50 हजार रूपए से अधिक के कार्य शामिल है।

**कबीरधाम जिले के लिए विकास की नई इबारत-उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा**-प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि इस बजट से कबीरधाम जिले का सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य बदलेगी। स्वास्थ्य, शिक्षा, आधारभूत संरचना और परिवहन क्षेत्र में किए गए ये निवेश आने वाले वर्षों में जिले के विकास को नई गति देंगे। विष्णुदेव साय सरकार की यह पहल कबीरधाम को एक आदर्श जिले के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाएगी। सरकार की यह पहल किसानों की समृद्धि और जिले के सतत विकास में एक नई दिशा प्रदान करेगी। यह बजट जिले के सर्वांगीण विकास को गति देने में मील का पत्थर साबित होगा।

**स्थानीय जनता को होगा सीधा लाभ-सांसद संतोष पाण्डेय**-राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय ने बताया कि इस बजट से कबीरधाम जिले के नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। बेहतर सड़कें, उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएँ, सिंचाई संसाधनों में वृद्धि और नगरीय विकास की योजनाएँ जिले के सामाजिक-आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। सरकार की यह पहल जिले को प्रगति के नए पथ पर ले जाएगी और यहाँ के नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करेगी।

# प्रभारी सिविल सर्जन के विरूद्ध शिकायत की जांच हेतु दल गठित



**जांजगीर-चांपा।** जिला चिकित्सालय एवं बीडीएम चिकित्सालय चांपा के डॉक्टर एवं कर्मचारियों द्वारा डॉ दीपक जायसवाल चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी सिविल सर्जन जिला अस्पताल जांजगीर को हटाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। कलेक्टर कार्यालय जांजगीर-चांपा से जारी पत्र के अनुसार प्रभारी सिविल सर्जन के विरूद्ध शिकायत के जांच हेतु तीन सदस्यीय दल गठित किया गया है। गठित दल में अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह अध्यक्ष, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वाति वंदना सिसोदिया एवं डिप्टी कलेक्टर भावना साहू को सदस्य बनाया गया है। जांच दल द्वारा मामले की वस्तु स्थिति एवं दस्तावेजों का परीक्षण कर विस्तृत जांच करते हुए प्रतिवेदन तैयार किया जाएगा।

# गुरूदर्शन मेले में उमड़ रही श्रद्धा की बयार, देशभर से आ रहे श्रद्धालु

## मुख्यमंत्री साय के निर्देश पर श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं और सुरक्षा का व्यापक विस्तार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




बाबा गुरु घासीदास की जन्मस्थली और कर्मस्थली गिरौदपुरी में आयोजित गुरूदर्शन मेला अपनी भव्यता और आस्था के लिए देशभर में प्रसिद्ध है। 04 से 06 मार्च तक चलने वाले इस मेले में छत्तीसगढ़ सहित पूरे भारत से हजारों श्रद्धालु आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर इस वर्ष श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मुख्यमंत्री साय ने इस बार मेले को भव्य स्वरूप में आयोजित करने के लिए 50 लाख रुपए की राशि की घोषणा की है, जो पूर्व में 25 लाख रुपए थी। इसके साथ ही, मुख्य प्रवेश द्वार से मुख्य मंदिर तक स्थायी शेड के निर्माण की भी घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री साय ने स्वयं गुरू गद्दी का दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की प्रार्थना की और मेले की भव्यता बढ़ाने और श्रद्धालुओं को अधिक सुविधा प्रदान करने के लिए मेला बजट को दोगुना करने के साथ ही जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री साय की घोषणा के बाद जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मुख्य प्रवेश द्वार से मुख्य मंदिर तक स्थायी शेड निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण एवं माप-जोख करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दिशानिर्देश पर इस वर्ष मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए बेहतर इंतजाम किए गए हैं। गुरूदर्शन मेला न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि देशभर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था और भक्ति का केंद्र है। इस वर्ष मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से इसे और भव्य और सुव्यवस्थित बनाया गया है। प्रशासन द्वारा की गई इन सुविधाओं की बढ़ोतरी से श्रद्धालुओं को अधिक सुविधाजनक, सुरक्षित और आध्यात्मिक अनुभव मिलेगा। गुरूदर्शन मेले का यह ऐतिहासिक विस्तार श्रद्धालुओं की सेवा और आस्था को नई ऊँचाई पर ले जाने वाला साबित होगा। गुरुदर्शन मेले में श्रद्धालुओं को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया गया है, जिसके अंतर्गत चिकित्सा सहायता केंद्रों की संख्या 2 से बढ़ाकर 8 कर दी गई है और एंबुलेंस की संख्या 4 से बढ़ाकर 8 की गई है। निःशुल्क भोजन सेवा को भी विस्तार देते हुए अब 24 स्थानों पर 212 समूहों द्वारा भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है, जो पहले 20 स्थानों पर 175 समूहों द्वारा संचालित थी। पेयजल व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया गया है, जिसमें स्थायी नल कनेक्शन की संख्या 110 से बढ़ाकर 195 कर दी गई है और पानी टैंकरों की संख्या 8 से बढ़ाकर 18 कर दी गई है। मेले में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है, जिसमें पुलिस कंट्रोल रूम की संख्या 3 से बढ़ाकर 9 कर दी गई है, सुरक्षा बलों की संख्या 450 से बढ़ाकर 1150 की गई है और पहली बार 36 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी नियमित मॉनिटरिंग हो रही है ।सुरक्षाकर्मियों को 130 वायरलेस सेट भी प्रदान किए गए हैं। अग्नि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अब 1 के बजाय 3 अग्निशमन वाहन तैनात किए गए हैं ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। मेले में विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था को और प्रभावी बनाया गया है, जिसमें ट्रांसफार्मरों की संख्या 10 से बढ़ाकर 13 कर दी गई है और विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में बैकअप जनरेटर की संख्या 6 से बढ़ाकर 10 कर दी गई है।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव के मुख्य आतिथ्य में कुम्हारी नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण संपन्न



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के मुख्य आतिथ्य में कुम्हारी नगर पालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण संपन्न हुआ। विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। कुम्हारी के बाजार चौक स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में आयोजित समारोह में एसडीएम महेश राजपूत ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष मीना वर्मा और पार्षदों को शपथ दिलाई। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष और पार्षदों को बधाई और अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने उम्मीद जताई कि नगर पालिका की यह नई टीम कुम्हारीवासियों के लिए नवीन सुविधाएं विकसित करने के साथ ही शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए सक्रियता से काम करेगी। राज्य शासन द्वारा इसमें हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा के शपथ के बाद 6-6 के समूह में कुल 24 पार्षदों ने शपथ ग्रहण किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मीना वर्मा ने सभी अतिथियों और नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने शहर के विकास और समृद्धि के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। पूर्व संसदीय सचिव सियाराम साहू सहित गणमान्य नागरिक और शहरवासी बड़ी संख्या में शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद थे।

# नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे को प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ नगर निगम रायपुर के पदाधिकारियों ने दी हार्दिक शुभकामनाएं

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर की नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे से मिलकर प्लेसमेंट कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष संजय एड़े सहित पदाधिकारियों ने बुके प्रदत्त करते हुए प्रथम नागरिक महापौर पद का कार्यभार ग्रहण करने पर हार्दिक शुभकामनायें दीं। अध्यक्ष ने संघ की प्रमुख मांगों के संबंध में अवगत कराते हुए प्लेसमेंट कर्मचारियों को नगर निगम से सीधा वेतन भुगतान करने, 4000 रू. श्रम सम्मान निधि प्रदान करने सहित अन्य प्रमुख मांगो के संबंध में महापौर से चर्चा की गई। जिस पर महापौर चौबे ने संघ की मांगो को पूरा करवाने के प्रति आश्वस्त किया। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी पवन चवरगुवाल, देवेन्द्र साहू, गिरधारी साहू, मनीष तिवारी, गुलशन ताम्रकार, हेमंत फरिकार, रवि साहू, भोला साहू, ललित साहू, शबाना बेगम, नीलू शर्मा, रीता राव, शकुन हरपाल, संजना हरपाल, सावित्री उपस्थित थे।

## गोंदिया से छपरा व पटना जंक्शन के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**बिलासपुर।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे होली पर्व के अवसर पर गोंदिया से छपरा एवं पटना जंक्शन के लिए स्पेशल ट्रेनों का परिचालन कर रहा है। रेलवे सूत्रों ने यह जानकारी दी। होली के दौरान ट्रेनों में होने वाली अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने और यात्रियों को सुगम यात्रा प्रदान करने के लिए ये स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इन स्पेशल ट्रेनों में गाड़ी संख्या (08863/08864) गोंदिया-छपरा-गोंदिया (एक फेरे के लिए) होली स्पेशल, गाड़ी संख्या (08895/08896) गोंदिया-छपरा-गोंदिया (एक फेरे के लिए) होली स्पेशल, गाड़ी संख्या (08897/08898) गोंदिया-पटना-गोंदिया (दो फेरे के लिए) होली स्पेशल है।

# छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति की बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com





संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं के बैठक कक्ष में डॉ. प्रियंका शुक्ला, आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं एवं परियोजना संचालक छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति की अध्यक्षता में राज्य के सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स की एचआईवी/एड्स विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। परियोजना संचालक द्वारा एचआईवी के प्रति समाज में व्याप्त सामाजिक भेदभाव को दूर करने के लिए इन्फ्लूएंसर्स को कार्यक्रम में सहयोग देने और जागरूकता पैदा करने के लिए प्रोत्साहित किया, साथ ही युवाओं को सही जानकारी प्रदान करने में इन्फ्लूएंसर की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। अतिरिक्त परियोजना संचालक डॉ खेमराज सोनवानी ने कार्यक्रम के उद्देश्य को विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया। संयुक्त संचालक आईईसी अजय कुमार सिंह ने एचआईवी के विषय में जानकारी दी और एचआईवी एवं एड्स एक्ट पर भी जानकारी दी। सोशल मीडिया से किस तरह इन्फ्लूएंसर्स कार्य कर सकते उसकी जानकारी नीतू मंडावी सहायक संचालक यूथ ने दिया। राज्य के रायपुर, बिलासपुर, जांजगीर, कोरबा, डोंगरगढ़, अंबिकापुर, बस्तर, कांकेर एवं भिलाई से इन्फ्लूएंसर्स सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में समिति के मोहम्मद हाशिम, उप संचालक भी उपस्थित रहे तथा सभी को प्रोत्साहित किया।




**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी अध्यक्ष एवं गगन जयपुरिया उपाध्याय निर्वाचित। संभागीय प्रभारी शौरभ सिंह ज़िला प्रभारी छगन लाल मुंदडा पूर्व विधायक नारायण चंदेल पूर्व विधायक चुन्नी लाल साहू के कुशल संचालन एवं मार्गदर्शन से ही पूरा चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न हो पाया।

# चैंपियंस ट्रॉफी के मैचों में सटटा खिलवाने वाले तीन खाईवाल गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत और आस्ट्रेलिया के बीच चैंपियंस ट्राफी में सेमीफाइनल का मैच खेला गया, इस दौरान आनलाइन सटटा खिला रहे तीन खाईवालों को गंज पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए उनके पास से ढाई लाख रूपए से अधिक की रकम को जप्त किया। पुलिस का कहना है कि आरोपी दोनों लग्जरी कार (जगुआर) में घूम-घूमकर चैंपियंस ट्रॉफी के मैचों में सट्टा खेलवा रहे थे और आईपीएल से पहले ही अपना नेटवर्क सक्रिय करना चाह रहे थे। गंज पुलिस ने स्टेशन रोड नर्मदा पारा में गोपी आटा चक्की के पास रात 9.30 बजे सूरज दुबे (44) को मोबाइल में मैच पर आन लाइन दांव लगवाते पकड़ा। उससे दो मोबाइल और 54000 रूपए जब्त किए। उधर डीडी नगर पुलिस ने भी रात 8.20 बजे रोहिणीपुरम तालाब के पास सौरभ जैन (36), विकास (राजकुमार) अग्रवाल (46) को पकड़ा। ये दोनों कार में बैठकर मैच में बाल दर बाल सटटा खिला रहे थे। इनसे तीन मोबाइल, एक जगुवार कार और दो लाख रूपए जब्त किए गए। और करोड़ो के लेन-देन का हिसाब बरामद की गई है। इनके पास 60 से अधिक ग्राहको को लंबी लिस्ट मिली है। तीनों को पुलिस ने धारा 4 क, 7 जुआ सट्टा एक्ट के तहत गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनसे कई मास्टर आईडी, आधा दर्जन मोबाइल फोन और लैपटॉप जब्त किए हैं, जिनमें करोड़ों रुपये के लेन-देन का खुलासा हुआ है। इनके नेटवर्क में शामिल अन्य सट्टेबाजों और ग्राहकों की भी पहचान की जा रही है।

# सम्पतिकर अदा नहीं करने पर आनन्द रेस्टोरेंट को सीलबंद करने कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेशानुसार, अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, उपायुक्त राजस्व डॉक्टर अंजलि शर्मा, राजस्व अधिकारी खीरसागर नायक के निर्देशानुसार जोन 10 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा के मार्गनिर्देशन में जोन 10 राजस्व विभाग की टीम द्वारा जोन क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 52 में बड़े बकायेदार पर सीलबंद की कड़ी कार्रवाई की गई। कार्यवाही के तहत जोन क्षेत्र में डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 52 के क्षेत्र में बड़े बकायादार आशुतोष शर्मा की वर्ष 2019-20 से बकाया राशि रूपये 5 लाख 92 हजार 354 के संपत्तिकर का भुगतान उक्त सम्बंधित बड़े बकायादार द्वारा डिमांड बिल/नोटिस, अंतिम सूचना देने के बाद भी नहीं करने पर उनके सम्बंधित फर्म आनन्द रेस्टोरेंट को सीलबंद करने की कड़ी कार्यवाही की गई है। बकायदार पर सीलबंद की कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी। सीलबंद की कार्यवाही के अभियान में जोन 10 के जोन सहायक राजस्व अधिकारी महादेव रक्सेल और जोन 10 राजस्व विभाग के अन्य सम्बंधित कर्मचारियों की उपस्थिति रही। नगर निगम जोन 10 के सहायक राजस्व अधिकारी महादेव रक्सेल ने जोन 10 के क्षेत्र के अंतर्गत डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नम्बर 52 के तहत व्हीआईपी मार्ग अमलीडीह में दी लीविंग रूम एंड ग्रीन कैफे की संचालिका सम्पतिकर बकायादार ज्योति केशवानी को डिमांड बिल/नोटिस जारी कर अगले तीन दिनों के भीतर अपनी प्रापर्टी आईडी को अपडेट करवाकर सम्पतिकर का भुगतान रायपुर नगर निगम के जोन 10 राजस्व विभाग की शाखा में सम्पर्क करके करना सुनिश्चित करने की कड़ी हिदायत नियमानुसार प्रक्रिया के अंतर्गत दी है, अन्यथा की स्थिति में वार्षिक भाड़ा मूल्य का निर्धारण कर बिल जनरेट करने की चेतावनी सम्बंधित सम्पतिकर बकायादार को दी है।

# इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 8 से 16 मार्च तक : कलेक्टर डॉ. सिंह ने किया क्रिकेट मैच आयोजन स्थल का निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में 8, 10, 11, 12, 13, 14 और 16 मार्च को आयोजित होने वाले 'इंटरनेशनल मास्टर्स लीग' क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारियों का कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह और एसएसपी डॉ लाल उम्मेद सिंह ने निरीक्षण किया। उन्होंने आयोजन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप, एडीएम देवेंद्र पटेल, एसडीएम पुष्पेंद्र शर्मा, कार्यपालन अभियंता प्रभास सक्सेना, आरटीओ आशीष देवांगन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। इस टूर्नामेंट में क्रिकेट के कई दिग्गज खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें सचिन तेंदुलकर, ब्रायन लारा, संगकारा, इयान मॉर्गन, जोक कालिस, जॉन्टी रोड्स, शेन वाटसन, युवराज सिंह, यूसुफ पठान, इरफान पठान और स्टुअर्ट बिन्नी जैसे बड़े नाम शामिल हैं। इन दिग्गजों के खेल को देखने के लिए दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है। कलेक्टर ने पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के साथ ही सीसीटीवी कैमरे, हाई मास्ट लाइट और मैदान में मौजूद अन्य उपकरण एवं सुविधाओं की स्थिति सही करने के निर्देश भी दिए ताकि दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। खिलाड़ियों और दर्शकों की सुरक्षा के लिए समुचित मेडिकल व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर ने पार्किंग क्षेत्र में भी हेल्थ स्टॉल और एंबुलेंस की व्यवस्था के निर्देश दिए, ताकि आपात स्थिति में तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सके।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403